दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — दर्शक मुझे काम से जानते हैं, नाम से...
4 अभिव्यक्ति — दिल्ली में केजरीवाल की सफलता...
9 मनोरंजन/खेल — टाइगर के साथ कॉमेडी फिल्म में काम करना...
11 व्यापार — कोरोना से चीन की अर्थव्यवस्था को...

www.navpradesh.com
बिलासपुर, सोमवार 24 फरवरी, 2020 फाल्गुन शुक्ल पक्ष- प्रतिपदा, विक्रम संवत-2076 वर्ष-05 अंक-313 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

यूपी के सोनभद्र में सोने का विशाल भंडार मिलने की खबर से उत्तर प्रदेश के लोग खुशी से झुम कर गाने लगे थे- मेरे देश की धरती सोना उगले, उगले हीरे मोती, मेरे देश की धरती...। वहीं देशवासी भी गुनगुनाने लगे थे जहां डाल-डाल पर सोने की चिड़िया करती है बसेरा, वो भारत देश है मेरा... लेकिन सोनभद्र में नाम मात्र सोना मिलने की जानकारी सामने आते ही सबके सुनहरे सपने टूट गए। अब बेचारे मायूस होकर अपनी किस्मत को कोसते हुए गा रहे हैं- तकदीर का फसाना जाकर किसे सुनाए, इस दिल में जल रही है अरमान की चिताएं...।

प्रदेश में इस बार होली नए अंदाज में, होगी इकोफ्रेंड्ली

सुकांत राजपूत

- हर चौराहे जलेंगी देशी गाय के गोबर की लकड़ी वाली होलिका
- सीएम भूपेश बघेल की चार चिन्हारी से आई नई क्रांति, एक पहल

रायपुर। एक वक्त था जब सूबे की सत्ता बदली और लोगों को ठेट छत्तीसगढ़िया उपायों नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी ने चौंकाया। कई दिन तो इसे विरोधी भी आड़े हाथों लेते रहे और समर्थक भी मुंह बिचकाते अनजान बने रहे। लेकिन आज चार चिन्हारी महज खाड़ी से नहीं बाड़ी से तेल की तरह नाकाम नहीं होगी यह स्पष्ट हो गया है। चार चिन्हारी में एक अकेले गौठान कांसेप्ट ने ही रोजगार, पर्यावरण संरक्षण और ■ शेष पृष्ठ 8 पर

होली की पवित्रता रहेगी बरकरार

एक धारणा थी कि होली में सबकुछ डाल दो और जला दो। यह विचार भी नहीं होता था कि वो जिसे जलाऊ समझकर होलिका में कचरा, प्लास्टिक, रबर जलाते थे वो पर्यावरण और परंपरा के लिए कितना खतरनाक था। हालाकि उस वक्त लोगों के पास इकोफ्रेंडली होली व देशी गाय के गोबर की लकड़ियां तैयार करने का उद्देश्य व व्यवस्था भी नहीं थी। लेकिन इस बार होली की पवित्रता, परंपरा और पर्यावरण की रक्षा के साथ ही गौधन की सेवा का हमर गौठान के जरिए वो उद्देश्य पूरा होगा।

एक पहल से बचेंगे लाखों पेड़

एक पहल हमर गौठान कांसेप्ट लाने वाले रितेश अग्रवाल ने बाकायदा देशी गाय के गोबर और उसमें लकड़ी के बुरादों से एक बहुपयोगी इंधन का विकल्प तैयार किया है। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की गौठान योजना से ही कई तरह के उद्देश्य समाज, प्रदेश व जनता को मिल सकते हैं। इसे समझकर ही हमारी संस्था ने देशी गाय के गोबर से बनी लकड़ी तैयार कर अब तक हवन, फिर कई ग्रामीण इलाकों व शहरों में दाह संस्कार तक करवाया है। अब हर जगह और चौक-चौराहों में लाखों टन लकड़ियां व पेड़ों को आग के हवाले करने वालों को सस्ता विकल्प और पारंपरिक व पवित्र उपाय के तौर पर इसे दिया है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

रक्षा, सुरक्षा, व्यापार समेत कई मुद्दों पर पीएम मोदी के साथ होगी अमेरिकी राष्ट्रपति की समग्र वार्ता

अमेरिकी राष्ट्रपति के भारत दौरे से लिखेगी रिश्तों की नई इबारत

- आज अहमदाबाद में 22 किमी लंबा रोड शो करेंगे अमेरिकी राष्ट्रपति
- 25 को पत्नी संग करेंगे ताजमहल का दीदार
- पीएम मोदी बोले-ट्रम्प के साथ रहना हमारा सम्मान

अहमदाबाद/नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को भारत पहुंच रहे हैं। इस दौरान उनकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ रक्षा, सुरक्षा आतंकवाद, व्यापार समेत विभिन्न मुद्दों पर समग्र बातचीत होगी। लिहाजा ट्रंप की इस यात्रा से भारत-अमेरिका संबंधों के नई इबारत गढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर कहा कि कल (सोमवार को) ट्रंप के साथ रहना हमारे लिए सम्मान की बात है। बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप सोमवार को अहमदाबाद में 22 किमी लंबा रोड शो करेंगे। रोड शो के दौरान भारतीय संस्कृति व परंपरा की झलक दिखाई देगी। वे प्रधानमंत्री मोदी के साथ नमस्ते ट्रंप कार्यक्रम को भी संबोधित करेंगे। इस बीच सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक ■ शेष पृष्ठ 8 पर

फिलहाल पांच सहमति पत्रों पर चर्चा

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर कब हस्ताक्षर होंगे के सवाल पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने कहा, 'हम कोई कृत्रिम समय सीमा सृजित नहीं करना चाहते, क्योंकि ऐसे समझौतों का लाखों लोगों के जीवन पर प्रभाव पड़ता है। यह पूछे जाने पर कि ट्रंप की भारत यात्रा के दौरान कितने समझौतों पर दस्तखत होंगे, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि पांच सहमति-पत्रों पर अभी चर्चा चल रही है जिसमें एक बौद्धिक संपदा से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि मोदी-ट्रंप वार्ता में एच1बी वीजा से जुड़े विषय पर बातचीत हो सकती है।

कांग्रेस ने पीएम मोदी से किए सवाल

ट्रंप की भारत यात्रा से एक दिन पहले रविवार को कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पूछा कि क्या वह ट्रम्प के समक्ष एच-1बी वीजा, जीएसपी दर्जे की बहाली और तालिबान से जुड़े सुरक्षा मुद्दों को उठाएंगे? कांग्रेस के प्रमुख प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने पूछा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'पहले भारत' पर चुप क्यों है जबकि राष्ट्रपति ट्रम्प 'पहले अमेरिका' की बात कर रहे हैं। उन्होंने पूछा कि ईरान पर लगे प्रतिबंधों के मद्देनजर उससे तेल खरीदना बंद करने के बाद क्या मोदी भारत के लिए ■ शेष पृष्ठ 8 पर

ऐसा है ट्रंप का दौरा

- ट्रंप के साथ उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप और उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल सोमवार को दोपहर में अहमदाबाद पहुंचेगा।
- ट्रंप अहमदाबाद में जिस मार्ग से गुजरेंगे, वहां देश के विभिन्न हिस्सों की झलक दिखाने वाले 28 मंच तैयार किए जा रहे हैं, जिसे 'इंडिया रोड शो' कहा जा रहा है। यह रोड शो 22 किमी लंबा होगा।
- अहमदाबाद के नवनिर्मित मोटेरा स्टेडियम में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ 'नमस्ते ट्रंप' कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।
- ट्रंप के मार्ग में गांधी जी के जीवन को दर्शाते विभिन्न दृश्य भी होंगे।
- मोदी और ट्रंप मोटेरा स्टेडियम बड़ी संख्या में दर्शकों को संबोधित करेंगे, जिसमें देश की विविधता को दर्शाते भारत के विभिन्न हिस्सों के लोग शामिल होंगे।
- अहमदाबाद में कार्यक्रम के बाद ट्रंप अपनी पत्नी के साथ आगरा जाएंगे जहां वे ताजमहल में लगभग एक घंटा रुकेंगे। इसके बाद ट्रंप दिल्ली रवाना होंगे।
- इसके अगले दिन 25 फरवरी की सुबह ट्रंप और उनकी पत्नी का राष्ट्रपति भवन में रस्मी स्वागत किया जाएगा।
- वे महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करने राजघाट जाएंगे।
- इसके बाद हैदराबाद हाउस में मोदी और ट्रंप के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता होगी।

विस का बजट सत्र आज से, होगा एक माह का

महामहिम के अभिभाषण से सत्र का होगा आगाज

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। सोमवार 24 फरवरी से राज्य का बजट सत्र शुरु होगा। बजट सत्र की शुरुआत सुबह 11 बजे राज्यपाल के अभिभाषण से होगी। इसके बाद राज्यपाल के अभिभाषण पर कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव होगा। हालाकि छत्तीसगढ़ के बजट सत्र का शुभारंभ तो कल से हो जाएगा। लेकिन महीने के आखिरी दिन बजट पेश करेगी सरकार। इस बार बजट सत्र में करीब 2000 से ज्यादा सवाल लगे हैं। सदन में सर्वाधिक सवाल किसानों और शिक्षा विभाग के अलावा अन्य तीन-चार मलाईदार विभागों के सवाल भी बड़ी संख्या में लगे हैं। छत्तीसगढ़ शासन का वर्ष 2020-21 का बजट करीब 1 लाख 4 हजार रुपए का पेश किया जाएगा।

महीने के आखिरी दिन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राज्य का बजट पेश करेंगे। एक महीने से ज्यादा वक्त तक चलने वाले बजट सत्र का कल से शुभारंभ हो रहा है। राज्यपाल अनुसूईया उईके के अभिभाषण के साथ सत्र की शुरुआत होगी। पहले दिन दिवगंत सांसद-विधायकों को श्रद्धांजलि भी दी जायेगी। 1 अप्रैल तक ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बजट महीने के अंतिम दिन होगा पेश

- इस बार के सत्र में 2000 सवाल लगे
- 1 माह या फिर 43 दिन का होगा सत्र

किसान, शिक्षा, कानून के मुद्दे छाएंगे

1 लाख 4 हजार रुपए का होगा बजट

बजट का जो प्रारंभिक स्वरूप सामने आया है, उसके मुताबिक एक लाख 4 हजार रुपये का बजट पेश किया जायेगा। इस बार भी बजट में किसानों के लिए बड़ा प्रावधान किया जायेगा। किसानों को धान खरीदी की अंतर राशि का ऐलान भी बजट में किया जायेगा, माना जा रहा है कि इसके लिए राज्य सरकार करीब 5000 करोड़ का प्रावधान करने जा रही हैं। वहीं शिक्षा के लिए भी इस बार के बजट में काफी कुछ होगा। फिर चाहे शिक्षा की गुणवत्ता सुधराने, स्कूलों के कायाकल्प या फिर शिक्षकों के उत्थान की बात हो।

खास खबर

उद्धव ठाकरे का सात मार्च को सपत्नीक अयोध्या दौरा

लखनऊ ए.। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे अपनी सरकार के एक सौ दिन पूरा होने के बाद राम लला के दर्शन करने आगामी सात मार्च को अयोध्या आयेंगे। ठाकरे के साथ उनकी पत्नी रश्मि ठाकरे तथा महाराष्ट्र सरकार में मंत्री उनके बेटे आदित्य ठाकरे में होंगे। ठाकरे परिवार सहित हनुमानगढ़ी तथा अन्य मंदिरों में पूजा अर्चना करेंगे तथा संतों का आशीर्वाद लेंगे। ठाकरे पिछली बार लोकसभा का चुनाव जीतने के बाद 16 जून 2019 को अयोध्या आये थे । लोकसभा चुनाव में शिवसेना को 18 सीटें मिली थीं।

भीम आर्मी के भारत बंद का प. उप्र में मिला जुला असर

लखनऊ वार्ता। अनुसूचित जाति जनजाति को प्रोन्नति को आरक्षण नहीं देने के उचचतम न्यायालय के आदेश में भीम आर्मी के शनिवार को बुलाये भारत बंद का पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मिला जुला असर रहा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मुरादाबाद में कुछ दुकानें बंद रहीं । बंद में समान नागरिकता कानून और एनआरसी के विरोध को भी शामिल किया गया है।

रेलवे में नौकरी का झांसा देकर 300 लोगों से 8 करोड़ की ठगी

गाजियाबाद ए.। युवाओं को रेलवे में नौकरी के नाम पर एक गैंग द्वारा ठकने का मामला सामने आया है। गैंग पिछले 10 सालों में करीब 300 लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी कर चुकी है। गैंग की प्लानिंग इतनी जबर्दस्त थी कि किसी को शक होने का सवाल ही नहीं था। रेलवे का फर्जी फॉर्म, फर्जी मेडिकल लेटर, फर्जी अपॉइंटमेंट लेटर यहां तक कि फर्जी ट्रेनिंग तक दिलवाई गई।

सीएए, एनपीआर व एनआरसी का विरोध

जाफराबाद व चांदबाग में शाहीन बाग जैसा प्रदर्शन

- आधी रात को आंदोलन करने जुटीं महिलाएं

नई दिल्ली वार्ता। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए)के खिलाफ दिल्ली के शाहीन बाग की तर्ज पर जाफराबाद मेट्रो स्टेशन के पास शनिवार देर रात अचानक महिलाओं ने एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। सैकड़ों महिलाएं आधी रात को जाफराबाद मेट्रो स्टेशन के नीचे से गुजरने वाली सड़क पर बैठ गईं और सीएए, एनपीआर और एनआरसी के खिलाफनारेबाजी करने लगी। जाफराबाद के बाद चांदबाग में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

आंदोलनकारियों को बदनाम करने फैला रहे अफवाहें

एक सवाल के जवाब में आंदोलनकारी देवांगना ने कहा कि प्रदर्शन को पूरी तरह से स्थानीय महिलाओं ने शुरू किया है। पिंजरा तोड़ पर यहां की सड़क जाम करने का आरोप लगाना पूरी तरह बेबुनियाद है। उन्होंने कहा कि जहां जहां भी विरोध प्रदर्शन चल रहा है वहां के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

चीन: कोरोना से मरने वालों की संख्या 2400 के पार

बीजिंग वार्ता। चीन में खतरनाक कोरोना वायरस के प्रकोप से अबतक करीब 2440 लोगों की मौत हो गयी है और कुल 76,936 लोग इस वायरस की चपेट में आ चुके हैं। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने रविवार को कहा कि पिछले 24 घंटों के दौरान हुबेई प्रांत में कोरोना वायरस की चपेट में आकर सबसे अधिक 96 लोगों की मौत हुई है जबकि एक की मौत दूसरे प्रांत में हुयी है। उन्होंने बताया कि ताजा आकड़ों के अनुसार अबतक 22,888 लोग कोरोना वायरस से उबर गए है।

चने की आड़ में गांजे की खेती, गिरफ्तार

- मुंगेली के भटगांव स्थित खेत से पुलिस ने बरामद किए 85 पौधे

सुशील शुक्ला

मुंगेली। जिले में चने की खेती की आड़ में गांजा उगाने का मामला सामने आया है। रविवार को गुप्त सूचना के आधार कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भटगांव इलाके में एक व्यक्ति के चने के खेते में दबिश देते हुए वहां से गांजे के पौधे बरामद किए हैं। साथ ही इस मामले में एक युवक को गिरफ्तार भी कर लिया गया। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी आशीष अरोरा को मुखबीर से सूचना मिली थी कि भटगांव इलाके में एक शख्स ने अपने चने के खेत मे गांजा की फसल लगाई है। इसे गंभीरता से लेते हुए अरोरा ने टीम बनाकर चने के खेत में दबिश दी और खेत में लगे ■ शेष पृष्ठ 8 पर

जब्त पौधों की लंबाई करीब 4 फीट

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना प्रभारी आशीष अरोरा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। गांजा के जब्त पौधों की लंबाई करीब 4 फीट बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी को गांजा पीने की आदत है जिसके चलते वह काफी समय से गांजा उगाने के साथ ही इसे बेचने के धंधे में लिप्त था।

गरमा-गरम

मिसाल — दिल्ली में आम आदमी पार्टी के टिकट पर दूसरी बार जीते प्रवीण कुमार के पिता पीएन देशमुख भोपाल में टायर रिपेयरिंग की दुकान चलाते हैं

बेटा दूसरी बार बना एमएलए, पिता अब भी चला रहे पंक्चर की दुकान

भोपाल ए.। दिल्ली में भारी जनादेश पाकर दोबारा सत्ता में आई आम आदमी पार्टी अब फिर अपनी सरकार का कामकाज शुरू कर चुकी है। सत्ता के रेड कार्पेट कल्चर की तमाम कहानियों के बीच एक कहानी दिल्ली के एक ऐसे विधायक की भी है, जिसके पिता आज भी मध्य प्रदेश के शहर भोपाल में एक आम जिंदगी गुजार रहे हैं। दिल्ली के जंगपुरा से आम आदमी पार्टी के टिकट पर चुनाव जीते प्रवीन कुमार भले ही सियासत के माननीय बने हों, लेकिन उनके पिता पीएन देशमुख आज भी भोपाल में अपनी टायर रिपेयरिंग दुकान चलाकर परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं। बेटे की जीत पर गौरवान्वित देशमुख अपने बेटे की मेहनत को सलाम करते नहीं थकते। लेकिन वे हमेशा यह भी कहते हैं कि भले ही उनका बेटा कितना ■ शेष पृष्ठ 8 पर

विधायक प्रवीण कुमार

इसी दुकान की कमाई से आगे बढ़े बच्चे इसे छोड़ना अब संभव नहीं

भोपाल के बोगदा पुल इलाके में पंक्चर बनाने की दुकान चलाने वाले पीएन देशमुख कहते हैं कि उनका बेटे प्रवीण अक्सर उनसे दिल्ली आकर उनके साथ रहने के लिए कहते हैं। लेकिन परिवार के साथ रहने की ख्वाहिश पीएन देशमुख को भोपाल से जाने नहीं देती। वे कहते हैं, भोपाल की इसी टायर रिपेयरिंग दुकान की कमाई से ही मेरे बच्चे पढ़ लिखकर शिक्षित बने और इस मुकाम तक पहुंचे। ऐसे में उनके सफल होने के बाद इस दुकान को छोड़ना मेरे लिए संभव नहीं होगा।

युवाओं को विज्ञान से जोड़ने पीएम ने की इसरो की तारीफ

'मन की बात' में बोले पीएम

नई दिल्ली वार्ता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) क 'युविका' कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा है कि इससे आसानी से युवाओं को विज्ञान से जोड़ा जा सकता है। मोदी ने रविवार को अपने 'मन की बात' कार्यक्रम में कहा कि युवाओं को विज्ञान से जोड़ने के लिए 'युविका', इसरो का एक बहुत ही सराहनीय प्रयास है। वर्ष 2019 में यह कार्यक्रम स्कूली छात्रों के लिए शुरु किया गया था। 'युविका' का मतलब है- 'युवा विज्ञानी कार्यक्रम'। यह कार्यक्रम हमारे दृष्टि जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जय अनुसंधान के अनुरूप है।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में छात्र परीक्षा की छुट्टियों के बाद इसरो के अलग-अलग केन्द्रों में जाकर अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी , अंतरिक्ष विज्ञान और स्पेस एप्लीकेशंस के बारे में सीखते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस संबंध में झारखंड के धनबाद के पारस ने उनसे 'युविका' के बारे में युवाओं को जानकारी देने का आग्रह किया था ।

शाहीन बाग: 70 दिन बाद खुली सड़क कालिंदी कुंज से फरीदाबाद जाना आसान हुआ

- प्रदर्शन कर रहे लोग देश में सीएए कानून लाने का विरोध कर रहे हैं
- पिछले 4 दिन से लगातार वार्ताकार लोगों से बात कर रहे थे

नई दिल्ली। 70 दिन से धरनास्थल बने शाहीन बाग से शनिवार को अच्छी खबर आई। प्रदर्शनकारियों ने शाम को कालिंदी कुंज 9 नंबर की सड़क खोल दी। जानकार इसके पीछे सुप्रीम कोर्ट से नियुक्त वार्ताकारों की चार दिन की मेहनत को देख रहे हैं, जो रोज यहां पहुंचकर लोगों को समझा रहे थे। इस रोड के खुलने से बटला हाउस, जैतपुर, जामिया नगर और होली फैमिली अस्पताल से फरीदाबाद जाने वालों को फायदा होगा। कालिंदी कुंज रोड से होकर वाया पुश्ता रोड फरीदाबाद आसानी से पहुंच सकेंगे लेकिन फरीदाबाद से दिल्ली आने वालों की मुश्किलें जस की तस हैं।

प्रदर्शनकारियों ने जब 9 नंबर की सड़क के बैरिकेड हटाए तो पुलिस ने वहां पहुंचकर फिर बैरिकेड लगा दिए। बाद में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच बातचीत हुई और सहमति बनी। इसके बाद पुलिस ने बैरिकेड हटा दिए।

नोएडा के लिए अब भी मुश्किल

नोएडा जाने वालों के लिए भी मुश्किलें बरकरार हैं क्योंकि प्रदर्शनकारियों ने कालिंदी कुंज-नोएडा के रास्ते से बैरिकेड हटा दिए, लेकिन यूपी पुलिस ने अभी तक बैरिकेडिंग नहीं हटाई है।

'...तो हम आपकी मदद नहीं कर पाएंगे'

इससे पहले लगातार चौथे दिन शनिवार सुबह वार्ताकार रामचंद्रन यहां पहुंचीं और उन्होंने प्रदर्शनकारियों को रास्ता खोलने के लिए समझाया। प्रदर्शनकारियों ने वार्ताकार के सामने सात मांगें रखते हुए कहा कि जब तक सीएए वापस नहीं लिया जाता, तब तक रास्ते को खाली नहीं किया जाएगा। सुबह 10.30 बजे यहां पहुंचीं साधना रामचंद्रन ने कहा, 'यदि मार्ग नहीं खुला तो हम आपकी मदद नहीं कर पाएंगे। हम प्रदर्शन खत्म करने को नहीं कह रहे हैं।'

प्रदर्शनकारियों ने वार्ताकारों की अपील का खंडन कर दिया

उन्होंने कहा, 'मैं यहां सरकार की ओर से नहीं आई हूं। हम सुप्रीम कोर्ट से कहेंगे कि आपको सुरक्षा दी जाए। आपको एक पार्क दे दिया जाएगा, जहां पर आप प्रदर्शन को जारी रख सकते हैं।'

हालांकि, वार्ताकार की इस बात का सभी प्रदर्शनकारियों ने एक स्वर में खंडन कर दिया और उनके समाने सात मांगें रखीं। प्रदर्शनकारियों ने कहा, 'हमारी मांग है कि यदि आधी सड़क खुलती है तो सुरक्षा और ऐल्युमिनियम शीट चाहिए। साथ ही शाहीनबाग के लोगों और जामिया के विद्यार्थियों पर दर्ज किए गए मुकदमें वापस लिए जाने चाहिए।'

10वीं बोर्ड एग्जाम ने सिर से जुड़ी वीणा-वाणी को 16 साल बाद किया 'अलग'

हैदराबाद। 16 साल तक वह एक-दूसरे के साथ रहीं, 'दो जिस्म एक जान' की तरह जिंदगी आगे बढ़ रही थी। खाना-पीना, सोना और उठना-बैठना सब कुछ एक साथ होता था। लोगों की नजरें उन पर पड़तीं तो टिकी रह जातीं। फिर आ गया 10वीं का बोर्ड एग्जाम। इस बार दोनों को फैसला लेना था कि साथ रहें या अलग। आखिरकार दोनों ने अलग-अलग पेपर देने का निर्णय लिया। ये हैदराबाद की दो जुड़वां बच्चियों की दास्तां है।

तेलंगाना के शिक्षा विभाग ने सिर से जुड़ी जुड़वां बच्चियों वीणा और वाणी को सेकंडरी स्कूल सर्टिफिकेट (10वीं) की परीक्षा में अलग-अलग बैठने की इजाजत दे दी है। शुरुआत में अधिकारी इस बात को लेकर परेशान थे कि दोनों जुड़वां लड़कियों को एक मानें या अलग-अलग मानकर एग्जाम में शामिल होने की अनुमति दी जाए। दोनों सिर से एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं।

निर्भया के दोषी विनय ने फिर तिहाड़ में की खुद को नुकसान पहुंचाने की कोशिश

- इस बार उसने स्टैपल पिन निगलना चाहा, लेकिन जेल अथॉरिटीज ने उसे रोक लिया
- इससे पहले उसने जेल की दीवार पर अपना सर पटक लिया था

नई दिल्ली। निर्भया गैंग रेप और मर्डर के एक दोषी विनय शर्मा ने फिर से खुद को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की है। इस बार उसने स्टैपल पिन निगलने का प्रयास किया। हालांकि, जेल अधिकारियों की नजर उस पर थी और वे उसे ऐसा करने रोकने में कामयाब रहे। अधिकारी विनय को जेल हॉस्पिटल भी ले गए और उसका इलाज करवाया। याद रहे कि कुछ दिन पहले उसने दीवार पर सर मारकर खुद को चोटिल करने की कोशिश की थी।

जेल अथॉरिटीज ने शनिवार को विनय शर्मा और अक्षय ठाकुर के पारिवारिक सदस्यों को नोटिस भेजकर दोषियों से आखिरी मुलाकात के लिए आने को कहा। तिहाड़ सूत्रों ने बताया कि मुकेश सिंह और पवन गुप्ता की पारिवारिक सदस्यों की आखिरी मुलाकात बीते डेथ वॉरंट के वक्त 31 जनवरी को ही गई थी। एक सीनियर जेल अधिकारी ने बताया, %हमने अक्षय और विनय से पूछा कि वो किस दिन आखिरी मुलाकात करना चाहते हैं? इसके अलावा हर हफ्ते दो बार नियमित मुलाकात की सुविधा जारी है।

जेल अधिकारियों के मुताबिक, डेथ वॉरंट जारी होने के बाद से विनय का व्यवहार हिंसक हो गया है। जेल अथॉरिटीज ने टाइम्स ऑफ इंडिया से कहा कि जेल में विनय की शारीरिक और मानसिक हालत स्थिर है। एक अधिकारी ने कहा, दोषियों पर चौबीसों घंटे निगरानी रखी जा रही है और सीसीटीवी के जरिए उन पर अधिकारियों की भी नजर रहती है।

भोजन की मात्रा घटी

जेल सूत्रों ने कहा कि चारों दोषी मुकेश, अक्षय, विनय और पवन - खाना खा रहे हैं, हालाकि भोजन की मात्रा जरूर घटी है। हालांकि, 1 मार्च का नया डेथ वॉरंट जारी होने के बाद विनय के व्यवहार में बड़ा बदलाव देखा जा रहा है। पिछली बार दोषी के तीन या तीन से ज्यादा परिवारों को मिलने की अनुमति दी गई थी।

'हाईटेक बस तैयार, अति पिछड़ा शिकार', तेजस्वी की बेरोजगारी हटाओ यात्रा पर तंज

- बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले आरजेडी-जेडीयू में पोस्टर वॉर जारी
- आरजेडी पर निशाना साधते हुए पोस्टर में लिखा- अति पिछड़ा शिकार हुआ

पटना। बिहार में 5 साल बाद सबसे बड़े सियासी समर की स्क्रिप्ट लिखी जा रही है। इस राजनीतिक घमासान में सबसे बड़ा हथियार बना है पोस्टर। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेजस्वी यादव पटना में बेरोजगारी हटाओ यात्रा का काफिला तैयार कर रहे हैं। इस यात्रा से ठीक पहले पोस्टर के जरिए आरजेडी और लालू फैमिली पर तंज कसा गया है।

पटना की सड़कों पर आरजेडी की बेरोजगारी हटाओ यात्रा को निशाना बनाते हुए पोस्टर लगाए गए हैं। इस पोस्टर में लालू यादव बस की ड्राइविंग सीट पर बैठे हुए हैं, जबकि उनके छोटे बेटे और पूर्व डेप्युटी सीएम तेजस्वी यादव को हाथ हिलाते दिखाया गया है। बस पर आर्थिक उगाही यात्रा लिखा है और पोस्टर के सबसे ऊपर लिखा गया है, %हाईटेक बस तैयार हुआ, अति पिछड़ा शिकार हुआ।% बता दें कि बिहार वेटनरी कॉलेज ग्राउंड से तेजस्वी बेरोजगारी यात्रा निकालने जा रहे हैं।

आम तौर पर बिहार में यादव समुदाय का एक बड़ा हिस्सा लालू यादव का समर्थक माना जाता है और चुनाव में खुलकर आरजेडी के लिए वोट करता है।

अति पिछड़ी जातियों के पास सत्ता की चाबी!

माना जा रहा है कि जेडीयू समर्थकों की तरफ से ये पोस्टर चस्पा किए गए हैं। पोस्टर में अति पिछड़ा को शिकार बताते हुए आरजेडी पर हमला बोला गया है। बिहार में इस इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं। राज्य में अति पिछड़ी जातियों को किंगमेकर के रूप में देखा जाता है। एक अनुमान है कि बिहार में अति पिछड़ी जातियों की तादाद कुल वोटर्स का 25 फीसदी है। इनमें लुहार, बढ़ई, कुम्हार, सुनार, केवट और कहार जैसी जातियां शामिल हैं।

सिर काटकर फुटबॉल खेलता था चंदन तस्कर वीरप्पन, बेटी विद्या रानी ने जॉइन की बीजेपी

- खूंखार चंदन तस्कर वीरप्पन की बेटी ने थामा भारतीय जनता पार्टी का दामन
- बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव मुरलीधर राव ने विद्यारानी को दिलाई पार्टी की सदस्यता

कृष्णनगर। तमिलनाडु में खूंखार चंदन तस्कर वीरप्पन की कहानियां आज भी जिंदा हैं। वह गजराज यानी हाथी को सिर के बीचोंबीच गोली मारकर ढेर कर देता था। कई किस्सों में एक जिक्र ऑफिसर पी श्रीनिवास का भी है। कहा जाता है कि वीरप्पन ने पहले अधिकारी का सिर काटा, फिर अपने साथियों के साथ मिलकर उससे फुटबॉल खेली। वीरप्पन के साथ दहशत की कई इबारतें लिखी हैं। 18 अक्टूबर 2004 को मौत के घाट उतारे जा चुके वीरप्पन की बेटी विद्या रानी पेशे से वकील हैं। उन्होंने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के राष्ट्रीय महासचिव मुरलीधर राव की मौजूदगी में पार्टी का दामन थाम लिया।

इस दौरान विद्यारानी के साथ हजारों समर्थक भी बीजेपी में शामिल हुए। बता दें कि शनिवार को कृष्णनगर में बीजेपी का एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री पॉन राधाकृष्णन भी मौजूद थे।

विद्यारानी बोलीं- पिता का रास्ता गलत था लेकिन...

राव से पार्टी का पहचान पत्र मिलने के बाद विद्यारानी ने कहा कि वह जरूरतमंद लोगों के लिए काम करेंगी। उन्होंने कहा, 'मेरे पिता के रास्ते जरूर गलत थे लेकिन उन्होंने हमेशा गरीबों के बारे में ही सोचा।'

'CAA पर स्टालिन को चुनौती'

तमिलनाडु बीजेपी के प्रभारी राव ने कहा कि यदि डीएमके चीफ एमके स्टालिन यह साबित कर देते हैं कि नागरिकता संशोधन कानून (CAA) भारतीय मुसलमानों के खिलाफ है तो वह राजनीति छोड़ देंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में गलत जानकारी फैलाकर स्टालिन अपनी सस्ती राजनीति जारी नहीं रख सकते हैं।

कार्रवाई | पिछले साल सेनेगल में गिरफ्तारी के बाद पुजारी को जमानत मिल गई थी और इसके बाद वह लापता हो गया था

200 केस, कई मर्डर... गैंगस्टर रवि पुजारी दक्षिण अफ्रीका में फिर अरेस्ट

मुंबई। गैंगस्टर रवि पुजारी को एक बार फिर से दक्षिण अफ्रीका में गिरफ्तार कर लिया गया है। पिछले साल सेनेगल में गिरफ्तारी के बाद पुजारी को जमानत मिल गई थी और इसके बाद वह लापता हो गया था। सूत्रों का कहना है कि साउथ अफ्रीका के एक सुदूर गांव में सेनेगेल के अफसर, भारत के रिसर्च ऐंड अनैलेसिस विंग (रॉ) और मेंगलुरु पुलिस के जॉइंट ऑपरेशन में शनिवार को दबोचा गया।

ताजा गिरफ्तारी के बाद अब भारतीय अधिकारी इसको स्वदेश लाने की कोशिश में जुट गए हैं और इसके लिए औपचारिक कार्रवाई की जा रही है। माना जा रहा है कि साउथ अफ्रीका से उसे भारत डिपोर्ट किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि यदि सबकुछ ठीक करहा तो रवि पुजारी को रविवार या सोमवार सुबह भारत लाया जाएगा।

प्रत्यर्पण की राह में एक मुश्किल यह है कि पुजारी वहां एंथनी फर्नांडिस नाम से रह रहा है और उसने दावा किया था वह बुर्किना फासो (दक्षिण अफ्रीका का छोटा सा मुल्क) का निवासी है। हालांकि, भारतीय अधिकारी उसे भारत लाने की पूरी कोशिश में जुटे हैं।

इंटरपोल ने भी जारी किया था रेड कॉर्नर नोटिस

हालांकि, अभी यह साफ नहीं है कि उसे मुंबई, मेंगलुरु या नई दिल्ली लाया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी की सेनेगल अधिकारियों के साथ इस संबंध में बातचीत चल रही है। पुजारी के खिलाफ इंटरपोल ने रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया था। उसके खिलाफ बॉलिवुड स्टार्स और कई नामचीन कारोबारियों को उगाही के लिए धमकाने सहित करीब 200 केस दर्ज है।

बेटी इवांका को भारत साथ ला रहे हैं डोनाल्ड ट्रंप, क्लिंटन-चेल्सिया दौरे की आई याद

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप 24 फरवरी को भारत दौरे पर पहुंच रहे हैं। उनकी यह यात्रा अमेरिकी के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की यात्रा की याद दिलाता है जब वह अपनी बेटी चेल्सिया के साथ आए थे। ट्रंप भी ठीक उसी तरह अपनी बेटी इवांका को साथ ला रहे हैं...

बेटी चेल्सिया को लेकर भारत दौरे पर आए थे बिल क्लिंटन

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन मार्च 2000 में भारत दौरे पर आए थे। उनका दौरा काफी चर्चा में रहा था। राष्ट्रपति यूं तो अपनी पत्नी के साथ विदेश दौरा करते देखे जाते हैं, लेकिन उनके दौरे पर सिर्फ उनकी बेटी चेल्सिया उनके साथ पहुंची थीं। तत्कालीन पीएम अटल बिहारी वाजपेयी ने उनका संसद भवन में स्वागत किया गया था। वहीं, राष्ट्रपति भवन में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया था।

पत्नी इवांका, बेटी मेलानिया के साथ आएंगे ट्रंप

ट्रंप 24 फरवरी को भारत दौरे पर आएंगे। उनका यह दौरा क्लिंटन के भारत दौरे की याद दिलाता है, क्योंकि उनकी तरह ट्रंप भी अपनी बेटी इवांका के साथ आ रहे हैं।

क्लिंटन, चेल्सिया की तरह ट्रंप भी करेंगे ताज का दीदार

बिल क्लिंटन ने अपने दौरे पर बेटी के साथ ताज का दीदार किया था। वहीं, ट्रंप के बारे में कहा जा रहा है कि वह अहमदाबाद से दिल्ली आने के क्रम में ताज देखने जा सकते हैं।
24

'नमस्ते ट्रंप' में साथ होंगे बेटी और दामाद भी

राष्ट्रपति ट्रंप सबसे पहले गुजरात की राजधानी अहमदाबाद में कदम रखेंगे जहां वह रोड शो करते हुए मोटेरा स्टेडियम पहुंचेंगे। वह वहां नमस्ते ट्रंप इवेंट को संबोधित करेंगे जिस दौरान उनकी बेटी इवांका और दामाद जेरेड कुश्नर भी साथ होंगे। वे अगले दिन दिल्ली पहुंचेंगे जहां राष्ट्रपति ट्रंप, पीएम नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। पीएम मोदी उनके लिए लंच और राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद उनके लिए डिनर की मेजबानी करेंगे

चेल्सिया ने जोधपुर में मनाई थी होली

बिल और चेल्सिया ने जब भारत दौरा किया था तब होली का त्योहार था। चेल्सिया ने जोधपुर में होली मनाई थी

बिल ने जयपुर के एक गांव पहुंच पंचायती सिस्टम के बारे में जाना

बिल अपने दौरे पर जयपुर के एक गांव नायला पहुंचे थे और पंचायती सिस्टम के बारे में जानकारी हासिल की थी। पिता-बेटी की जोड़ी दिल्ली में राजघाट भी गई थी और बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की थी।

न्यूज गैलरी

कंपनी में गर्म डस्ट की चपेट में आने से 4 मजदूर झुलसे

रायपुर। कंपनी में काम करते समय चार मजदूर गर्म डस्ट गिरने से बुरी तरह झुलस गये। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने कंपनी प्रबंधक के खिलाफ बिना सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराये बिना काम कराने के जुर्म में अपराध दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार रामेश्वर नगर भनपुरी खमतराई निवासी नारायण तिवारी 34 वर्ष ने धरसींवा थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 20 फरवरी को वंदना ग्लोबल फैक्ट्री सिलतरा में प्रार्थी एवं तीन अन्य मजदूरों के उपर गर्म डस्ट गिर जाने से हाथ एवं गाल जल गया वहीं वेल्डर हरीश चंद्र नागवंशी बुरी तरह से झुलस गया है। कंपनी में काम करवाते वक्त प्रबंधक द्वारा कोई सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध नहीं कराया गया था जिसके चलते मजदूर काम करते वक्त गर्म राख की चपेट में आने से झुलस गये। इलाज के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है।

लिफ्ट के बहाने बाइक सवार के बैग से सामान पार

रायपुर। लिफ्ट के बहाने मोटरसाइकिल से जा रहे युवक के बैग से कैमरा का लेंस चोरी कर लिया घटना की रिपोर्ट आजाद चौक थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा निवासी अमित साहू ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी 15 फरवरी को मोटरसाइकिल से बैग में कैमरा का लैंस लेकर घर जाते समय स्टेशन रोड गुरुद्वारा के पास एक युवक को लिफ्ट दिया था। मेजबान होटल आमापारा के पास युवक मोटरसाइकिल से उतर गया। घर जाने पर दूसरे दिन बैग चेक करने पर कैमरा का लैंस सोनी कंपनी का एक नग कीमत 10 हजार रुपये नहीं था, प्रार्थी को आशंका है कि लिफ्ट के बहाने आरोपी युवक ने प्रार्थी से कैमरा का लैंस चोरी करके फरार हो गया।

वाहन का शीशा तोड़ा, मामला दर्ज

रायपुर। घर के सामने खड़ी टाटा एस वाहन में तोड़फोड़ करने पर मना किया तो प्रार्थी व उसके बुआ के साथ गाली गलौज कर मारपीट किये जाने की रिपोर्ट टिकरापारा थाने में दर्ज की गई है। मठपुरैना टिकरापारा निवासी कामताप्रसाद निर्मलकर 25 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि शनिवार को मठपुरैना टिकरापारा में प्रार्थी अपने घर के सामने टाटा एस वाहन को खड़ा किया था जिसे महेश्वर निर्मलकर व मिथलेस निर्मलकर ने वाहन का शीशा तोड़ दिया।

दर्शक मुझे काम से जानते हैं, नाम से नहीं

छत्तीसगढ़ी फिल्म भूलन कांदा में भी किया काम : राजेन्द्र गुप्ता

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। दर्शक मुझे काम से जानते हैं, नाम से नहीं। भाषण देने की कला मुझे नहीं आती। यह कला ईश्वर ने नेताओं को दी है। हमारे पास कुछ नहीं है, कुछ इच्छाएं ऐसी होती हैं जो हमें चलाकर हमें अपने लक्ष्य तक ले जाती हैं। और कुछ यात्रा समय करवाता है। हम वही होते हैं जो हमारे जड़ें होती हैं। इंसान अपनी कोशिश और लगन से लगातार मेहनत कर अपने मुकाम को हासिल करता है। उक्ताशय के विचार सुविख्यात फिल्म अभिनेता राजेन्द्र गुप्ता ने राष्ट्रीय पुस्तक मेला में संयोजक सुभाष मिश्रा के आमंत्रण पर रायपुर प्रवास पर पहुंचकर प्रेसक्लब रायपुर में आयोजित रूबरू कार्यक्रम में व्यक्त किए। ज्ञातव्य है कि राजेन्द्र गुप्ता ने अपने पहले सीरियल इंतजार से टीवी की दुनिया में कदम रखा

था। उसके पास उन्होंने कबीर में नीना गुप्ता, अन्नु कपूर के साथ, एक कहानी, रजनी, कथासागर, चन्द्रकांता जैसे प्रसिद्ध सीरियलों में काम कर अपने अभिनय की छाप दर्शकों के दिलों पर छोड़ी। राजेन्द्र गुप्ता ने छत्तीसगढ़ी फिल्म भूलन कांदा में प्रभावी भूमिका निभाकर छत्तीसगढ़ी संस्कृति के प्रति रूचि जाहिर कर आमंत्रण मिलने पर अन्य फिल्मों में भी काम करने की इच्छा व्यक्त की।

स्कूल कालेज से ही नाटकों में काम करने का था शौक

गुप्ता से रूबरू कार्यक्रम में अभिनय यात्रा के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि स्कूल कालेज के समय से ही उन्हें नाटकों में कार्य करने का शौक था। जो धीरे-धीरे उनके अभिनय यात्रा का प्रमुख हिस्सा बना। गुप्ता ने बताया कि एक दौर दूरदर्शन का था जब रामायण, महाभारत, हम लोग, बुनियाद, कथा सागर, सर्कस जैसे सीरियलों के माध्यम से लोग टीवी में दिखाए जा रहे कार्यक्रमों का मजा लेते थे। हालात ऐसे थे कि दर्शक महाभारत और रामायण सीरियल देखने के दौरान सड़कें सूनी हो जाती थीं। उस दौर में दूरदर्शन में दिखाए जा रहे सीरियल दर्शकों के मनोरंजन का सशक्त माध्यम थे। रूबरू में राजेन्द्र गुप्ता ने बताया कि थियेटर और फिल्मों में काम करने का तरीका अलग होता है। फिल्मों का फिल्मांकन थियेटर की दूनिया से एकदम अलग विधा है। मुंबई में राजेन्द्र गुप्ता ने शेखर सेन के सहयोग से चौपाल नामक संस्था का गठन किया जिसमें नाटकों और फिल्मों के संबंध में गत 22 वर्षों से संगोष्ठी का दौर जारी है। उन्होंने बताया कि 1985 में उन्होंने मुंबई पहुंचकर बालीवुड की दूनिया में कदम रखा जहां पर काम के लिए उन्हें कड़े संघर्ष से होकर गुजरना पड़ा। कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय हरियाणा से ग्रेजुएट राजेन्द्र गुप्ता ने दिल्ली में स्वतंत्र कार्य करने के दौरान इंदौर, उज्जैन सहित अनेक बड़े शहरों में अपने प्रभावी नाटकों के माध्यम से दर्शकों के दिलों में विशेष स्थान बनाया है। एनएसडी (राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय) से प्रशिक्षित राजेन्द्र गुप्ता के कई सीरियल देश-विदेश में भी रूचि के साथ दर्शकों द्वारा देखे जाते हैं। कार्यक्रम के शुभारंभ में प्रेसक्लब के अध्यक्ष दामू आम्बेडारे सहित विभिन्न पत्रकारों एवं छायाकारों ने गुप्ता का पुष्पहार से स्वागत किया। परंपरा अनुसार उन्हें प्रेसक्लब ने प्रतीक चिन्ह भेंटकर उनकी अभिनय यात्रा निष्कंटक जारी रखने के लिए शुभकामनाएं दीं।

गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि के विरोध में प्रदेश महिला कांग्रेस ने भरी हुंकार

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। रसोई गैस सिलेण्डर के दामों में वृद्धि के विरोध में रविवार को छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस द्वारा राज्य स्तरीय विरोध-प्रदर्शन किया गया। इसी क्रम में राजधानी के राजीव गांधी प्रतिमा स्थली (पुराना फायर ब्रिगेड चौक) में महिला कांग्रेस अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम के नेतृत्व में जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया जा रहा है।

महिला कांग्रेस अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम ने कहा कि केन्द्र में बैठी मोदी सरकार की कथनी और करनी में फर्क ह। श्री मोदी नारा देते थे बहुत हुई महंगाई की मार अ बकी बार मोदी सरकार। लेकिन अब जनता जान गई है कि भाजपा

ने झूठे वादों और नारों से जनता को ठगा है और उनका विश्वास तोड़ा है। नरेन्द्र मोदी सरकार ने उज्ज्वला योजना की शुरूआत करते हुए कहा कि अब महिलाओं की आंखों में आंसू नहीं आने देंगे। आज गरीब तबके की महिलाएं सिलेंडर को दोबारा रिफलिंग नहीं करवा पा रही हैं, जिससे दोबारा सिगड़ी और चूल्हा जलाने को मजबूत हो गई है। केन्द्र में बैठी मोदी सरकार ने यदि गैस सिलेण्डरों के दामों में कमी नहीं की तो महिला कांग्रेस इससे भी बड़ा आंदोलन और विरोध-प्रदर्शन करने को बाध्य होगी।

लोकवाणी : महिलाओं को बराबरी के अवसर विषय पर होगी बात

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी की 8वीं कड़ी का प्रसारण आगामी 8 मार्च को होगा। लोकवाणी का प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्रों, एफएम. रेडियो और क्षेत्रीय न्यूज चैनलों से सुबह 10.30 से 10.55 बजे तक होगा। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल लोकवाणी में इस बार 'महिलाओं को बराबरी के अवसर' विषय पर प्रदेशवासियों से बात करेंगे। इस संबंध में कोई भी व्यक्ति आकाशवाणी रायपुर के दूरभाष नम्बर 0771-2430501, 2430502, 2430503 पर 26, 27 एवं 28 फरवरी को अपरान्ह 3 से 4 बजे के बीच फ ोन करके अपने सवाल रिकार्ड करा सकते हैं।

हूनर हाट का प्रयोग छत्तीसगढ़ लिए काफी उपयोगी : बजाज

- पीएम मोदी के मन की बात को श्रोताओं ने सराहा
- युवाओं एवं नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी रही

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ रेडियो श्रोता संघ के अध्यक्ष अशोक बजाज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात की 62 वीं कड़ी का प्रसारण युवाओं एवं नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी रही. उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने युवाओं को विज्ञान एवं रोजगार से जोड़ने की सर्वोत्तम युक्ति बताकर युवा वर्ग में नई ऊर्जा का संचार किया है।

श्री बजाज ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जिस हूनर हाट का जिक्र मन की बात में किया है वह काफी प्रसंशनीय है तथा इस प्रकार का प्रयोग छत्तीसगढ़ जैसे राज्य के लिए काफी उपयोगी है. श्री बजाज ने कहा कि छत्तीसगढ़ के रेडियो श्रोता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को बड़े चाव से सुनते हैं तथा प्रेरणा लेते है।

मारूति सुजुकी इंडिया एवं एल.आई.सी. ऑफ इंण्डिया के लिए आज प्लेसमेंट कैम्प

रायपुर। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 24 फरवरी सोमवार को रोजगार कार्यालय, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, रायपुर में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प आयोजित है। प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के लिए ई.डी.पी. सर्विसेस, गुरूग्राम (हरियाणा) द्वारा ट्रेनी सुपरवाईजर के 120 पदों पर, न्यूनतम 10वीं पास योग्य आवेदक, जिनकी आयु 18 से 20 वर्ष के मध्य हो कि भर्ती की जावेगी। चयनित आवेदकों को प्रशिक्षण अवधि के प्रथम माह से ही रू. 12528/- . 1500/- बोनस एवं अन्य सुविधाएं (निःशुल्क भोजन व्यवस्था) प्राप्त होंगी। इसी तरह भारतीय जीवन बीमा निगम के रायपुर कार्यालय द्वारा एलआईसी. एजेन्ट के 10 पदों पर भर्तियां भी की जावेगी।

धरना...

रायपुर(नवप्रदेश)। बुढ़ा तालाब धरना स्थल में ओल्ड पेंशनर संघ के सदस्यों ने रविवार को धरना दिया।

16 अप्रैल से कबीरधाम में थल सेना भर्ती रैली

रायपुर (नवप्रदेश)। भारतीय थल सेना में छत्तीसगढ़ राज्य के युवा आगामी 16 अप्रैल से कबीरधाम (कवर्धा) के आउटडोर स्टेडियम में 8 विभिन्न पदों के लिए के लिए प्रारम्भ हो रहे भर्ती रैली में शामिल हो सकेंगे। इस भर्ती रैली के लिए आनलाईन आवेदन भरने का कार्य 16 फरवरी से प्रारम्भ हो गया है। आवेदन भरने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2020 है। भारतीय थल सेना के वेबसाईट के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन भरा जा सकता है। जिला रोजगार कार्यालय रायपुर में इसके लिए हेल्प डेस्क भी बनाया गया है। युवा यहां अपना आवेदन ऑनलाईन निःशुल्क भर सकते है। उल्लेखनीय है कि ऑनलाईन आवेदन के बाद युवा 1 अप्रैल 2020 के बाद इसी वेबसाइट पर अपना ई-मेल पर लॉगइन करके प्रवेश पत्र, भरती की तारीख और रैली स्थान के विवरण की जानकारी एवं प्रिंटआउट ले सकते है। इस संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी सेना भर्ती कार्यालय रायपुर दूरभाष क्रमांक- 0771-2575212 या मुख्यालय भर्ती कार्यालय कम्प्यूटर पूछताछ दूरभाष- 0761-2600242 से संपर्क किया जा सकता है।

अफसरों से बोले कमिश्नर भू-अभिलेखों को सटीक, स्पष्ट और त्रुटिरहित बनाएं

राजस्व अधिकारियों-कर्मचारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। कमिश्नर रायपुर संभाग जी. आर चुरेन्द्र ने रविवार सुबह जिला रेडक्रॉस सोसायटी, के सभाकक्ष में रायपुर संभाग के सभी पांच जिलों के राजस्व अधिकारियों-कर्मचारियों के एक दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी और कहा कि वर्तमान समय में परम्परागत भू -अभिलेख के साथ कम्प्यूटर आधारित भू-अभिलेख का संधारण करना भी अनिवार्य है। राजस्व अधिकारियों को चाहिए कि वे भू-अभिलेखों को सटीकता, स्पष्टता और त्रुटिरहित बनाये। इससे न केवल भू-अभिलेख प्रबंधन में सहुलियत मिलेगी बल्कि नागरिकों को अनावश्यक होने वाले समस्याओं

से निजात मिलेगी।

कमिश्नर ने राजस्व अधिकारियों-कर्मचारियों से कहा कि वे अपने कार्यालयों को स्मार्ट कार्यालय बनाने के लिए चरणबध्द रूप से कार्य करें। इसी तरह कर्मचारियों -अधिकारियों को प्रशिक्षण देकर क्षमता और कौशल विकास का कार्य सुनिश्चित करें। राजस्व अधिकारी-कर्मचारी शासकीय कार्यों के अलावा सामाजिक सारोकारों से भी जुड़ें और अपने महत्वपूर्ण कार्यों तथा कर्मठता से प्रदेश और देश को आगे बढ़ाने में योगदान दें।

कमिश्नर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी के माध्यम से जल संचयन, पशु संरक्षण एवं संवर्धन के साथ गांव और खेती-बाड़ी के आगे बढ़ाने का व्यापक प्रयास किया जा रहा है। खेती के उत्पादों के प्रंसकरण करने की जरूरत है। रबी एवं ग्रीष्म काल में धान के फसल के अपेक्षा दलहन, तिलहन लेने तथा सब्जी-भाजी को बढ़ावा देने की जरूरत है। ग्राम विकास समितियों के माध्यम से न केवल गांवों के सही दिशा में विकास करने की जरूरत है बल्कि श्रमदान को महत्व देने नशामुक्ति अभियान चलाकर घर और परिवार को बचाने और युवाओं को सही दिशा में रोजगार देने की जरूरत है। जल, जमीन, जंगल और खनिज प्रबंधन के लिए भी व्यापक प्रयास करने की जरूरत है।

उन्होंने आगामी वर्षा ऋतु के दौरान व्यापक वृक्षारोपण के लिए हर गांव एवं अनुविभाग के लिए प्लानिंग करने तथा वहां के नागरिकों की जरूरत, मांग और सहयोग के द्वारा वृक्षारोपण के कार्य को सफल बनाने पर बल दिया।

सामूहिक हत्याकांड की सीबीआई जांच हो, गैंगरेप के आरोपियों को फांसी की सजा मिले-डॉ. ममता साहू

- कल सायकल रैली निकालकर रायपुर पहुंचकर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को सौंपेंगे ज्ञापन

रायपुर (नवप्रदेश)। महिलाओं के लिए सहज व्यवहार कभी-कभी उनके लिए मुसीबत का कारण बन जाता है। सद्व्यवहारी महिलाओं के व्यवहार से दिग्भ्रमित होकर आपराधिक तत्व गलत हरकतों को अंजाम देकर प्रदेश में आपराधिक घटनाओं में वृद्धि कर रहे हैं।

ऐसा ही एक मामला आज प्रेसक्लब रायपुर में अखिल भारतीय तैलिक महासभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ महिला आयोग की पूर्व सदस्य डॉ. ममता साहू प्रेसक्लब लेकर पहुंचीं। उन्होंने बताया कि 30-31 मई 2018 की मध्यरात्रि को ग्राम किशनपुर विकासखंड पिथौरा जिला महासमुंद में स्वास्थ्य केन्द्र में कार्यरत योगमाया साहू, चेतन साहू एवं उनके मासूम बच्चों को संदिग्ध आरोपियों सुरेश खुंटे एवं अखंडा प्रधान सहित 6 लोगों ने सूने स्थान में ले जाकर गैंग रेप के बाद नृशंसतापूर्वक हत्या कर दी। पत्रकारवार्ता में सामाजिक कार्यकर्ता राजेश चौधरी एवं मृतका की मां तथा दामाद की मां (चेतन साहू) ने व्यथित होकर बताया कि उनकी पुत्री सहज व्यवहार के चलते सभी लोगों के दुख - सुख में काम आती थीं। आरोपियों की बहुत दिनों से मृतिका पर नजर थीं। उक्त मामले में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को भी ज्ञापन सौंपकर पीड़ितों ने न्याय की मांग की थी किंतु पुलिस प्रशासन द्वारा उक्त मामले में कोई कार्यवाही नहीं की है।

होली के लिए सजने लगे रंग-गुलाल के थोक बाजार

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। रंगों के त्योहार होली को अब महज पखवाड़े भर का समय शेष रह गया है। राजधानी के थोक बाजार में होली का बाजार सजना शुरू हो गया है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बाजार में तरह-तरह के रंग-गुलाल और पिचकारियों की नई श्रृंखला आ गई है। व्यापारी इस बार भी सचेत हैं और चाइना मेड रंग-गुलाल और पिचकारियां बेचने से बच रहे हैं।

राजधानी के थोक बाजार में होली की खुमारी अब चढ़नी शुरू हो रही है। शहर के मालवीय रोड, गोलबाजार, बंजारी मंदिर क्षेत्र स्थित थोक दुकानों में रंग-गुलाल और पिचकारियों की दुकानें सजनी शुरू हो गई है। शहर में रंग-गुलाल और पिचकारियों का व्यापार करने वाले व्यापारियों के अनुसार होली में महज 15 दिन का समय शेष रह गया है। ऐसे में फुटकर व्यापारियों के लिए यही सही समय होता है, जब वो खरीददारी कर सकें। हालांकि थोक में खरीददारी होली के सप्ताह भर पहले तक होती है। लेकिन अधिकांश फुटकर व्यापारी होली पर्व के 15 दिन पहले से ही खरीददारी शुरू करते हैं। लिहाजा फुटकर व्यापारियों के लिए थोक व्यापारियों ने मार्केट शुरू कर दिया है। हर बार की तरह इस बार भी होली सामग्रियों के थोक व्यापारी चाइना मेड पिचकारी और अन्य वस्तुएं रखने से परहेज कर रहे हैं। थोक व्यापारियों के अनुसार पिछले वर्ष भी अधिकांश व्यापारी चाइना मेड रंग-गुलाल और पिचकारियों के विक्रय से परहेज कर रहे थे, इस वर्ष भी यही ट्रेंड हैं। स्वदेशी रंग-गुलाल को सभी व्यापारी प्रोत्साहित कर रहे हैं। हर साल की तरह इस वर्ष भी हर्बल गुलाल की डिमांड बनी हुई है। इसके अलावा सेंटेट गुलाल, चूड़ी रंग के साथ ही अन्य रंगों की डिमांड फुटकर व्यापारी कर रहे हैं। इसी तरह पिचकारियों में भी इस वर्ष नई रेंज आई हुई है। पारंपरिक पंप पिचकारी के अलावा सिलेंडर पिचकारी और अन्य तरह की पिचकारियों की पूरी रेंज बाजार में उपलब्ध है।

संपादकीय

पाक को भारत का करारा जवाब

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का भारत आगमन होने जा रहा है। जिससे पड़ौसी देश पाकिस्तान बुरी तरह से बौखलाया हुआ है। डोनाल्ड ट्रंप ने भारत आगमन से पूर्व एक बार फिर पाकिस्तान को नसीहत दी है कि वह भारत के साथ द्विपक्षीय वार्ता के जरिए समस्या का समाधान करें और भारत के खिलाफ आतंकवादी कार्यवाई पर रोक लगाए। किन्तु पाकिस्तान पर किसी की नसीहतों का कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है। वह अपने नापाक इरादों से बाज आने के लिए कतई तैयार नहीं है। पाकिस्तान द्वारा लगातार संघर्ष विराम का उल्लंघन किया जा रहा है और नियंत्रण रेखा पर तनाव बढ़ाया जा रहा है। पाकिस्तान ने एक बार फिर कुपवाड़ा सेक्टर में सीजफायर का उल्लंघन करते हुए भारी गोलीबारी की और भारत के रिहासी इलाकों को निशाना बनाया। इसका भारत ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया और तीन पाकिस्तानी सैनिकों को जहन्नुम रसिद कर दिया जबकि दर्जन भर से ज्यादा पाकिस्तानी सैनिक भारत की जवाबी कार्रवाई के दौरान घायल हुए है। भारतीय सेना ने पाक अधिक्रत कश्मीर नीलम वैली में आधा दर्जन पाकिस्तानी चौकियों को भी तबाह कर दिया है। गौरतलब है कि पाकिस्तान ने पीओके में एक बार फिर आतंकवादी प्रशिक्षण शिविरों को आबाद कर लिया है और वहां सैकड़ों की संख्या में आतंकवादी भारत में घुसपैठ करने की फिराक में है। यही वजह है कि पाकिस्तान लगातार सीमा पर अकारण गोलाबारी कर भारतीय सेना का ध्यान बटाने की कोशिश कर रहा है। ताकि आतंकवादियों की भारत में घुसपैठ कराई जा सके और कश्मीर में फिर से अशांति फैलाई जा सके। पाकिस्तान की ऐसी किसी भी योजना को ध्वस्त करने के लिए भारतीय सेना तैयार है और पाक की हर नापाक हरकत का वह माकुल जवाब दे रही है। गौरतलब है कि पाकिस्तान डोनाल्ड ट्रंप के भारत प्रवास के दौरान कश्मीर में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने का मनसुबा पाले हुए है। किन्तु उसकी कोई भी चाल कामयाब नहीं हो पा रही है। इसके पहले की पाकिस्तान भारत के खिलाफ कोई बड़ी साजिश करें। भारत को चाहिए कि वह पाकिस्तान के खिलाफ एक और सर्जिकल स्ट्राईक कर उसे करारा सबक सिखाए। दरअसल पाकिस्तान भारत और अमेरिका के बीच मजबूत होते संबंधों से बुरी तरह से खार खाए बैठा है। यही वजह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत दौरे के दौरान वह भारत में गड़बड़ी करने की फिराक में है और इसके लिए वह हर तरह का पैंतरा अजमा सकता है। इसलिए भारत को पाकिस्तान के प्रति और अधिक सतर्कता बरतने की आवश्कता है। ताकि पाक के नापाक मंसूबों पर पानी फेरा जा सके।

दिल्ली में केजरीवाल की सफलता से ममता ने लिया सबक

बंगाल सरकार ने केंद्र विरोधी हमले को नर्म किया

आशीष विश्वास

> तापश पॉल कुछ समय से कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित थे। बिना किसी राजनीतिक पृष्ठभूमि के होने के बावजूद उन्हें टीएमसी विधायक बना दिया गया और कृष्णानगर से दो बार जीतकर लोकसभा सांसद बने। मुख्यमंत्री द्वारा उन्हें टीएमसी में शामिल किया गया था, जो चुनावों के लिए पार्टी टिकटों के वितरण में फिल्म कलाकारों के प्रति जुनून के लिए जाने जाती हैं। वह बंगाली सिनेमा में उत्तम कुमार के बाद के दौर में एक लोकप्रिय अभिनेता थे। हालांकि, वह अन्य टीएमसी सांसदों, एमएलएएस और मंत्रियों के साथ सारदा चिट फंड रैकेट में शामिल पाए गए। उन्हें अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया गया था। उनकी सबसे बड़ी गड़बड़ी तब हुई जब उन्होंने एक अत्यधिक विवादास्पद भाषण दिया।

दिल्ली चुनावों में केजरीवाल की शानदार जीत के बाद, ममता बनर्जी की अगुवाई वाली तृणमूल कांग्रेस ने केंद्र के साथ अपने व्यवहार में एक सामरिक बदलाव किया है। अब से, भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के विरोध की अपनी नीति को तृणमूल कांग्रेस सावधानी से लागू करेगी और उसकी कोशिश टकराव से हटकर नर्म रुख अपनाने की होगी। विशेष रूप से केंद्र-राज्य संबंधों के मामले में इस पर ज्यादा ध्यान दिया जाएगा। जाहिर है, ममता ने हालिया दिल्ली चुनाव के परिणाम से एक मूल्यवान सबक सीखा है।

अरविंद केजरीवाल का गरिमापूर्ण, निर्विवाद चुनाव अभियान उनके भाजपा विरोधियों की बेलगाम आक्रामकता से ठीक विपरीत था। कोई आश्चर्य नहीं कि राजनीतिक रूप से समझदार दिल्ली के मतदाताओं ने आम आदमी पार्टी (आप) को बड़े पैमाने पर समर्थन दिया।

जीत के बाद भी केजरीवाल का वह रुख कायम रहा। उन्होंने अपने शपथग्रहण समारोह में सरकारी पैसे से विपक्षी दलों का जमावड़ा नहीं खड़ा किया, बल्कि उसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आमंत्रित किया, हालांकि प्रधानमंत्री अन्य कार्यक्रम में व्यस्तता के कारण शपथग्रहण समारोह में शरीक नहीं हुए। उन्होंने अपने निर्णयों से स्पष्ट कर दिया कि उनकी प्राथमिकता आगे भी दिल्ली के लिए काम करने की है और उसके विकास की है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि केन्द्र सरकार का सहयोग विकास के लिए आवश्यक है।

बंगाल में अब जो हो रहा है उसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की जीत से के तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच युद्ध विराम की एक स्थिति बन गई है, जिसे साफ देखा जा सकता है। पहले राज्य के राज्यपाल श्री जगदीप धनखड़ को मुख्यमंत्री द्वारा बार-बार भाजपा एजेंट 'के रूप में निरूपित किया जाता था। लेकिन इस बार राज्यपाल ने बिना किसी वाधा के अपने भाषण पढ़ डाले। उन्होंने भी अपनी तरफ से उदारता दिखाई और कैबिनेट ने उनका भाषण जिस रूप से तैयार किया था, उसे

ज्यों का त्यों पढ़ दिया। हां, जब उनके भाषण के अंतिम मसौदे में जब अंमित समय कुछ बदलाव किया गया, तो उन्होंने उसमें संशोधन के कुछ सुझाव दे डाले।

श्री धनखड़ ने राजभवन में शिक्षा मंत्री, मुख्य सचिव, वित्त मंत्री, वित्त विभाग के अधिकारियों और अन्य लोगों के साथ कई बैठकों के दौरान कथित तौर पर मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उनसे फोन पर बात की। दोनों पक्षों ने अपनी अपनी बातों को सामने रखने में विशेष सावधानी बरती। टीएमसी के मुख्यमंत्री ने भाजपा द्वारा नियुक्त राज्यपाल का विनम्रता से स्वागत किया। उन्हें राज्य विधानसभा में विनम्रतापूर्वक भेंट करने किया गया! श्री धनखड़ ने एक बदलाव के लिए कुछ मीठा ट्वीट जारी करके जवाब दिया।

राज्यपाल की शान्तिनिकेतन, बोलपुर की यात्रा को आसान बनाने के लिए राज्यपाल को आधिकारिक हेलीकॉप्टर का उपयोग करने की अनुमति देकर ममता ने सदायशता के साथ जवाब दिया। पर्यवेक्षकों ने सहमति व्यक्त की कि यह वह अंतिम टीएमसी उपहार था 'जिसे राज्यपाल उम्मीद कर सकते थे। कई बार हेलीकॉप्टर के लिए उनके अनुरोध करने के बाद भी उन्हें पहले हेलिकॉप्टर नहीं दिया जाता था। हालांकि, अंतिम शब्द कहा जाना अभी बाकी है। बंगाल की मुख्यमंत्री की अप्रत्याशितता ने एक बार फिर एक नया मोड़ ला दिया है। मुंबई के एक अस्पताल में पूर्व टीएमसी सांसद और लोकप्रिय फिल्म अभिनेता श्री तापश पॉल (61) की दुखद मौत ने उन्हें केंद्र पर एक और हमला करने के लिए उकसाया।

तापश पॉल कुछ समय से कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित थे। बिना किसी राजनीतिक पृष्ठभूमि के होने के बावजूद उन्हें टीएमसी विधायक बना दिया गया और कृष्णानगर से दो बार जीतकर लोकसभा सांसद बने। मुख्यमंत्री द्वारा उन्हें टीएमसी में शामिल किया गया था, जो चुनावों के लिए पार्टी टिकटों के वितरण में फिल्म कलाकारों के प्रति जुनून के लिए जाने जाती हैं। वह बंगाली सिनेमा में उत्तम कुमार के बाद के दौर में एक लोकप्रिय अभिनेता थे।

हालांकि, वह अन्य टीएमसी सांसदों, एमएलएएस और मंत्रियों के साथ सारदा चिट फंड रैकेट में शामिल पाए गए। उन्हें अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया गया था। उनकी सबसे बड़ी गड़बड़ी तब हुई जब उन्होंने एक अत्यधिक विवादास्पद भाषण दिया। उन्होंने सीपीआई (एम) को चेतावनी दी थी कि लंपट तत्वों द्वारा वे अपनी महिलाओं के बलात्कार का सामना करने को तैयार रहें। इसके लिए उनकी सार्वभौमिक रूप से निंदा की गई। उन्होंने जमानत पर रिहा होने से पहले भुवनेश्वर जेल में लगभग 11 महीने बिताए।

बीच-बीच में उन्हें कई बार अस्पताल में भर्ती कराया गया क्योंकि उनका स्वास्थ्य खराब था। न केवल उन्हें ज्यादातर पार्टी नेताओं द्वारा नजरअंदाज कर दिया गया था, अन्य घोटाले-दागी टीएमसी साथियों के विपरीत, उन्हें 2019 के लोकसभा चुनावों के लिए कृष्णनगर से उम्मीदवार नहीं बनाया गया। भाजपा पर हमला करने में ममता ने हाल के इतिहास को फिर से दुहराया। उन्होंने जोर देकर कहा कि पॉल ने सारदा-प्रायोजित कंपनी के एक कार्यकारी के रूप में अपने वेतन के अलावा और कुछ नहीं किया। उन्होंने बताया कि बंदोपाध्याय को विदेश यात्रा के लिए हवाई टिकट खरीदने के कारण परेशान किया गया था। चूंकि स्थानीय प्रेस ने गिरफ्तारी से पहले दोनों आरोपों के बारे में विस्तार से रिपोर्ट की थी, जबकि उनके खिलाफअंतिम चार्जशीट की तैयारी चल रही थी। **(संवाद)**

विचार

ट्रंप की यात्रा सिर्फ नौटंकी नहीं

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस भारत-यात्रा से भारत को कितना लाभ हुआ, यह तो यात्रा के बाद ही पता चलेगा लेकिन ट्रंप ऐसे नेता हैं, जो अमेरिकी फायदे के लिए किसी भी देश को कितना ही निचोड़ सकते हैं। यह तथ्य उनकी ब्रिटेन, यूरोप तथा एशियाई देशों की विभिन्न यात्राओं में से अब तक उभरकर आया है। ट्रंप की खूबी यह है कि वे सारी राजनयिक नज़ाकतों को ताक पर रखकर खरी-खरी बोल पड़ते हैं। उन्होंने नरेंद्र मोदी से अपने संबंधों की घनिष्टता पर बार-बार जोर दिया है, उन्हें 'भारत का पिता' भी कह दिया है लेकिन आपसी व्यापार के मामले में उन्होंने भारत के व्यवहार पर काफी कडुवे शब्दों में आपत्ति भी जताई है। अमेरिका ने अभी-अभी भारत का विकासमान राष्ट्र का दर्जा भी खत्म कर दिया है, जिसका अर्थ यह है कि भारत को अपने माल पर मिलनेवाले अमेरिकी तटकर में भारी कटौती हो जाएगी। भारत ने भी जवाबी कार्रवाई कर दी है। इसीलिए शायद इस यात्रा के दौरान आपसी व्यापार का मामला नहीं सुलझ पाएगा लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि ट्रंप की यह यात्रा सिर्फ एक नौटंकी बनकर रह जाएगी। नौटंकी तो वह है ही। मोदी और ट्रंप इस मामले में गुरु-शिष्य हैं। ट्रंप का बार-बार यह कहना कि अहमदाबाद में उनके स्वागत में 50-70 लाख लोग आएंगे, कोरा मजाक है। शायद उन्होंने फोन पर बातचीत में हजार को लाख समझ लिया हो। जो भी हो, ट्रंप के लिए यही बहुत फायदेमंद है कि अमेरिका के 40 लाख भारतीय वोटरों को वे अपने चुनाव के लिए प्रभावित कर लेंगे। उनकी यात्रा के दौरान पांच समझौतों पर दस्तखत की तैयारी चल रही है। एक तो आतंकवाद विरोधी सहयोग, व्यापारिक सुविधाओं, बौद्धिक मालिकाना हक, भारत-प्रशांत क्षेत्र सहयोग तथा अंतरिक्ष और परमाणु सहयोग के समझौतों की घोषणा की तैयारियां चल रही हैं। चीनी वर्चस्व के विरुद्ध लड़ने में भी अमेरिका भारत को अपने साथ लेना चाहता है लेकिन अफगानिस्तान से अपना पिंड छुड़ाने में वह पाकिस्तान को गले लगाए बिना नहीं रह सकता। तालिबानी अफगानिस्तान से निपटने की कोई तैयारी भारत के पास अभी तक दिखाई नहीं पड़ रही है। ट्रंप से इस मामले में मोदी को खुलकर बात करनी चाहिए। भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता के ट्रंप के प्रस्ताव को औपचारिक तौर पर भारत नहीं मानेगा लेकिन ट्रंप चाहे तो वे अपनी इस सदिच्छा को अनौपचारिक रुप में कृतार्थ कर सकते हैं।

कर्नाटक के बीदर में सेडिशन कानून का भारी दुरुपयोग

बच्चों के मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन

एल. एस. हरदेनिया

> यह संपूर्ण घटनाक्रम संपूर्ण देश के लिए शर्मनाक है। घटनाक्रम इतना शर्मनाक है कि राज्य सरकार द्वारा गठित आयोग तक ने उसकी निंदा की है। निंदा का मुख्य कारण यह है कि जो कुछ हुआ वह न सिर्फदेश के कानून की भावना के खिलाफहै वरन् अंतर्राष्ट्रीय कानूनों और परंपराओं के भी खिलाफहै। यहां यह उल्लेखनीय है कि भारत ने बच्चों के अधिकार संबंधी दस्तावेज पर सन् 1992 में हस्ताक्षर किए थे। संयुक्त राष्ट्रसंघ ने सन् 1989 में इसे स्वीकार किया था। इस दस्तावेज के अनुसार जहां तक बच्चों के हितों का सवाल है हर मामले में उनके हितों की रक्षा की जानी चाहिए।

इस समय हमारे देश में देशद्रोह (सेडिशन) कानून का जबरदस्त दुरूपयोग हो रहा है। ऐसा ही एक मामला हाल में कर्नाटक में हुआ है। कर्नाटक के बीदर नामक नगर के एक स्कूल में एक नाटक खेला गया था। नाटक में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) की आलोचना की गई थी। इस मुद्दे को लेकर स्कूल और उसके शिक्षकों पर सेडिशन कानून जड़ दिया गया और कई शिक्षकों और छात्रों के अभिभावकों को गिरफ्तार कर लिया गया। जिन्हें गिरफ्तार किया गया उनमें 9 वर्ष की एक छात्रा की मां नजमुनीसा भी शामिल थी।

नजमुनीसा को सिर्फइसलिए गिरफ्तार किया गया क्योंकि उसकी 9 साल की बेटी ने नाटक में सीएए के खिलाफ कुछ बातें कहीं थीं। स्कूल की प्रधानाध्यापिका फरीदा बेगम भी गिरफ्तार की गईं। दोनों को 17 दिन बाद जेल से रिहा किया गया। इन 17 दिनों के दौरान इस बच्ची को अपनी मां से अलग रहना पड़ा। बच्ची के पिता नहीं हैं इसलिए उसका लालन-पालन उसकी मां ही करती है। नजमुनीसा अपनी बेटी के साथ एक किराए के मकान मे रहती है। इन सत्रह दिनों के दौरान यह बच्ची मकान मालिका के कमरे में सोती थी। बच्ची ने पत्रकारों को बताया कि इन सत्रह दिनों में वह एक भी रात सो नहीं पाई। ''मैं रात भर रोती रहती थी और सोचती रहती थी कि मेरी मां क्या कभी भी जेल से छूट पाएगी। जिस दिन मुझे पता लगा कि मेरी मां जेल से छूटने वाली है उस दिन मैं सोचती रही कि ज्योंहि मेरी मां बाहर आएगी मैं उसे गले लगाऊंगी और उसे खूब चूमूंगी।''

इस घटनाक्रम का एक दुःखद पक्ष और है। वह यह कि स्कूल के बच्चों से पुलिस ने नाटक और उससे संबंधित घटनाक्रम के बारे में पूछताछ की। सबसे चैंका देने वाली और निंदनीय बात यह थी कि पुलिस पूछताछ के दौरान यूनीफार्म में थी और उसने जिन बच्चों से पूछताछ की उनकी उम्र 9 से 12 वर्ष के बीच थी। इस गंभीर मुद्दे को लेकर कर्नाटक हाईकोर्ट में याचिकाएं दायर की गईं। याचिकाओं पर विचार करते हुए हाईकोर्ट ने एडवोकेट जनरल से जानना चाहा कि क्या यह सच है कि पुलिस ने यूनीफार्म पहने हुए स्कूल के बच्चों से पूछताछ की। हाईकोर्ट की जिस बेंच में इस प्रकरण की सुनवाई हुई उसकी अध्यक्षता मुख्य न्यायाधीश कर रहे थे।

याचिकाकर्ताओं ने कहा कि इस घटनाक्रम का बच्चों के कोमल मनों पर विपरीत प्रभाव पड़ा इसलिए उनकी क्षतिपूर्ति की जाए। एक वरिष्ठ अधिवक्ता के अनुसार जिस ढ़ंग से स्कूल के बच्चों से पूछताछ की गई उससे उनके मानवाधिकारों का उल्लंघन हुआ है। अधिवक्ता ने यह राय स्कूल के अधिकारियों, अभिभावकों, बच्चों व पुलिस अधिकारियों से बातचीत एवं सीसीटीवी फुटेज के परीक्षण के आधार पर दी। अधिवक्ता ने यह भी कहा कि जब इन बच्चों से पूछताछ की जा रही थी तब उनके अभिभावक भी उनके साथ नहीं थे।

हाईकोर्ट के अतिरिक्त बच्चों के अधिकारों के संरक्षण के लिए गठित आयोग ने भी पुलिस की कार्य करने के तरीके की कड़े शब्दों में आलोचना की। आयोग के अध्यक्ष ने सभी संबंधित पक्षों को पत्र लिखकर कहा कि पुलिस ने बच्चों के मानवाधिकारों का उल्लंघन किया है। आयोग ने यह भी माना कि पूछताछ के दौरान पुलिस ने आतंक का वातावरण बना दिया था। स्कूल के बच्चे डर गए थे। पूछताछ के बाद अनेक अभिभावकों ने अपने बच्चों को स्कूल भेजना बंद कर दिया।

यह संपूर्ण घटनाक्रम संपूर्ण देश के लिए शर्मनाक है। घटनाक्रम इतना शर्मनाक है कि राज्य सरकार द्वारा गठित आयोग तक ने उसकी निंदा की है। निंदा का मुख्य कारण यह है कि जो कुछ हुआ वह न सिर्फदेश के कानून की भावना के खिलाफहै वरन् अंतर्राष्ट्रीय कानूनों और परंपराओं के भी खिलाफहै। यहां यह उल्लेखनीय है कि भारत ने बच्चों के अधिकार संबंधी दस्तावेज पर सन् 1992 में हस्ताक्षर किए थे। संयुक्त राष्ट्रसंघ ने सन् 1989 में इसे स्वीकार किया था। इस दस्तावेज के अनुसार जहां तक बच्चों के हितों का सवाल है हर मामले में उनके हितों की रक्षा की जानी चाहिए। संयुक्त राष्ट्रसंघ ने इस संबंध में दिशानिर्देश जारी किए हैं। बीदर के मामले में इन दिशा निर्देशों का उल्लंघन किया गया है जिसकी सारे देश और दुनिया में निंदा हो रही है। *(संवाद)*

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

तोड़कर खुद को बनाया है नया तो हर्ज

तोड़कर खुद को बनाया है नया तो हर्ज क्या, जो किया हमने किया इसमें किसी का कर्ज क्या, कोशिशों में जो रहे हमको गिराने उम्र भर, अब हमें वे ना बतायें है हमारा फर्ज क्या।
वर्षा वर्षिता श्रीवास्तव

दर्द से माला माल रहता है! बस बुरा

दर्द से माला माल रहता है! बस बुरा दिल का हाल रहता है!! बात दिल की न कह सके जो कभी! ज़िन्दगी भर मलाल रहता है!! जिनमें दिल को मैं छोड़ आया हूँ! मुझको उनका ख़याल रहता है!! मैं ज़माने से लड़ भी जाऊँगा! उनकी हाँ का सवाल रहता है!!
मित्र ग़ाज़ियाबादी

ख़ास पाती | यूं तो ये आलमेफानी बेगाना

यूं तो ये आलमेफ़ानी बेगाना नहीं है फिर भी कुछ यहाँ पहचाना नहीं है इकठ्ठा किया जो जिंदगी भर मैंने साथ तो कुछ भी ले जाना नहीं है तमाम अक्स हैं उभरे आईने पर सिर्फमेरा चेहरा ही अफ़साना नहीं है रातों ने बिखेरे हैं मेरी नींद में काँच ख़्वाबों का टूटना एक बहाना नहीं है लफ़्ज़ कुछ यूं पिघले, गज़ल बन गए दर्द की रवानगी को अभी जाना नहीं है तुम अक्सर बिन बुलाये झांक जाते हो मैंने उस खुशबू को अभी जाना नहीं है तमाम साज़ों-सामान जुट चुके हैं वहाँ अब चार कंधों के बिना जाना नहीं है। **अनीता कपुर**

एक चराग़, लुटाते लुटाते रोशनी



एक चराग़, लुटाते लुटाते रोशनी थक गया, एक फ़रिश्ता करते - करते नेकी थक गया, मुसाफ़िर से वादा था जिसका साहिलों का, बीच मझधार यारों मेरा वो माझी थक गया, जानता था थकना ही था उसे भी एक दिन, बस मलाल ये है, वो जरा जल्दी थक गया, सफ़र आसान नहीं है हमारी हमसफ़री का, दोस्त, महबूब, साथ चला जो भी थक गया, ना तब माँगीं,ना अब आरज़ू है खुशियों की, तूने ही सौंपी नेमतें अब तू खुद ही थक गया। **अनिल अनमोल शर्मा**

हम समय को पकड़ नहीं सकते

हम समय को पकड़ नहीं सकते। उसकी अपनी गति, सीमाएँ और शर्तें हैं । सभी चाहे-अनचाहे उससे बंधे हैं। सबको हर हाल में उसका अनुसरण करना ही पड़ता है। इस क़वायद में बहुत कुछ मिलता है तो बहुत कुछ खो जाता है। हर बार न पाने की खुशी मनाई जा सकती है और न खोने का ग़म ... एक नियत बिंदु पर आकर हमें आगे बढ़ना ही होता है, अतीत को सिरहाने लगाकर हमेशा सुखद नींद नहीं आती। **शशि बंसल गोयल**

जिसने केवल नफरत गाई वो

जिसने केवल नफरत गाई वो भी प्रेम सुनाएगा। शीशे सा दिल वाला पत्थर दिल से प्रीत निभाएगा। एक दिवस हर एक दिशा में दिव्य प्रेम के स्वर होंगे, एक दिवस सरिता से मिल ने स्वयं समंदर आएगा। **इति शिवहरे**

यहाँ पर कुछ समर्थन में कुछ



यहाँ पर कुछ समर्थन में कुछ बिरोध में जागे हुये हैं। डोर को खींचा तो जाना अगल अलग धागे हुये हैं।। पहले भी अपने अहम में इतने डूब चुके थे हम। फिर से पहले जैसी गुलामी का ख्वाव पाले हुये हैं।। **राजकुमार शर्मा**

राह थी ऐसी कि कांटों भरी

राह थी ऐसी कि कांटों भरी जीवन की डगर उलझन भरी, मिली हर मोड़ आशा ए ख्वाब, जिंदगी है हमारी खिलता गुलाब। न जाहिर,न बयां, और न इजहार तू महकी, मैं भी महका हर हाल आंखों ही आंखों में ये दिल बेताब जिंदगी यूँ ही खुशनुमा नही जनाब । **सुरेश वैष्णव**

तुम चाहते भी थे कि रास्ते से तुम्हारे

तुम चाहते भी थे कि रास्ते से तुम्हारे हट जाऊँ, तो फिर क्यूँ सोचते हो कि इंतज़ार में तुम्हारे सिमट जाऊँ.. याद में तुम्हारी बिलख-बिलख कर रोऊँ भी ना और तुम्हारी यादों में आकर तुमको जी भरके सताऊँ क्या चाहता है यार तू समझ जाए तो समझा देना मुझको भी.. घर जाऊँ या तेरे गले से लिपट जाऊँ...। **वर्षा गुप्ता**

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) इस नाटक का....... अंत तक बना रहा।
(क) कुतूहल (ख) आश्चर्य (ग) विषय (घ) रहस्य
2) एक पर ही श्रद्धा अथवा आस्था रखने वाला- (एकनिष्ट / अधिकारिक)
3) यदि 23 × 5=27 और 13 × 8=20 तो 29 × 6=? (33 / 34)
4) किसी कालीन की सफाई के लिए, यदि उसे छड़ी से पीटा जाए, तो उसमें कौनसा नियम लागू होता है?
(क) गति का पहला नियम (ख) गति का दूसरा नियम (ग) गति के पहले और दूसरे नियमों का संयोजन
5) मरूस्थल में पाए जाने वाले वृक्ष का नाम बताए जिसके फल को सांगरी कहते है?

उत्तरमाला - (1) कुतूहल (2) एकनिष्ठ (3) 34 (4) गति का पहला नियम (5) खेजड़ी

आज का इतिहास

नयी दिल्ली (वार्ता) । भारत एवं विश्व इतिहास में 24 फरवरी की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं:

1483- प्रथम मुगल शासक बाबर का जन्म।
1821- मैक्सिको ने स्पेन से स्वतंत्रता हासिल की।
1822- दुनिया के पहले स्वामी नारायण मंदिर का अहमदाबाद में उद्घाटन।
1831- 'द ट्रीटी ऑफ डासिंग रेबिट क्रीक वह पहली संधि है जिसे भारतीय रिमूवल एक्ट से हटाने की घोषणा की गयी।
1882- संक्रामक बीमारी टीबी की पहचान की गयी।
1894- निकारागुआ ने होंडुरास की राजधानी तेगुसिगालपा पर कब्जा किया।
1895- क्यूबा में स्वतंत्रता प्राप्ति के लिये लड़ाई शुरु हुई।
1924- भारतीय गजल गायक तलत महमूद का जन्म।
1948- भारतीय राजनीतिज्ञ और तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता का जन्म।

99 हजार 910 किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदा गया 47,07,335 क्विंटल धान

■ गत वर्ष के मुकाबले 2 लाख 93 हजार 53 क्विंटल की हुई ज्यादा खरीदी

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । जिले में धान खरीदी के लिये चाक-चैबंद प्रशासनिक व्यवस्था और बेहतर मॉनिटरिंग के फ्लस्वरूप इस खरीफविपणन वर्ष 2019-20 में समर्थन मूल्य पर 99 हजार 910 किसानों से 8 अरब 56 करोड़ 50 लाख 35 हजार रूपये मूल्य का 47 लाख 7 हजार 335 क्विंटल धान खरीदा गया है। जबकि गत वर्ष 85 हजार 335 किसानों से 44 लाख 14 हजार 282 क्विंटल धान खरीदा गया था। इस तरह गत वर्ष के मुकाबले 2 लाख 93 हजार 53 क्विंटल अर्थात 6.49 प्रतिशत ज्यादा धान की खरीदी की गयी। निर्धारित अंतिम तिथि 20 फ्रवरी तक खरीदी केन्द्रों में लाये गये धान के तौल व एंट्री का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शासन द्वारा किसानों को प्रति क्विंटल 2500 रूपये धान का मूल्य देने और गत वर्ष किये गये ऋष्ण माफकी फ्लस्वरूप किसानों में धान बेचने के लिये उत्साह था। बिलासपुर जिले में विपणन वर्ष 2018-19 में 92 हजार 91 किसानों का पंजीयन किया गया था। वहीं इस वर्ष 1 लाख 7 हजार 420 किसान पंजीकृत किये गये। इस तरह गत वर्ष के मुकाबले 16.64 प्रतिशत ज्यादा किसानों ने अपना पंजीयन कराया। इसमें वे किसान भी शामिल हैं, जो डिफाल्टर थे और जिनका ऋष्ण माफ सरकार द्वारा किया गया था। इसी तरह पंजीकृत रकबे में भी वृद्धि हुई। किसानों का गत वर्ष का पंजीकृत रकबा 1 लाख 26 हजार 95 हेक्टेयर था और इस वर्ष 1 लाख 25 हजार 925 हेक्टेयर का पंजीयन हुआ।

जिले में इस वर्ष 130 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से धान खरीदी की गयी। ग्राम देवतरा और खरकेना में नये उपार्जन केन्द्र खोले गये, जिससे उस क्षेत्र के किसानों को धान बेचने में सुविधा हुयी। किसान अपने धान की बिक्री समितियों में सुविधाजनक ढंग से कर सकें, इसके लिये जिले में चाक-चैबंद व्यवस्था की गयी थी। सभी खरीदी केन्द्रों में पीने का पानी और छायादार जगह, फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था के साथ-साथ खरीदी केन्द्रों में बारदाना पंजी, विक्रय पंजी और विजिटर पंजी भी रखे गये थे, जिसमें समितियों में आने वाले लोग अपने सुझाव दर्ज कर रहे थे और उनके बेहतर सुझावों पर अमल भी किया गया। खरीदी केन्द्रों में सभी किस्मों के मानक धान रखे गये थे, जिससे किसानों को कोई शंका न रहे और वे संतुष्ट होकर अपना धान बेच सकें। सभी खरीदी केन्द्रों में नोडल अधिकारी और समिति प्रबंधक के नाम एवं मोबाईल नंबर प्रदर्शित किये गये थे। ताकि जिससे किसानों की समस्याओं का उचित समाधान हो सके। कलेक्टर के निर्देशानुसार धान खरीदी की मॉनिटरिंग हर स्तर पर की गयी। जिला स्तर से लेकर खरीदी केन्द्र स्तर तक नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये। जिला स्तर के अधिकारियों को 130 खरीदी केन्द्रों में नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया। साथ ही हर केन्द्र के लिये कृषि विस्तार अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया गया था। खरीदी केन्द्रों में धान की स्टेगिंग की मॉनिटरिंग एवं अन्य तकनीकी व्यवस्था देखने के लिये विभिन्न विभागों के इंजीनियरों की भी ड्यूटी लगाई गयी थी। सभी खरीदी केन्द्रों में हर हफ्ते धान का भौतिक सत्यापन किया गया। धान के अवैध परिवहन एवं भंडारण को रोकने एवं कोचियों पर रोक लगाने के लिये राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों की संयुक्त टीम द्वारा सतत् निरीक्षण एवं भ्रमण कर सख्ती से कार्यवाही की गयी। राज्य के 265 कोचियों और 3 अंतर्राज्यीय कोचियों पर कार्यवाही कर 9 हजार 902 क्विंटल धान जब्त किया गया। वहीं धान का अवैध परिवहन करने वाले 46 वाहनों को जब्त किया गया। जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों एवं वनक्षेत्रों में भी नाके बनाकर धान के अवैध परिवहन को रोका गया।

शिक्षक के घर से नगद, जेवर समेत तीन लाख की हुई चोरी

■ शिक्षक की पत्नी के सामने से भागने में सफल हो गया चोर

बिलासपुर। शिक्षक के घर की अलमारी में रखे 1 लाख 31 हजार नगद और सोने के गहनों सहित 3 लाख का सामान चोरी कर भाग गया चोर। चोर के घर के अंदर होने के दौरान ही शिक्षक की पत्नी घर आ पहुंची थी। वहां का माजरा देख वह शोर करने लगी।? इसी समय चोर शिक्षक की पत्नी के सामने ही दीवार फांद कर भाग गया। कोटा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

कोटा क्षेत्र के नगचुई स्कूल का शिक्षक चंद्रप्रकाश तिवारी कोटा के पटेल राईस मिल के पास किराये के मकान में रहते है। शनिवार को उनकी पत्नी दीपिका तिवारी दोपहर को काम से बिलासपुर आ गई थी। शाम को चंद्रप्रकाश भी बिलासपुर आ गया। शाम को पत्नी बिलासपुर -भोपाल पैसेंजर से कोटा पहुची। स्टेशन से परिचित के साथ बाइक से रात 9,25 बजे घर पहुची। तो उन्होंने देखा कि गेट का ताला लगा हुआ है किंतु दरवाजे का ताला तोड़कर कोई अंदर चोरी की नीयत से घुसा है। उनके चिल्लाने पर चोर दीवार फांद कर अमृतसागर तालाब की ओर भागा, हल्ला सुनकर आसपास के लोगो ने चोर का पीछा किया। तब वह मंडी अथवा गंज स्कूल की ओर से भाग गया घर में अलमारी की जांच करने पर जानकारी मिली कि चोर अलमारी में रखे 1 लाख 31रूपय नगद , 17 ग्राम वजनी नेकलेस, चिल्हर 20 हजार और झुमका, पायल सहित तीन लाख रूपये का सामान चोरी कर ले गया। शिक्षक के घर चोरी करने में ।दो लोग शामिल थे। एक चोरी करने अंदर घुसा था। उसका दूसरा साथी बाहर रेकी कर फोन से आने जाने वालों की जानकारी दे रहा था। हल्ला होने पर चोर का साथी भी उसके साथ भाग गया है।

शराब की खाली बोतल फेंकने पर युवक ने किया ब्लेड से हमला

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । शराब की खाली बोतल फेंकने पर तीन युवकों ने ब्लेड से गला रेंत दिया और जाने और जान से मारने की कोशिश की गई शिकायत के बाद पुलिस ने अपराध कायम कर लिया है ।

मिली जानकारी के अनुसार बिल्हा क्षेत्र के ग्राम भैंसबोड निवासी चंद्रकांत सतनामी पिता उमाशंकर 18 बिल्हा के केशला स्थित मंगल स्पंज आयरन में भट्टी हेल्पर का काम करता है। वह 22 फ्रवरी की रात 8 बजे ड्यूटी जा रहा था। बिल्हा अंग्रेजी शराब दुकान के पास फेक्ट्री में काम करने वाले पप्पू यादव व् धनिया से मुलाकात हुई। उसी समय पप्पू यादव शराब की ख़ाली बोतल को फेंक रहा था। जो सामने से आ रहे मोटर साइकिल से टकरा गई। इस बात पर तीनों बाईक सवार युवक बाइक रोक यह कहकर उससे विवाद करने लगे कि गाड़ी पंचर हो जाती तो पैसा तेरा बाप देता। वो उससै गाली गलौज भी करने लगे।उस समय बात को टाल कर चंद्रकांत व् पप्पू यादव फेक्ट्री के लिए रवाना हो गए। लेकिन दोनों फेक्ट्री के लेबर कालोनी के पास पहुचे ही थे कि उसी समय तीनो युवक पीछा करते हुए आये। इनमे से दो युवको ने चंद्रकांत को पकड़ लिया एवं तीसरा युवक ब्लेड से उसका गला रेंतने लगा। वह किसी तरह छुड़ा कर भागा। इसके बाद दो युवकों ने पप्पू यादव को पकड़ा व् तीसरा युवक उसके गले को बेल्ड से रेतने लगा। हल्ला होने पर फेक्ट्री के अन्य कर्मचारियों के बाहर आने पर आरोपी भाग गए। घायलों को 108 से बिल्हा अस्पताल भेजने के साथ पुलिस को सूचना दी गई। बिल्हा पुलिस ने चंद्रकांत की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियो के खिलाफ धारा 307, 507 एवं 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौत

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । सिमगा बीती रात सुहेला थाना क्षेत्र के केसली निवासी रवि ध्रुव की किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई है, दुर्घटना बनसांकरा के पास नेशन हाइवे 130 में हुई है, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई, जहाँ मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को पीएम के लिए सिमगा मरच्यूरी भेज दिया, घटना के संबंध में आज परिजनों को सूचना दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुँचे पालक राजकुमार घृतलहरे ने दुर्घटना में मृत रवि के शरीर मे गंभीर चोट आने की जानकारी देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है । मामले में पुलिस अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर तलाश में जुट गई है।

लाफ्टर एवं लायंस क्लब ने लागाया स्वास्थ्य शिविर

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । लाफ्टर क्लब महासंघ एवं लायंस क्लब बिलासपुर मेन के संयुक्त तत्वाधान में सभी प्रकार के हड्डी रोगों का इलाज जोड़ जांच परामर्श शिविर का आयोजन मुरारका भवन में रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर के डॉ अंकुर सिंघल के द्वारा आयोजित हुआ इस शिविर के मुख्य अतिथि माननीय राम शरण यादव महापौर नगर पालिक निगम एवं विशिष्ट अतिथि शेख नजीरुद्दीन सभापति नगर पालिक निगम के द्वारा शुभारंभ किया गया।

इस शिविर में रायगढ़ तखतपुर तथा बिलासपुर के लगभग सभी वर्ग एवं वार्ड के मरीज उपस्थित हुए 128 मरीजों ने अपनी जांच करवाई डॉ अंकुर सिंघल ने जोड़ों के समस्या के कारण तथा उनके समाधान पर अपने सारगर्भित उद्बोधन रखे वही शेख नजीरुद्दीन ने इस शिविर जैसे और अन्य स्वास्थ्य शिविर भी लगातार इस शहर में लगते रहे और लोग स्वास्थ्य लाभ ले अपनी शुभकामनाएं दी श्री राम शरण यादव ने इस शिविर की उपयोगिता तथा लोगों को होने वाले लाभ से प्रसन्न हूं अपने उद्बोधन में कहा इस शिविर में मुख्य रूप से लायंस महेश

शहर की सड़कों पर दुकानें बन्द कराने निकली भीम आर्मी की रैली

■ रैली में शामिल लोग सिम्स चौक के पास फुटकर व्यापारियों की दुकान बंद करने पहुंचे हुआ विवाद

बिलासपुर। सुप्रीम कोर्ट के द्वारा आरक्षण को लेकर किए गए फैसले और साथ-साथ एनआरसी तथा नागरिकता कानून के विरोध में बिलासपुर की सड़कों पर भीम सेना के द्वारा एक रैली निकाली गई। हाथों में भीम सेना के झंडे लेकर निकली यह रैली शहर के मुख्य मार्ग में लोगों से दुकानें बंद करने के लिए कहते हुए आगे बढ़ती जा रही थी। हालांकि आज रविवार होने की वजह से मुख्य मार्ग की अधिकांश दुकानें वैसे भी बंद रही। लेकिन रविवार को शहर के देवकीनंदन चौक से लेकर गोल बाजार और आगे मानसरोवर चौक तक सड़क के दोनों ओर फुटपाथ पर संडे मार्केट लगा करता है। इस मार्केट में उमड़ने वाली आम लोगों की भीड़ को देखते हुए कुछ लोग ग्राहकी फायदा उठाने के लिए अपनी दुकानों को रविवार के दिन भी खोल देते हैं। सिम्स चौक मैं ऐसी ही एक दुकान को रैली में शामिल लोग बंद कराने लगे। जबकि वह दुकानदार किसी भी स्थिति में दुकान को बंद करने के लिए राजी नहीं था।इस बात को लेकर वाद विवाद और हंगामे की स्थिति पैदा हो गई।

गौरतलब है कि महानगरों की तर्ज़ पर सिम्स चौक से लेकर जुनाबिलासपुर बावली कुआं तक सप्ताह में एक दिन रविवार को सुबह 5 बजे से दुकाने गुलजार हो जाती है जिसमे शहर के फुटकर व्यापारी सस्ते समान बेचते हैं जिनकी अच्छी कमाई हो जाती है । कई तो।ऐसे भी है जो।केवल एक दिन दुकान लगाकर एक अपने परिवार का जीवन यापन करते है इस परिस्थिति में अगर दुकाने बन्द कराने पहंचे तो व्यापारियों का पारा चढ़ गया

बिल्डर के डेमो मकान से सोफा, गद्दा और पलंग सहित 75 हजार का सामान उड़ा ले गए चोर

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। चोर ने बिल्डर के डेमो मकान में रखे सोफ, पलंग, गद्दा व सिलिंग फेन सहित 75 हजार का सामान चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर बिल्हा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।

शहर में लागातार हो रही चोरी की घटनाओं को देख पुलिसिंग पर सवाल खड़े हो रहे है सप्ताह में दर्जन भर चोरियां हो रही है घरों की सुरक्षा ताला के भरोसे नही रहा , शातिर चोर मज़बूत तालों को भी एक झटके में तोड़ रहे हैं । इस बार चोर बिल्डर के डेमों मकान को अपना निशाना बनाया शांति नगर अमेरी निवासी नीलेश गुप्ता पिता बाबूलाल गुप्ता बिल्डर है। उसने बिल्हा के केशला में डेमो मकान बनाया है। 19 फ्रवरी को वह डेमो मकान में ताला लगाकर बिलासपुर आ गया था। 21 फ्रवरी को आकर देखा तो मकान के सामने गेट का ताला खुला था। अंदर के दरवाजे का ताला कटा हुआ था। चोर अंदर रखा हुआ सोफ, 2 नग पलंग, 2 नग गद्दा, 5 नग टियूब लाइट, 3 नग सिलिग फेन, नल व् बिजली के सामान सहित 75 हजार का सामान चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर बिल्हा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।

बाइक सवार युवक के हाथ से मोबाइल लूट आरोपी फरार

बिलासपुर । बाइक सवार नकाबपोशों ने युवक के हाथ से ओप्पो कपनी का मोबाइल लूटा और भाग गए। पेंड्रा पुलिस ने अज्ञात आरोपियो के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

पेण्ड्रा-गौरेला मरवाही जिला के ग्राम लटकोनी निवासी अभिषेक कुमार काशीपुरी, 19 फ्रवरी की शाम 7,30 बजे अपने भाई के घर जा रहा था। वह ओप्पो कपनी का मोबाइ हाथ में रखा हुआ था। लटकोनी तिराहे के पास पेण्ड्रा की ओर से बाइक सवार दो युवक आये । बाइक के पीछे बैठे युवक ने उसके हाथ से मोबाइल लूटा और वे तेजी से गिरारी की ओर भाग गये। युवक ने मोबाइल लूट की शिकायत दर्ज कर दी है।

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग रायगढ़ (छ.ग.)

मैनुअल पद्धति निविदा सूचना क्र. 34

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक/3055/निविदा/ग्रायांसेवा/2019-20, रायगढ़, दिनांक 20.02.2020

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है :-

पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा ई.एम.डी. तकनीकी
अभिलेख जमा करने की अंतिम तिथि - 06.03.3030 अपरान्ह 3.00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि - 06.03.2020 अपरान्ह 3.30 बजे से

क्रमांक	कार्य का नाम एवं स्थल	अनुमानित लागत (रुपए लाख में)
01	जोनल निविदा - विकासखण्ड रायगढ़ के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य	20.00
02	जोनल निविदा - विकासखण्ड पुसौर के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य	20.00
03	जोनल निविदा - विकासखण्ड बरमकेला के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य	20.00
04	जोनल निविदा - विकासखण्ड सारंगढ़ के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य	20.00
05	जोनल निविदा - विकासखण्ड खरसिया के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य	20.00
06	जोनल निविदा - विकासखण्ड घरघोड़ा के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य	20.00
07	जोनल निविदा - विकासखण्ड तमनार के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य	20.00
08	जोनल निविदा - विकासखण्ड लैलूंगा के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य	20.00
09	जोनल निविदा - विकासखण्ड धरमजयगढ़ के अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य	20.00

1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी दिनांक 21.02.2020 से विभागीय वेबसाइट http://cg.nic.in/resworks से डाउनलोड की जा सकती है एवं कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर देखी जा सकती है।
2. निविदा की धरोहर राशि कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग रायगढ़ के पक्ष में 15 माह का देय होगा तथा निविदा प्रपत्र का मूल्य डिमाण्ड ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कि कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग रायगढ़ के पक्ष में देय होगा।

(अरविन्द राजमणी)
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग रायगढ़ (छ.ग.)

जी-77222/4

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (वि/यां.) संभाग बिलासपुर (छ.ग.)

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-1945/NIT-08/2019-20/वलेलि दिनांक - 20/02/2020

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 11.03.2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 24.03.2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 25.03.2020 पूर्वान्ह 11.30 बजे से
निविदाकारों की श्रेणी :- ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी द से अ तक
कार्य की अवधि :- 31/07/2020 तक वर्षा ऋतु सहित
निविदा प्रपत्र की कीमत (रु.में) :- रुपए 750/-

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में)
8 T0164	वि/यां. उपसंभाग बिलासपुर अंतर्गत के नवीन एसडीआर एफ बैरक में विद्युतीकरण कार्य	9.18 6884.00
8 T0165	वि/यां. उपसंभाग हाईकोर्ट बिलासपुर अंतर्गत सेक्शन क्र. 3 में विशेष विद्युतीकरण कार्य	2.20 2200.00
8 T0166	वि/यां. उपसंभाग हाईकोर्ट बिलासपुर अंतर्गत नवनिर्मित राजस्व मंडल कार्यालय में इपीएबीएक्स सिस्टम प्रदाय एवं स्थापना का कार्य	3.20 3200.00
8 T0167	वि/यां. उपसंभाग हाईकोर्ट बिलासपुर अंतर्गत माननीय मुख्य न्यायाधीश बंगलों, न्यायाधीश बंगलों, गेस्ट हाउस, स्टाफ क्लब इत्यादि में एयर कंडीशनर, गीजर, इन्वर्टर, मोनोब्लाक पंप एवं बोलार्ड लाइट इत्यादि विद्युत सामग्री प्रदाय का कार्य।	2.52 2520.00
8 T0168	माननीय उच्च न्यायालय परिसर में स्थित छ.ग. राज्य न्यायायिक अकादमी भवन में लैंड स्कैनिंग में गार्डन लाइट लगाने का कार्य	14.98 11238.00
8 T0169	उपसंभाग हाईकोर्ट बिलासपुर अंतर्गत तिफरा, सिरगिट्टी एवं चरकभाठाक एरिया में बजट डिपाजिट, एआर, एसआर विद्युतीकरण कार्य	19.75 14813.00
8 T0170	उपसंभाग मुंगेली अंतर्गत संभावित बजट, डिपाजिट, एसआर, ए आर कांटिनजेंसी में विद्युतीकरण कार्य	5.00 5000.00
8 T0171	उपसंभाग हाईकोर्ट बिलासपुर अंतर्गत सेक्शन क्र. 3 में संभावित बजट, डिपाजिट, एस आर कांटिनजेंसी, ए आर मद में विद्युतीकरण कार्य	19.65 14738.00
8 T0172	वेयर हाउस रोड बिलासपुर में पुराने लीगल स्टेट ऑफिस कैंपस के 3 नंबर कोर्ट रूम में प्रस्तावित फेमली कोर्ट में विद्युतीकरण कार्य	5.45 5000.00
8 T0173	उपसंभाग हाईकोर्ट बिलासपुर अंतर्गत सेक्शन क्र. 4 में संभावित डिपाजिट, बजट, एस आर, कंटिनजेंसी ए आर मद में विद्युतीकरण कार्य	19.85 14888.00
8 T0174	उपसंभाग हाईकोर्ट बिलासपुर अंतर्गत सेक्शन क्र. 1 में विद्युतीकरण का वार्षिक मरम्मत कार्य	19.65 14738.00
8 T0175	उपसंभाग हाईकोर्ट बिलासपुर अंतर्गत सेक्शन क्र. 1 में संभावित डिपाजिट/बजट/एमओ डब्ल्यू/एसआर/एआर मद में विद्युतीकरण कार्य	19.70 14775.00
8 T0176	उपसंभाग हाईकोर्ट बिलासपुर अंतर्गत सेक्शन क्र. 2 में माननीय न्यायाधीश बंगलों एवं गैर आवासीय भवनों में विद्युतीकरण का मरम्मत कार्य	19.60 14700.00
8 T0177	उपसंभाग हाईकोर्ट बिलासपुर अंतर्गत तिफरा, सिरगिट्टी एवं चकरभाटा एरिया में विद्युतीकरण मरम्मत कार्य	19.50 14625.00
8 T0178	वि/यां. उपसंभाग बिलासपुर अंतर्गत हेड क्वार्टर सेक्शन में संभावित बजट/डिपाजिट/एसआर में ट्रांसपोर्टर एवं एयर कंडीशनर प्रदाय, स्थापना, परीक्षण एवं विद्युतीकरण कार्य	19.00 14250.00
8 T0179	वि/यां. उपसंभाग तखतपुर सेक्शन में संभावित बजट/डिपाजिट/एस आर मद में ए सी प्रदाय, स्थापना एवं विद्युतीकरण कार्य	19.00 14250.00
8 T0180	वि/यां. उपसंभाग बिलासपुर अंतर्गत छत्तीसगढ़ भवन सेक्शन में एयर कंडीशनर प्रदाय, स्थापना एवं एस सामग्री प्रदाय करने का कार्य	10.00 7500.00

नोट :-
1. निविदा आमंत्रण में दर्शाए गए कार्य अनुसार पृथक-पृथक कार्य हेतु अमानत राशि पृथक प्रस्तुत करना होगा।
2. निविदा फार्म का लिफाफा-2 एवं अमानत राशि हेतु लिफाफा-3 को एक बड़े लिफाफा-1 के अंदर निविदा सूचना क्रमांक एवं ग्रुप क्रमांक डाल कर पंजीकृत डाक से प्रस्तुत करना होगा। अलग अलग कार्य हेतु अलग अलग लिफाफा प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा निविदा खोली नहीं जावेगी।
3. ठेकेदार द्वारा साईड पर दो योग्यता प्राप्त इलेक्ट्रिशियन एवं दो हेल्फर 24 घंटा रखना अनिवार्य होगा।
निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाइट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (वि./यां.)
संभाग बिलासपुर (छ.ग.)

जी-77215/4

न्यूज गैलरी

कबीर मंदिर में दो दिवसीय सत्संग आज से

महासमुंद। मानवीय एकता के उद्घोषक सद्गुरु कबीर साहेब के ज्ञान को छत्तीसगढ़ में प्रचार-प्रसार करने वाले संत लाल साहेब की 74वीं पुण्य स्मृति में 24-25 फरवरी पर दो दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन रायपुर रोड स्थित कबीर मंदिर में किया गया है। मंदिर के भक्तों ने बताया कि 24 फरवरी को पूर्वान्ह 10 से दोपहर एक बजे तक भजन-प्रवचन और 25 फरवरी को भी पूर्वान्ह 10 से दोपहर एक बजे तक भजन-प्रवचन, पूजा आरती के बाद महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। सत्संग समारोह के मुख्यवक्ता बलवान साहेब कबीर आश्रम ढेठा व रमेश साहेब कबीर आश्रम डोमा के साथ संत मंडली पहुंच रहे हैं।

समझाईश देने पर युवक से मारपीट

महासमुंद। कट मार कर बाइक चलाने वाले युवक ने समझाइश देने पर पिटाई कर दी। पदमपुर बरगढ़ निवासी दैतारी साहू शुक्रवार को अपने रिश्तेदार के घर से अपने दोस्तों के साथ वापट लौट रहा था तभी बंसुला के पास एक व्यक्ति वाहन को कट मार कर चलाते हुए आगे बढ़ा, इससे वे लोग गिरते हुए बचे। जिस पर उन्होने युवक को समझाइश देने कोशिश की लेकिन, बंसुला निवासी नरेंद्र साहू ने दैतारी की पिटाई कर दी।

लहंगर में अखंड रामायण प्रारंभ

महासमुंद। ग्राम लहंगर में आज रविवार से तीन दिवासीय अखंड रामायण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समापन 26 फरवरी को होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिपं सदस्य अमर अरूण चंद्राकर, अध्यक्षता जपं उपाध्यक्ष श्रीमती त्रिलोकी राधेश्याम ध्रुव, विशेष अतिथि ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष राधेलाल सिन्हा, सरपंच मीनाबाई देवदास, पनकू राम ध्रुव समेत ग्रामीण मौजूद रहेंगे।

मनोविज्ञान की प्रायोगिक परीक्षा 26 को

महासमुंद। स्थानीय शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीए प्रथम एवं तृतीय वर्ष (मनोविज्ञान) के छात्र-छात्राओं का वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 26 फरवरी बुधवार को सुबह 11 बजे विज्ञान भवन मचेवा में होगी। उक्त परीक्षा में सभी नियमित एवं अमहाविद्यालयीन छात्रों को अपने प्रायोज्य सामग्री एवं एक प्रायोज्य के साथ प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने कहा गया है।

विशेष लोक अभियोजक नियुक्त हुए जितेंद्र

महासमुंद। छग शासन विधि एवं विधायी विभाग द्वारा अधिवक्ता जितेंद्र कुमार साहू को जिला एवं सत्र न्यायालय के लिए विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया गया है। श्री साहू इससे पूर्व लोकपाल (मनरेगा) जिला पंचायत महासमुंद में पदस्थ होकर कार्यरत थे तथा पूर्व में महासमुंद न्यायालय में शासकीय अभिभाषक के रूप में कार्य कर चुके हैं। इस नियुक्ति पर अधिवक्ताओं व इष्टमित्रों ने हर्ष जताया है।

वार्ड 22 में लगा स्वास्थ्य शिविर

महासमुंद। गुरु घासीदास वार्ड 22 में मुख्यमंत्री शहरी स्वास्थ्य स्लम योजना एवं स्पेशल आउट रिच शिविर का आयोजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने पूजा-अर्चना कर शिविर का शुभारंभ किया। इस दौरान पालिका अध्यक्ष चंद्राकर ने कहा वार्डों में हो रहे ऐसे शिविरों में जाकर लोगों को स्वास्थ्य लाभ लेना चाहिए। इससे किसी व्यक्ति को कोई गंभीर बीमारी हो तो जांच से पता चल जाएगा। आगे चलकर इसका बचाव किया जा सकता है। पालिका अध्यक्ष ने पार्षदों से भी कहा कि पार्षदों की जिम्मेदारी है कि अपने वार्ड के नागरिकों को ऐसे स्वास्थ्य शिविर के लिए लोगों को जागरूक करें।

हॉकी प्रतियोगिता का समापन 24 को

राजनांदगांव। कलेक्टर जय प्रकाश मौर्य ने 78वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के समापन समारोह के दिन 24 फरवरी को राजनांदगांव नगर निगम क्षेत्र के समस्त शासकीय, अर्द्ध शासकीय कार्यालयों और शिक्षण संस्थाओं में आधे दिन का अवकाश घोषित किया है। अवकाश अवधि दोपहर 2 बजे से शाम 5.30 बजे तक रहेगा। यह अवकाश बैंकों तथा कोषालय के लिए लागू नहीं होगा।

औद्योगिक विकास संगोष्ठी 24 को

राजनांदगांव। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र राजनांदगांव द्वारा जिला स्तरीय औद्योगिक विकास संगोष्ठी का आयोजन 24 फरवरी को सुबह 11 बजे शासकीय बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल बसंतपुर के ऑडिटोरियम में किया गया है। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि नगर पालिक निगम राजनांदगांव की महापौर श्रीमती हेमा देशमुख होंगी।

आगजनी से बेघर हुए भूषण निषाद की मदद के लिए उठे हाथ

- भाजपा नेताओं ने की मदद करने की अपील

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। विगत दिनों तहसील गरियाबन्द, ग्राम भेजराडीही में भूषण निषाद पिता अशोक निषाद का सुना मकान में आग लग जाने से पूरा सामान जलकर राख हो गया, खाने के लाले पड़ रहे हैं ऐसे में भूषण निषाद को मदद की सक्त जरूरत है । मार्केटिंग सोसायटी किसान राईस मिल गरियाबन्द के अध्यक्ष मुरलीधर सिन्हा एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता सलीम खान चौधरी ने गाँव जाकर पीड़ित परिवार से मिलकर अपने तरफसे ढाई हजार रूश नगद, 25 किलोग्राम चाँवल, 5 किलोग्राम दाल, 5 किलोग्राम आलू फैरी सहायता देकर सरकारी मदद प्रशासन से दिलवाने का आश्वस्त किये हैं, उक्त गाँव के ग्रामीण बिरझुराम ध्रुव, रूपसिंह कमार, तिजुराम भुंजिया, दानीराम विश्वकर्मा, महेश सेन आदि ने बताया कि पीड़ित भूषण निषाद भूमिहीन है मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करता है । पिछले दिनों किसी पारिवारिक कार्य से अपने परिवार सहित बाहर चले जाने से घर सुना था, जिसमें सार्ट सर्किट की वजह से इनके घर जलने की आशंका है, सर्विस वायर जलने से चिंगारी फेक रहा था ।

ग्रामीणों ने आप लोग आकर विपत्ति के समय मदद किये हैं इसके लिये हम ग्रामवासी आभार व्यक्त करते हैं और प्रशासन से आर्थिक मदद दिलाने की माँग किये हैं । दोनों भाजपा नेताओं ने क्षेत्र के दानदाताओं से निवेदन किया है कि पीड़ित परिवार भूषण निषाद को खुले मन से मदद करें ।

नगर सैनिकों ने क्षेत्र की विधायक को अवगत कराया अपनी समस्याओं से

महीने में सिर्फ ढाई दिन की छुट्टी आ चुकी है तलाक की नौबत

- अपनी विभिन्न मांगों को लेकर विधायक से हुए रू-ब-रू
- महिलाओं को 30 दिन 24 घंटा ड्यूटी करना पड़ता है

नवप्रदेश संवाददाता

धमतरी। नगर सैनिक द्वारा अपने विभिन्न समस्याओं से ग्रस्ति होकर धमतरी क्षेत्र की विधायक श्रीमति रंजना डिपेन्द्र साहू के निवास स्थान में जाकर अपने समस्याओं से अवगत कराई। लगातार ड्यूटी में रहने के कारण घर में समय देना मुश्किल हो गया है। जिससे शादी-शुदा होमगार्ड महिला कर्मियों का तलाक तक बात आ चुंकी है। ऐसे अनेक ज्वलन शिल मुद्दे को लेकर धमतरी के नगर सैनिकों का दल विधायक के सामने अपनी बात रखी। जिले के नगर सैनिक विभिन्ना समस्याओं से जूझ रहे हैं ।इसी सिलसिले में वे रविवार को धमतरी विधायक रंजना साहू के निवास पहुंचकर उन्हें आवेदन सौंपते हुए विधानसभा में इसको उठाने की मांग की है।

उनकी मांगों में प्रमुख रूप से बताया गया कि वर्तमान में होमगार्ड सैनिकों को मानदेय मात्र 13000 रु है।जबकि देश के विभिन्न राज्यों में पुलिस आरक्षक के समान मानदेय दिया जा रहा है ।पूर्व में भाजपा शासन के दौरान विधायक भूपेश बघेल ने डॉ रमन सिंह को पत्र लिखकर मानदेय 29645 बढ़ाने की मांग की थी लेकिन वर्तमान सरकार के इतने दिन बीत जाने के बावजूद मानदेय के संबंध में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है।इसके अलावा 2017 में मानदेय 10000 से बढ़ाकर 13200 किया गया था जो 1 अप्रेल2016 से प्रभावी था। जिसमें तत्कालीन डीजी द्वारा 14 माह का एरियर की राशि नहीं देने का आदेश जारी करते हुए सैनिकों को एरिया से वंचित कर दिया गया था। इसके अलावा एक प्रमुख समस्या उन्होंने बताया कि नगर सैनिकों की ड्यूटी कन्या छात्रावास एवं आश्रम में लगाई जाती है ।जहां महिला सैनिकों द्वारा 30 दिन 24 घंटे ड्यूटी पर उपस्थित रहने कहा जाता है ।माह में सिर्फ ढाई दिन इस प्रकार से दो माह में कुल मिलाकर 5 दिनों का अवकाश होमगार्ड विभाग से दिया जाता है ।

जब तक उनके बदले कोई अन्य गार्ड नहीं भेजा जाता अवकाश के लिए छोड़ा नहीं जाता ।24 घंटे ड्यूटी करने से उनका पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन कष्टमय हो गया है ।इस ड्यूटी के दौरान तो कई महिलाओं के जीवन में तलाक की स्थिति तक आ गई है ।इन सभी मांगों को विधायक से विधानसभा में प्रश्न उठाने की मांग नगर सैनिकों ने की है। इस सम्बन्ध में विधायक रंजना साहू ने कहा कि वे इनकी समस्याओं को जरूर उठाएंगी।

सड़क किनारे सुरक्षित प्रसव कराने वाली महिला पुलिसकर्मी होंगी पुरस्कृत

नवप्रदेश संवाददाता

धमतरी। महाशिवरात्रि के पर्व पर मेला घुमने आई महिला को अचानक प्रसव पीडा होने लगा। पीडा इतना अधिक था कि महिला को अस्पताल तक ले जाने में दिक्कत आ रही थी। धमतरी में पदस्थ महिला पुलिस कर्मियों द्वारा अपना सुझ-बुझ का परिचय देते हुए सडक किनारे घेरा डालकर महिला का सुरक्षित प्रसव कराया गया । यह बात पूरे प्रदेश में धमतरी महिला पुलिस कर्मियों के किये कार्यो की सहारना किये। वही प्रदेश के मुख्या श्री भूपेश बघेल के सज्ञान में आते ही महिला पुलिस कर्मियों को बधाई दी एवं पुरस्कृत की। पुलिस के महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा कुलेश्वर मंदिर के पास प्रसव पीड़ा से तड़प रही महिला का वहीं पर उपलब्ध संसाधनों से घेरा बनाकर सुरक्षित प्रसव कराने पर छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने खूब सराहना की। उन्होंने अपने फेसबुक एवं ट्विटर में नारी शक्ति को नमन करते हुए नवजात शिशु को गोद में लिए हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर

रावटे की फेटो पोस्ट किए हैं। साथ ही पुलिस महानिदेशक छत्तीसगढ़ डीएम अवस्थी ने त्वरित निर्णय लेकर प्रसव पीड़ा से तड़प रही महिला का सुरक्षित प्रसव कराने वाली धमतरी पुलिस की महिला अधिकारी एवं उनकी टीम को इंद्रधनुष योजना अंतर्गत पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की है।

शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कोर्ट की शख्त कार्रवाई

धमतरी। शराब पीकर गाडी चलाने वालों की अब खैर नही। विगत दिनों यातायात पुलिस द्वारा चैक-चैराहों पर ऐल्कोहल मीटर से साबित शराब पीने वालों पर कार्यवाही न्यायालय में पेश की गई थी। जिले न्यायालय द्वारा भारी जुर्माना लगाकर शराब पीकर गांडी चलाने वालें को दंडित किया गया।यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं सडक़ दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से यातायात प्रभारी सत्यकला रामटेके स्टाफके साथ मुख्य चौक चौराहों पर लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए उसका पालन करने समझाइश दे रही हैं। वाहन चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही भी की जा रही है। इसी दौरान एल्कोमीटर से चेक करने पर वाहन चालक सत्यनारायण पिता अपाल नायडू निवासी कोन्कीविधि सेल्लूर विजयनगरम आंध्र प्रदेश, दिलीप कुमार साहू पिता रामाराम साहू निवासी संजय नगर टिकरापारा रायपुर एवं शोएब अली पिता सबीर अली निवासी राजा तालाब रायपुर को शराब सेवन कर वाहन चलाते पाए जाने पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत इस्तगासा तैयार कर न्यायालय पेश किया गया। जिस पर न्यायालय ने तीनों वाहन चालकों पर क्रमशः 10 हजार , 10 हजार एवं 15 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया।

रूद्री मार्ग की शासकीय जमीन पर अनुपयोगी भवन को तोड़कर उपयोग में लाने कलेक्टर ने दिए निर्देश

धमतरी। कलेक्टर श्री रजत बंसल ने आज सुबह शहर के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अंबेडकर चौक.रूद्री मार्ग पर कर्मा चैक से पहले शासकीय जमीन पर खण्डहरनुमा अनुपयोगी भवन को तोड़कर उसे नगर निगम के उपयोग में लाने के निर्देश निगम के आयुक्त श्री आशीष टिकरिहा को दिए। साथ ही निगम क्षेत्रांतर्गत शासकीय भूमि पर अनुपयोगी व निःप्रयोज्य भवनों का चिन्हांकन कर उनकी सूची तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर महापौर श्री विजय देवांगन भी उपस्थित थे।

कुपोषण को दूर करने के लिए मानसिकता बदलने की जरूरत : कलेक्टर मौर्य

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। कुपोषण को दूर करने के लिए लोगों की मानसिकता बदलने की जरूरत है। यह सबसे बड़ी चुनौती है। इसके लिए अभियान चलाकर प्रयास किया जाना चाहिए। जिसमें पारिवारिक सम्मेलन, पालक बैठक, सामुदायिक रूप से सरपंच-सचिव चौपाल लगाकर लोगों को इसके बारे में बताएं ताकि कुपोषण की गंभीरता के बारे में लोग जागरूक हों और इसे दूर करने के लिए प्रेरित हों। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य ने आज महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारियों और पर्यवेक्षकों की बैठक लेकर बच्चों और महिलाओं के हित में आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन निर्धारित समयानुसार और बेहतरीन ढ़ग से करने के निर्देश दिए है। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रेणु प्रकाश सहित परियोजना अधिकारी और सेक्टर सुपरवाईजर उपस्थित थे।

श्री मौर्य ने कहा कि कुपोषण का सबसे बड़ा कारण समुदाय की सोच और उनकी अंधविश्वासी और रूढ़िवादी मानसिकता है। इसको बदल कर ही कुपोषण को दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि लोगों के मानसिक बदलाव के लिए परिवार सम्मेलन, पालक बैठक तथा गांवों में सरपंच-सचिव के साथ चौपाल लगाया जाए। इस चौपाल में कुपोषण से संबंधित वीडियो, सफलता की कहानी और ऐसे ही दृश्य दिखाया जाए जिससे गांव के लोग जागरूक हो सकें।

आरक्षक के साथ मारपीट, वर्दी फाड़ी

महासमुंद। आरक्षक भेखराम नायक ने ड्यूटी के दौरान ग्रामीण द्वारा गाली-गलौज किए जाने की शिकायत थाने में दर्ज कराई है। शिकायत में आरक्षक ने बताया कि 21 फरवरी की ड्यूटी के दौरान करीब 10.40 बजे थाना प्रभारी ने भूकेल के पास ट्रक पलटने पर पेट्रोलिंग के लिए प्वाइंट दी थी। बाद पेट्रोलिंग के सभी स्टॉफ घटना स्थल पहुंचे, जहां ट्रक चालक के कान में चोंट लगी थी और खून बह रहा था तथा ट्रक में लोड तेल का टीपा बिखरा पड़ा था, जिसे वहां उपस्थित ग्रामीण उठाकर ले जा रहे थे। वहां मौजूद आरक्षक के मना करने पर व्यक्ति ने अश्लील गाली-गलौज करते हुए उसके साथ हाथ मुक्का से मारपीट की।

किसानों की कर्जमाफी और ढाई हजार में धान खरीदी से बौखला गए हैं भाजपायी: विनोद

नवप्रदेश संवाददाता

- धान खरीदी को लेकर भाजपा के आरोपों पर किया पलटवार

महासमुंद। विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने धान खरीदी को लेकर भाजपा नेताओं के आरोपों पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में किसानों की कर्जमाफी और समर्थन मूल्य में धान खरीदी से भाजपाई बौखला गए हैं। जबकि हकीकत यह है कि भाजपा ने तो किसानों के साथ धोखाधड़ी की है। भाजपा किसान हितैषी होने का नाटक कर रही है। भाजपा के इस किसान विरोधी चरित्र को किसान बखूबी जानते हैं।

विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि इस साल धान खरीदी के सारे रिकार्ड टूटे हैं। पिछले साल के मुकाबले करीब ढाई लाख ज्यादा किसानों ने धान बेचा है और करीब साढ़े चौदह हजार करोड़ की राशि किसानों के खाते में सीधे भुगतान किया जा चुका है। विधायक श्री चंद्राकर ने बताया कि भूपेश सरकार ने धान खरीदी में नया कीर्तिमान स्थापित की है। अनुमान है कि इस साल करीब 84 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो जाएगी। भाजपा सरकार ने कभी भी 80 लाख टन धान नहीं खरीदा है। वहीं पिछले साल कांग्रेस की प्रदेश सरकार ने 80 टन से अधिक धान 2500 रूपए में खरीदा।

स्वदेशी मेले का आज शुभारंभ

नवप्रदेश संवाददाता

राजनंदगांव। स्वदेशी जागरण फाउंडेशन की इकाई भारतीय विपणन विकास केंद्र द्वारा आयोजित स्वदेशी मेला का स्थानीय स्टेट स्कूल ग्राउंड में आज संध्या 7:00 बजे उद्घाटन होगा। स्वदेशी मेला आयोजन समिति के संयोजक सूर्यकांत चितलांगिया तथा स्वागत समिति के अध्यक्ष नंदकिशोर सूरजन ने जारी संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि स्वदेशी मेला का आयोजन भारतीय अर्थव्यवस्था में भारतीय बाजार में विशुद्ध भारतीय कंपनियों को आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाना है साथ ही लघु उद्योग से जुड़ी छोटी कंपनियों को एक बड़े प्लेटफार्म पर लाना है जिससे स्वदेशी उत्पाद एवं विचारों को सामान्य जनमानस तक पहुंचाने में सहायता प्राप्त हो सके संयोजक द्वय ने बताया कि उद्घघाटन समारोह के मुख्य अतिथि संत श्री बालयोगेश्वर श्रीराम बालकदास जी महात्यागी जामड़ी पाटेश्वर धाम होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर की महापौर श्रीमती हेमा देशमुख जी करेंगीं तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती गीता घासी साहू ,अध्यक्ष जिला पंचायत एवं सबेरा संकेत के संपादक सुशील कोठारी जी होंगे।

इस अवसर पर पूर्व अभिभाषक एवं लोक अभियोजक विष्णु साहू जी भी उपस्थित रहेंगे। 24 फरवरी से 1 मार्च तक चलने वाले स्वदेशी मेला में इस वर्ष देश के विभिन्न स्थानों से आए हुए हैंडीक्राफ्ट, हैंडलूम तथा विभिन्न स्वदेशी कंपनियों के स्टाल उपलब्ध होंगे , इसके साथ ही मेला परिसर में प्रतिदिन विभिन्न प्रकार की सामाजिक प्रतियोगिता एवं संध्याकालीन पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी होगा। मेला परिसर में व्यंजन प्रतियोगिता, कंगन सजाओ प्रतियोगिता, रंगोली, रंग भरो ,चित्रकला, केश सज्जा, मेहंदी ,नृत्यकला, शिशु वेशभूषा और निबंध प्रतियोगिताओं में शहर की महिलाएं ,छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा का परिचय दे सकते हैं। सात दिवसीय मेला संपन्न कराने के लिए स्वागत समिति तथा आयोजन समिति के कार्यकर्ता युद्ध स्तर पर लगे हुए हैं ,साथ ही मेले के मुख्य आकर्षण में भारतीय व छत्तीसगढ़ की पारंपरिक एवं सांस्कृतिक धरोहर जैसे लोकरंग, लोक -गीत, लोक -मंच ,जैसे विभिन्न आयोजन सम्मिलित रहेंगे। विदित हो कि विगत वर्ष स्वदेशी मेले की सफलता से अभिभूत आयोजन समिति ने इस वर्ष इस मेले को और वृहद रूप दिया है ।

किसानों पर लाठीचार्ज और धान खरीदी में अव्यवस्था को लेकर जिला भाजपा का धरना

नवप्रदेश संवाददाता

- राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

राजनांदगांव। धान खरीदी में व्यापक स्तर पर हुई अराजकता को लेकर उद्वेलित किसानों पर लाठीचार्ज तथा धान खरीदी की समय सीमा बढ़ाने की मांग को लेकर जिला भाजपा ने कलेक्ट्रेट परिसर के सामने धरना दिया और राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा।

जिला मीडिया प्रभारी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रदेश भाजपा ने सरकार की धान खरीदी की गलत नियत एवं गलत तरीके को लेकर पूरे प्रदेश में किसानों के समर्थन में मोर्चा खोलते हुए सभी जिला मुख्यालयों पर एक दिवसीय धरना देकर अपना आक्रोश व्यक्त किया। जिला भाजपा अध्यक्ष मधुसूदन यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता लीलाराम भोजवानी, संतोष अग्रवाल, सचिन बघेल, दिनेश गांधी, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष मूलचंद लोधी, रविंद्र वैष्णव आदि ने एक स्वर में प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के साथ किए जा रहे अब अमानवीय रवैये पर भूपेश सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि चुनाव में गंगाजल की कसम खाकर बड़े-बड़े वायदे कर सत्ता प्राप्त करते हुए आज कांग्रेस के राज में सबसे ज्यादा परेशानी किसानों को ही हो रही है। धान का रकबा काटकर मेड़ के नाम पर आश्चर्यजनक ढंग से धान की खरीदी सीमा को कम करना, किस्तों में टोकन जारी करना, बारदाने की कमी बताना, जगह नहीं है यह कह कर किसानों को जान-बुझकर प्रताड़ित करना, यहां तक कि कुछ किसान जब मंडी या बाजार में धान बेचने के लिए निकले तो उनके वाहन जप्त कर एफआई आर कराई गई। जिला भाजपा अध्यक्ष मधुसूदन यादव ने कहा कि डॉ. रमन सिंह के 15 वर्षो के कार्यकाल में कभी भी किसान इतना परेशान नहीं हुआ। आज 3 माह पूर्व जिन किसानों की गाड़ियां जप्त की गई थी वह आज तक नहीं छुट्टी है।

उपकार भवन में मनाई गई त्रिमूर्ति शिव जयंती

महासमुंद। प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय महासमुंद की स्थानीय शाखा उपकार भवन में 21फरवरी को 84वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती मनाई गई। महाशिवरात्रि पर्व को निराकार परमात्मा शिव का अवतरण दिवस के रूप में मनाने के साथ-साथ उनकी जयंती के रूप भी मनाता है। प्रातः काल शिवबाबा की अमृतवाणी सुनने के बाद सेवम केन्द्र प्रभारी बीके प्रीति दीदी व सभी ईश्वरीय परिवार ने मिलकर निराकार परमपिता परमात्मा शिव के 84वें जन्मदिन का केक कटिंग सेरेमनी भी मनाया साथ ही शिव ध्वजारोहण भी किया।

थाने में सुरक्षित जमा कराया बोर्ड का प्रश्न पत्र

नवप्रदेश संवाददाता

डौंडी। आगामी 2 व 3 मार्च से दसवीं-बारहवीं की परीक्षा शुरु हो रही है, जिसकी तैयारी में शिक्षा विभाग जुट चुका है। वहीं शनिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच प्रश्नपत्रों का वितरण बालोद मे कीया गया जिसको लेकर आज शिक्षको ने डौंडी थाने मे सुरक्षित जमा करा दिया गया है । दसवीं व बारहवीं की बोर्ड परीक्षा प्रारंभ होने में एक सप्ताह ही बाकी है। इसकी तैयारी में शिक्षा विभाग जुटा हुआ है।विभाग के द्वारा सारी तैयारीया पूर्ण कर ली गयी है आज कडी सुरक्षा के बीच बालोद से केन्द्राअध्यक्षो व सहायक केंद्राअध्यकक्षो के द्वारा डौंडी थाने मे हायर सेकेंडरी स्कूल आमाडूला, गुदुम, घोठीया, भर्रीटोला, डौंडी कन्या व ब्वायस,कुवागोंदी स्कुलो का प्रश्न पत्र सुरक्षित जमा करवा दीया गया।

इस बार बारहवीं की परीक्षा के लिए गणित व भौतिक के लिए 40 पृष्ठ की उत्तर पुस्तिका दि जायेगी व बाकी विषयों के लिए 32 पृष्ठ की उत्तर पुस्तिका मीलगी वही 10 वीं के लिए 32 पृष्ठ की उत्तर पुस्तिका दि जायेगी व 12वीं व 10 वीं मे इस बार पुरक उत्तर पुस्तिका देने का प्रावधान नहीं है।

न्यूज गैलरी

दंतेवाड़ा में एक लाख 4 हजार क्विंटल धान की हुई खरीदी

दंतेवाड़ा। राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के तहत इस वर्ष जिले में एक लाख 4 हजार 185 क्विंटल धान की खरीदी की गई है।जो गत वर्ष के 78 हजार 882 क्विंटल से 25 हजार क्विंटल अधिक है। बीते साल जहां 2 हजार 445 किसानों ने धान बेचा था, वहीं इस साल जिले में 3 हजार 218 किसानों ने धान का विक्रय किया है। इस तरह इस वर्ष पिछले साल की तुलना में 773 ज्यादा किसानों ने राज्य सरकार की धान खरीदी का लाभ उठाया है। जिले में सहकारी केंद्रीय बैंक के अंतर्गत 11आदिम जाति सहकारी समितियों के 11 धान खरीदी केन्द्रों के जरिये इस वर्ष धान की खरीदी की गई।

कांकेर में किसानों से खरीदा गया 27 लाख 80 हजार क्विंटल धान

काँकेर । जिले में इस वर्ष 27 लाख 80 हजार 829 क्विंटल धान की खरीदी की गई है, जो गत वर्ष की तुलना में 02 लाख क्विंटल ज्यादा है। पिछले वर्ष कांकेर जिले में 25 लाख 13 हजार 806 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिले में 01 दिसम्बर 2019 से 20 फरवरी 2020 तक समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की गई, जिसके तहत जिले के 35 सहकारी समितियों के 113 खरीदी केन्द्रों में 05 लाख 86 हजार 120.8 क्विंटल मोटा धान, 16 हजार 849.6 क्विंटल महामाया धान, 20 लाख 89 हजार 449 क्विंटल पतला धान, 592.4 क्विंटल एचएमटी, 83.6 क्विंटल आईआर-36 और 87 हजार 733.2 क्विंटल सरना धान की खरीदी की गई।

बाराडेरा में राष्ट्रीय कृषि मेला का आयोजन

कांकेर। रायपुर के तुलसी बाराडेरा स्थित थोक मंडी परिसर में 23 से 25 फरवरी तक तीन दिवसीय राष्ट्रीय कृषि मेला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राज्य के प्रगतिशील किसानो और स्वसहायता समूहो के उत्पादो और पशुओं की प्रदर्शनी लगेगी, जो किफायती दर पर विक्रय के लिए भी उपलब्ध रहेगा। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं कांकेर द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय कृषि मेला में पशुधन विकास विभाग द्वारा भारतीय गाय के दुध 80 रूपये प्रति लीटर तथा देशी घी 02 हजार रूपये प्रति लीटर की दर से विक्रय के लिए उपलब्ध रहेगा। मेले में बीटल, सिरोही, बारबरी नस्ल के बकरा 5 से 10 हजार रूपये प्रति नग, कड़कनाथ मुर्गा 800 रूपये प्रति किलो, खाकी केम्पवेल, वाइट पेकिन प्रजाति के बत्तख 400 रूपये प्रति किलो, जापानी बटेर 120 रूपये प्रति जोड़ी, चिनचिला कोट नस्ल के खरगोश 500 रूपये जोड़ी, देशी मुर्गी 500 रूपये प्रति किलो, देशी मुर्गी अण्डा 10 रूपये नग, बत्तख अण्डा 20 रूपये नग, गोमूत्र अर्क 70 रूपये प्रति लीटर, गोनाइल 40 रूपये प्रति लीटर, गोबर की मूर्ति छोटा, बड़ा 30 से 70 रूपये प्रति नग, गमला 10 से 20 रूपये प्रति नग, धूपबत्ती 10 रूपये पैकेट, वर्मी कम्पोस्ट 500 रूपये बोरी 50 किलो का, जैविक कीटनाशक 40 रूपये प्रति लीटर और जैविक खाद 07 रूपये प्रति किलो में प्रदर्शनी में विक्रय के लिए उपलब्ध रहेगा।

विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन आज

कांकेर। महिला सशक्तिकरण एवं विधिक जागरूकता शिविर सह कार्यशाला का आयोजन 24 फरवरी को न्यू कम्यूनिटी हॉल कांकेर में दोपहर 12:30 बजे से आयोजित किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सी.एस. मिश्रा ने बताया है कि उक्त कार्यशाला छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग रायपुर के द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जो महिलाओं के कानूनी एवं वैधानिक अधिकारों के संरक्षण, जेण्डर विभेदीकरण एवं महिलाओं के सभी प्रकार के उत्पीड़न से संबंधित विषयों पर आधारित है।

जिला पंचायत का प्रथम सम्मिलन आज

जांजगीर-चांपा। जिला पंचायत जांजगीर-चांपा का प्रथम सम्मिलन आज 24 फरवरी को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत जांजगीर-चांपा के सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। इसकी सूचना अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य जिला पंचायत जांजगीर-चांपा के गृह पते पर पंजीकृत डाक से प्रेषित की गई है और एक प्रति तामिली हेतु संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को भी भेजी गई है। उक्ताशय की जानकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जांजगीर-चांपा द्वारा दी गई।

निष्प्रयोज्य घोषित सामग्रियों की नीलामी 28 को

नारायणपुर। कार्यालय सेनानी नगर सेना में निष्प्रयोज्य घोषित भंडार सामाग्रियों की नीलामी 28 फरवरी को प्रातः 11 बजे होमगार्ड कार्यालय पसिर में की जायेगी। इच्छुक खरीददार अथवा फर्म एक दिवस पूर्व आकर उक्त सामग्रियों का अवलोकन कर सकते हैं। प्रत्येक खरीददार को बोली लगाने के पूर्व 1 हजार रूपये प्रतिभूति राशि जमा करनी होगी। खरीददार की उच्चतम बोली स्वीकार किये जाने पर संपूर्ण राशि उसी दिन जमा करना होगा। उक्त संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला सेनानी नगर सेना नारायणपुर से प्राप्त की जा सकती है।

संस्कृति कार्यक्रम के जरिये ग्रामीणों को किया जागरूक

नारायणपुर। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में जिले में तैनात भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल की 45वीं वाहिनी की अगुवाई में जिले के नक्सल प्रभावित ग्राम धनोरा में बीते दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर क्षेत्र के अंदरूनी ग्राम टेकानार, राजपुर, हिकपुला एवं झोरी के जनसामुदाय को स्वास्थ्य, शिक्षा, सुपोषण, साफ-सफाई आदि महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस अवसर पर श्री भानुप्रतापसिंह सेनानी 45वीं वाहिनी उपस्थित थे।

कृषक जागरूकता सह किसान संगोष्ठी का आयोजन

अम्बिकापुर। किसान कल्याण एवं कृषि मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जिले में संचालित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के घटक आईल सीड एवं लाईल पॉम योजना के अंतर्गत विकासखण्ड-बतौली के ग्राम पंचातय बिलासपुर में एक दिवसीय कृषक जागरूकता सह किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस कार्यालय में तिलहन के उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने के लिए किसानों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। किसानों को राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड के द्वारा सरसों मिनिकीट वितरित किये गए थे। सरसों की किस्म गिरीराज का फसल प्रदर्शन आयोजित किया गया है। किसानों के प्रक्षेत्र में जाकर सरसों प्रदर्शन के वस्तुस्थिति को देखा गया एवं किसानों को बताया गया कि सरसों में लगने वाले कीटव्याधी की पहचान एवं इसके नियंत्रण की विधियों से किसानों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड के प्रक्षेत्र प्रबंधक श्री महेन्द्र कुमार, विपणन प्रभारी श्री मनीष कुमार मीना, विपणन अधिकारी श्री प्रवीण कुमार चौधरी एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री आर.एस. कश्यप, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्री बुधसाय एक्का सहित आस-पास के कृषकगण उपस्थित थे।

कोरर के शिवेन्द्र को मिला स्वर्ण पदक

बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर के द्वितीय दीक्षांत समारोह में किया गया सम्मानित

नवप्रदेश संवाददाता

काँकेर /कोरर। बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर द्वारा 20 फरवरी को विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया. इस समारोह की अध्यक्षता माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति सुश्री अनुसुईया उइके द्वारा की गई. इस दीक्षांत समारोह में विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर ग्राम कोरर निवासी शिवेन्द्र बहादुर को वर्ष 2014 के लिए स्नातकोत्तर भूगोल विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु स्वर्ण पदक एवं प्रसस्ति पत्र प्रदान किया गया.

शिवेन्द्र बहादुर ग्राम कोरर निवासी प्रतिष्ठित व्यावसायी हिरेन्द्र सिंह परिहार एवं गायत्री परिहार के पुत्र हैं उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है. शिवेन्द्र की प्रारंभिक शिक्षा हायर सेकंड्री स्कूल कोरर एवं स्नातकोत्तर एम.ए. भूगोल की शिक्षा इन्होंने भानुप्रतापदेव पी.जी. कॉलेज कांकेर से डॉ. डीएल पटेल के सानिध्य में प्राप्त की है, उनके द्वारा विभिन्न विषयों पर अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय सेमीनार में 10 शोध पत्रों का प्रस्तुतिकरण किया गया है तथा अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में 3 शोध पत्र प्रकाशित हो चुके है. यूजीसी द्वारा सहायक प्राध्यापक के लिए आवश्यक राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) एवं उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) भी उन्होंने उत्तीर्ण की है. 2018 और 2019 में लगातार 2 बार राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित युवा भूगोलविद सम्मान प्राप्तकर्ता शिवेन्द्र ने सतत उच्च शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से एम.फिल. की उपाधी प्राप्त की है एवं वर्तमान में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के भूगोल अध्ययनशाला में पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. सरला शर्मा के निर्देशन में पी.एच.डी. की उपाधी हेतु शोधरत है।

पूर्व से मेधावी रहे शिवेन्द्र ने कहाँ की, वे शोध तथा अध्ययन-अध्यापन के क्षेत्र में बस्तर संभाग में कार्य करने की इच्छा रखते है यहां भौगोलिक, पर्यावरणीय एवं परिस्थितिक क्षेत्र में शोध तथा नवाचार की पर्याप्त संभावनाएं विद्यमान हैं। शिवेन्द्र ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों तथा मित्रों को दिया है तथा उनकी इस उपलब्धि के लिए ग्रामीणों एवं प्रियजनों ने उन्हें बधाई दी है।

दीक्षांत समारोह में इन दिग्गजों की रही उपस्थिति

दीक्षांत समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय राज्यपाल व कुलाधिपति सुश्री अनुसुईया उइके, वहीं विशिष्ट अतिथियों में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, स्कूल शिक्षा मंत्री प्रेमसाय टेकाम, आबकारी मंत्री कवासी लखमा, बस्तर सांसद दीपक बैज, कांकेर सांसद मोहन मंडावी, बविप्रा अध्यक्ष व विधायक लखेश्वर बघेल, विधायक रेखचंद जैन तथा मुख्य वक्ता के रूप में आईआईएम अहमदाबाद गुजरात के वाईस चेयरमेन पद्मश्री प्रोफेसर डॉ. अनिल कुमार गुप्ता मौजूद रहे. वहीं मंच पर कुलपति डॉ. शेलेन्द्र सिंह, कुल सचिव विनोद कुमार पाठक भी मंचासीन थे।

तेन्दूपत्ता के संग्रहण में फड़ मुंशी रीड़ की हड्डी : नितिन

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। तेन्दूपत्ता के संग्रहण के फड़ मुंशी रीढ़ के हड्डी के समान होती है जिनके बिना तेन्दू पत्ता संग्रहण का कार्य पूरा नहीं हो सकता । उक्त उदगार जिला वनोपज संघ के अध्यक्ष नितिन पोटाई ने चारामा में वन परिक्षेत्र चारामा और कोरर के संयुक्त तत्वाधान आयोजित शाखकर्तन कार्यशाला को सम्बोधित कर रहे थे ।

उन्होंने आगे कहा कि शाखकर्तन के कार्य को सावधानी पूर्वक किया जाना चाहिए, जिससे उन्नत किस्म के तेन्दूपत्ता प्राप्त हो सके । जब यह कार्य प्रारंभ किया गया उस वक्त क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाना चाहिए ताकि जन सहभागिता से यह कार्य को अच्छे तरीके से हो सके । उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बधेल ने तेन्दूपत्ता संग्रहकों को बीमा, बोनस सहित उनके परिवार के स्कूल एवं कॉलेज में पढ़ने वाले सदस्यों को छात्रवृत्ति की सुविधा का लाभ मिल रहा है। जिला यूनियन कांकेर के अंतर्गत लगभग 45,000 लघु वनोपज संग्रहक परिवार इससे लाभान्वित हो रहे है । उन्होंने कार्यशाला में उपस्थित लोगों को बताया कि अभी तक 24 लाख में से कुछ लाटों का बिक्री नहीं हुआ है लेकिन आज की स्थिति में बासनवाही समिति का तेन्दूपत्ता सबसे अधिक कीमत में बिका है । उम्मीद है कि कुछ दिनों में और भी लाट अच्छे कीमतों में बिक्री हो सकते है । उन्होंने उपस्थित प्रबंधकों, नोडल अधिकारियों एवं फड़ मुशियों को अपने कार्य के प्रति जागरूक रहने को कहा तथा समय सीमा में बीमा बोनस एवं छात्रवृत्ति कार्यो को पूर्ण करने के निर्देश दिये । कार्यशाला को जिला लघु वनोपज संघ के उप प्रबंध संचालक आर.एस. मण्डावी ने भी सम्बोधित करते हुए शाखकर्तन के आवश्यक टीप बताया।

किसान बाजार में महापौर कलेक्टर ने खरीदीं जैविक सब्जियां

नवप्रदेश संवाददाता

धमतरी। महापौर विजय देवांगनए कलेक्टर रजत बंसल एवं एसपी बीपी राजभानू ने स्थानीय पुरानी कृषि उपज मण्डी परिसर में स्थित किसान बाजार का आकस्मिक निरीक्षण किया जहां पर उन्होंने जैविक सब्जियां खरीदीं। इस दौरान उन्होंने कोल्ड स्टोरेज के लिए प्रस्तावित स्थल का भी मुआयना किया। कलेक्टर ने आगामी दस दिनों के भीतर कोल्ड स्टोरेज की स्थापना के लिए सोलर सिस्टम स्थापित करने के निर्देश क्रेडा विभाग के अधिकारी को दिए। साथ ही किसान बाजार क्षेत्र को शत.प्रतिशत प्लास्टिक फ्री जोन बनाने के लिए राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत गठित

महिला स्वसहायता समूहों को प्राथमिकता से कार्य देने और सब्जियों का अन्यत्र पसरा लगाने वाले विक्रेताओं को प्रोत्साहित कर उन्हें समूह की गतिविधियों से जोड़ने के साथ.साथ जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने के भी निर्देश दिए। इस दौरान महापौर व कलेक्टर ने जैविक खाद एवं उपचार से उत्पादित भिण्डी टमाटर गाजर बरबट्टी लौकी धनिया गाजर तथा मूली की सब्जियां खरीदीं। उन्होंने किसान बाजार में सब्जियां बेचने आए जैविक कृषकों से चर्चा कर उनकी बातें सुनीं।

बच्चों को अच्छे भोजन के अलावा अच्छा महौल भी दें: कलेक्टर

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। कलेक्टर के.एल. चौहान ने आज जिले के सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, खण्डस्त्रोत समन्वयक एवं संकुल समन्वयकों की बैठक लेकर स्कूली बच्चों में न्यूनतम लर्निंग-आउट-कम में वृद्धि के लिए सामुहिक प्रयास करने के निर्देश दिये। नवीन शिक्षा सत्र से स्थानीय बोली जैसे- हल्बी, गोंडी में अध्यापन के लिए शालाओं और बच्चों का चिन्हांकन करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि चिन्हांकित सभी शालाओं में नवीन शिक्षा सत्र से पाठयपुस्तक उपलब्ध कराया जावेगा। पठन कौशल के तहत अप्रैल माह में आयोजित होने वाले रिडिंग कैम्पेन प्रतियोगिता के लिए अभी से

तैयारी करने के निर्देश देते हुए कलेक्टर श्री चौहान ने कहा कि इसके लिए शाला प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित कर लिया जावे, जिसमें पालकों को अधिक से अधिक संख्या में आमंत्रित करें। प्रारंभिक तैयारी में समाचार पत्र, बाल पत्रिका, अन्य रोचक कहानी पुस्तक का नियमित वाचन बच्चों से कराया जावें।

जिला मुख्यालय कांकेर में अंग्रेजी माध्यम मॉडल विद्यालय खोलने के लिए प्रारंभिक तैयारी करने के निर्देश भी कलेक्टर श्री चौहान द्वारा शिक्षा अधिकारियों को दिये गये। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी माध्यम विद्यालय हेतु योग्य शिक्षकों एवं मूलभूत आवश्यकता व इंफ्रास्ट्रक्चर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, साथ ही अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में अधिक से अधिक बच्चों को प्रवेश लेने के लिए प्रेरित किया जाय, साथ ही मॉडल स्कूल का व्यापक प्रचार प्रसार भी किया जावे। माह मार्च में आयोजित होने वाले पालक सम्मेलन के लिए स्थानीय बोली-भाषा में अध्यापन व रिडिंग कैम्पेन विषय को ऐजेंडा में शामिल करने के निर्देश भी उनके द्वारा दिये गये।

कलेक्टर ने विद्यालयों में पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराये जाने हेतु नियमित मॉनिटरिंग करने के लिए शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बच्चों के सम्पूर्ण विकास के लिए बच्चों को अच्छा भोजन के अलावा अच्छा महौल भी देवें।

सरस्वती शिशु मंदिर कसडोल में सीनियर छात्रों को दी गई विदाई

कसडोल। सरस्वती शिशु मन्दिर उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय कसडोल में रविवार को कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के पूर्व छात्र एवं नवनिर्वाचित क्षेत्र के जनपद सदस्य सिद्धांत मिश्रा, अध्यक्षता विद्यालय संचालन समिति के व्यवस्थापक एस. के. मिश्रा, विशेष अतिथि के रूप में समिति के अध्यक्ष देवेंद्र साहू, उपाध्यक्ष हरिराम साहू, आदर्श ग्राम पंचायत छरछेद के सरपंच भरत दास मानिकपुरी, सहव्यवस्थापक गंगा प्रसाद साहू, प्राचार्य जयलाल मिश्रा, विद्यालय के पूर्व छात्र गणेश शंकर साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती, ओम एवं भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात कक्षा 12 वीं के विद्यार्थी कल्पना यादव, हर्ष डड़सेना, ऋषभ बंजारे, रोशनी कैवर्त, गौतम साहू, काव्यांजलि घृतलहरे ने अपने अध्ययन काल के दौरान विद्यालय से प्राप्त शिक्षा एवं संस्कार के अनुभवों को साझा किया। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य जयलाल मिश्रा ने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि हमने शिक्षा के साथ श्रम, अनुशासन, संस्कार एवं समय बध्दता सिखाया है। यदि इन बातों को अपने जीवन में उतार लें तो कभी असफल नहीं होंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि हम आशा करते है कि सभी भैया बहिन जीवन में नित नवीन सफलता प्राप्त करेंगे और सरस्वती शिशु मंदिर से प्राप्त शिक्षा व संस्कार के द्वारा सभ्य समाज व राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। विद्यालय संचालन समिति के व्यवस्थापक एस. के.मिश्रा ने अपने उद्बोधन ने कहा कि हमारी शिक्षा ग्रहण करने का मूल उद्देश्य क्या है? हमारा लक्ष्य क्या है? हम उस हिसाब से तैयारी करें तो निश्चित रूप से सफ़लता मिलेगी।मुख्य अतिथि के

आज होगा जिले में उपसरपंच का चुनाव

धमतरी। धमतरी जिले के सभी चारों विकासखंडों के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में उपसरपंच का चुनाव 24 फरवरी को होगा। इस चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारियों की नियुक्ति हो गई है। वहीं पंचायतों में इस चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हैं। धमतरी विकासखंड में 94 पंचायतें हैं। जहां उपसरपंच चुने जायेंगे। ग्रामीण अंचल में पंच-सरपंच चुनाव संपन्न होने के बाद अब उपसरपंच चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मिया तेज हो गई है। उपसरपंच पद के दावेदार पंचों को अपने पक्ष में वोटिंग करने के लिए खरीद फरोख्त में भी जुट गए हैं। कई पंचायतों में आपसी सामंजस्य से चुनाव की तैयारी है। धमतरी विकासखंड के अंतर्गत 94 पंचायत हैं।

'सेहतमंदी' में जिला प्रशासन के साथ जमकर थिरके नगरवासी

नवप्रदेश संवाददाता

धमतरी। जिला प्रशासन के तत्वावधान में नगर के हृदय स्थल में आज अलसुबह सेहतमंदी नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें नगर के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों अधिकारियों सहित नगर के युवक.युवतियां विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लेकर जमकर थिरके। आज सुबह छह बजे स्थानीय मकई गार्डन एवं घड़ी चौक पर जुम्बा योगा सहित स्थानीय पारम्परिक खेल जैसे पिट्ठुल लंगड़ी सांप.सीढ़ी रस्सी कूद का आयोजन किया गया। इस दौरान स्थानीय क्लब की ओर से शारीरिक गतिविधियों पर आधारित प्रतिस्पर्धाएं भी आयोजित की गईं। सेहतमंदी में धमतरी विधायक श्रीमती रंजना साहू महापौर श्री विजय देवांगन कलेक्टर श्री रजत बंसल एसपी श्री बी.पी.राजभानू एडिशनल एसपी श्रीमती मनीषा ठाकुर निगम के आयुक्त श्री आशीष टिकरिहा ने हिस्सा लेकर नगरवासियों को प्रेरित व प्रोत्साहित

किया। मकई गार्डन में पहले योगा पिट्ठुल सांप.सीढ़ी रस्सीकूद जैसी गतिविधियों व खेलों का आयोजन बेहतर ढंग से किया गया तदुपरांत घड़ी चौक पर फिटनेस एक्सपर्ट के द्वारा जुम्बा कराया गया। इसमें विधायक महापौर कलेक्टर एसपी एएसपी सहित अन्य अधिकारी शामिल होकर संगीत की धुन पर एक साथ स्ट्रेस फ्री होकर थिरकते नजर आएए जिसमें काफी संख्या में नगर के युवक.युवतियों समेत वरिष्ठ नागरिकों ने भी हिस्सा लिया। इसके बाद विभिन्न शारीरिक क्रियाओं पर आधारित गतिविधियां भी मंच पर कराई गईए जिसमें जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई।

स्चछ अभियान युवाओं के सफाई अभियान को शहर के लोगो का मिल रहा ज़बरदस्त प्रतिसाद

राजापारा में 3 घंटे पार्षद के नेतृत्व में युवाओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

नवप्रदेश संवाददाता

काँकेर। हमर कांकेर सुघ्घर कांकेर की तर्ज पर राजापारा के युवा पार्षद आनंद चौरसिया व उनकी युवाओं की टीम प्रति सप्ताह की भांति रविवार को स्वच्छ भारत अभियान को साकार करते वार्ड में सफाई अभियान चलाकर लोगो मे सफाई को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाकर लोगो का स्वच्छता का संदेश दिया गया।

इस दौरान पार्षद के नेतृत्व में ही युवाओं की टीम ने सुबह 8 बजे से 11 बजे तक धनेश्वर पटेल घर से सुरेंद्र पटेल घर की गली तक एवं साईं मंदिर गली से नीम चौक तक कुल चार स्थान पर लगभग तीन घण्टे तक सफाई अभियान चलाकर लोगो को वार्ड में सफाई के प्रति स्वच्छता को ध्यान रखते अपनी ज़िम्मेदारी निभाने की बात कही गई। सफाई अभियान के बाद राजापारा पार्षद आनंद चौरसिया ने कहा की विगत प्रत्येक रविवार को हमारी युवा साथियों के साथ स्वच्छता अभियान का सन्देश देने शपथ लिया गया है।इसी संदेश को लेकर आज वार्ड के चार चिन्हाकित स्थानों में नाली सहित घरो शिवालय के आसपास बड़ी मात्रा में कचरा निकाला गया है।जो सूखा कचरे को एकत्रित कर जलाकर नष्ट किया गया जो गीले कचरे निकल आए थे।उसे नगर पालिका के कचरे गाड़ी में डालकर भेजा गया हैं।लगभग तीन घण्टे तक वार्ड में ज़मकर सफाई अभियान चलाकर लोगो मे स्वच्छता को लेकर जागरूकता अभियान की तरह स्वच्छ राजापारा वार्ड बनाने व हमारे अभियान से जुड़कर लोगो को प्रेरित करने सहयोग मांगा जा रहा है। पार्षद ने अंत मे बताया की हमारे इस स्वच्छता अभियान का लोगो की ओर से ज़मकर प्रतिशाद मिल रहा है।साथ ही लोगो का सहयोग व संबल से हमारी टीम का उत्शाहवर्धन की तरह काम किया जा रहा है।सफाई अभियान में राजापारा के कुल 70 युवक युवतियों का दल शामिल हुए।

विधानसभा अध्यक्ष ने किया पाली महोत्सव का समापन

■ राजिम पुन्नी मेला की तरह प्रसिद्ध करने पर दिया जोर

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने पाली महोत्सव का समापन किया। इस अवसर पर अध्यक्ष ने महोत्सव को भव्य रूप देने के लिए सरकार हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक शिव मंदिर के पुरातन इतिहास और वैभव को प्रचारित-प्रसारित करने के लिए यह महोत्सव एक बेहतर साधन है। महंत ने पाली महोत्सव को राजिम पुन्नी मेला की तरह प्रसिद्ध करने पर जोर दिया।

पाली महोत्सव को आने वाली पीढ़ी के लिए पौराणिक सांस्कृतिक संस्कारों से जोडने़ और उन्हें आत्मसात करने के लिए प्रेरित करने वाला आयोजन बताया। इस अवसर पर प्रदेश के गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, विधायक दुर्ग देवेन्द्र यादव, सांसद बस्तर दीपक बैज, विधायक पुरूषोत्तम कंवर, मोहित राम केरकेट्टा, कलेक्टर किरण कौशल, एसपी जितेन्द्र सिंह मीणा आदि उपस्थित थे।

विधानसभा अध्यक्ष ने किया पाली महोत्सव का समापन, राजिम पुन्नी मेला की तरह प्रसिद्ध करने पर दिया जोर अपने संबोधन में विधानसभा अध्यक्ष महंत ने पाली क्षेत्र के विकास के लिए सड़कों और पर्यटन स्थलों को विकसित करने पर जोर दिया। कहा कि पाली महोत्सव में पिछले वर्ष मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जो वादे क्षेत्र की जनता से किये थे उनमें से अधिकांश पूरे हो गए हैं। कोरबा में मेडिकल कॉलेज की स्थापना को सैद्धांतिक स्वीकृति मिल गई है। मेडिकल कॉलेज की स्थापना को कोरबा के विकास के लिए मील का पत्थर बताया। विधानसभा अध्यक्ष ने किया पाली महोत्सव का समापन, राजिम पुन्नी मेला की तरह प्रसिद्ध करने पर दिया जोर

जिले की पहचान बन रहा महोत्सव

राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि पाली महोत्सव कोरबा जिले की पहचान बन रही है। कोरबा में चैतुरगढ़, बुका जलाशय, सतरेंगा बांगो बांध, देवपहरी के साथ-साथ पाली का ऐतिहासिक शिव मंदिर है। पाली महोत्सव पर्यटन की नई संभावनाओं के रूप में विकसित हो रहे हैं।

36 करोड़ रुपए की लागत से बनेंगी छह सड़कें

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. महंत ने पाली क्षेत्र में लगभग 36 करोड़ 30 लाख रूपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इस दौरान तीन करोड़ 69 लाख रुपए की लागत से पोंड़ी से लाफा, दो करोड़ 38 लाख रुपए की लागत से लोहडिया, एक करोड़ 78 लाख रुपए की लागत से सैला से भण्डारखेल, पन्द्रह करोड़ 1 लाख रुपए की लागत से उड़ता रामपुर रोड, छह करोड़ 77 लाख रुपए की लागत से चैतमा से तिवरता और पांच करोड़ 70 लाख रुपए की लागत से मदनपुर से बिंझरा तक सड़क निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। समारोह के दौरान पाली नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 2 एवं 3 में कुटारे चौक तक की सड़क शामिल है।

विधायक संतराम नेताम ने मुख्यमंत्री से मिलकर किसानों के धान खरीदी को लेकर की चर्चा

नवप्रदेश संवाददाता

केशकाल। विधायक संतराम नेताम ने मुख्यमंत्री से मिलकर किसानों के धान खरीदी को लेकर चर्चा की। केशकाल विगत दिनों दो दिवसीय चक्का जाम व किसानों द्वारा धान खरीदी को लेकर आ रही परेशानियों को देखते हुए आज कोंडागाँव जिले के समस्त किसानों की मांग को लेकर स्थानीय विधायक संतराम नेताम द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से तरिमा एयरपोर्ट अंबिकापुर में मिलकर इस पर त्वरित कार्रवाई करने की बात कही जिस पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ को फोन पर बात कर तत्काल कोंडागाँव जिले के समस्त किसानों की धान खरीदी की बात कही वह पूर्ण आश्वासन दिया कि कोंडागाँव जिले के समस्त किसानों का धान हर कीमत में खरीदा जाएगा इस पर विधायक संतराम नेताम ने कहा कि किसानों की मांग जायज है वह उनके एक-एक धानका खरीदा जाएगा वह बोनस में भी किसी भी प्रकार का कोई भी दिक्कत नहीं आएगा भाजपा द्वारा लगातार किसानों के भड़काने की कोशिश की जा रही है लेकिन किसान समझदार है थोड़ी परेशानियों का सामना जरूर करना पड़ रहा है किंतु समस्त किसानों से वादा है कि सरकार द्वारा धान का एक-एक करण खरीदा जाएगा वह बोनस भी दिया जाएगा किसी भी प्रकार की कोई भी लापरवाही करने पर अधिकारी कर्मचारियों को सख्त आदेश दिया गया है कि किसान के मामले में किसी भी प्रकार की कोई भी मामला सामने आया तो त्वरित कार्रवाई प्रशासन के खिलाफ किया जाएगा।

अब 29 फरवरी को होगी सतरेंगा में कैबिनेट बैठक

कोरबा। छत्तीसगढ़ शासन के मंत्रिमंडल की सतरेंगा में होने वाली बैठक की नई तारीख़ लगभग तय हो गयी है। सूत्रों के मुताबिक यह बैठक 29 फरवरी को होगी। हालांकि अभी इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। इस बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित सभी 12 मंत्री शिरकत करेंगे। सरकार के वरिष्ठ मंत्री टीएस सिंहदेव की माताजी के निधन और इसके बाद के कार्यक्रम को देखते हुए 23 फरवरी को निश्चित की गई कैबिनेट की बैठक स्थगित कर दी गई थी। यहां बताना होगा कि कोरबा जिले के ग्राम सतरेंगा को मॉर्डन टूरिज्म स्पॉट के रूप में विकसित करते हुए इस स्थान को राज्य व देश के पर्यटन के नक़्शे पर लाने की कवायद चल रही है। सतरेंगा हसदेव बांगो बांध का कैचमेंट एरिया है। यहां पर समुद्र की तरह अथाह जलराशि है। मंत्रिमंडल की बैठक इसी पानी पर तैरते हुए जीटी पर होगी। बताया जा रहा है कि कैबिनेट द्वारा टूरिज्म पॉलिसी की घोषणा भी की जाएगी। कलेक्टर किरण कौशल के नेतृत्व में सतरेंगा का कायाकल्प हो रहा है। प्रदेश के राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने सतरेंगा पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया था।

जाति प्रमाण पत्र जारी करने वाले अफसरों ने लिया प्रशिक्षण

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के मार्गदर्शन में कलेक्ट्रोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में आज शनिवार 22 फरवरी 2020 को आदिम जाति अंनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर द्वारा जाति प्रमाण पत्र जारी कर्ता एवं अन्य संम्बंधित अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित हुआ। प्रशिक्षण में आदिमजाति अंनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर के सेवा निवृत्त उपसंचालक श्री जी.एम.झा के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उन्होने प्रशिक्षण में अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्गो के जाति प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी तथा जाति प्रमाण पत्र जारी करते समय आने वाली समस्याओं, मात्रात्मक त्रुटिओं का बारिकी से परीक्षण कर निराकरण करने हेतु आवश्यक सुझाव दिये। उन्होने अनुसूचित जनजाति , अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछडा वर्ग के अनुसूचि में आने वाली जातियों के संबंध में जानकारी दी तथा जाति प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में अधिकरीयों द्वारा पुछे गये विभिन्न प्रश्नों का निराकरण कर विस्तृत जानकारी दी गई तथा जाति प्रमात्र पत्र जारी करते समय बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों से अवगत कराया गया।

कार्यकर्ताओं की कमी ने फीका कर दिया धरना-प्रदर्शन

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। किसानों के मुद्दे को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के आवाहन पर 1 दिवसीय धरना प्रदर्शन का आवाहन किया गया था, इसी कड़ी में रविवार को नगर के पड़ाव चैक में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया,, जहा एक तरफ पुलिस ने इस प्रदर्शन को लेकर चाक चैबंद व्यवस्था की थी,, वही दूसरी तरफ किसानों की नगण्यता और कार्यकर्ताओं की कमी ने जिले में इस धरना प्रदर्शन को फीका कर दिया।

पूरे प्रदेश भर में किसानों का अलग अलग तरीको से विरोध प्रदर्शन हो रहा है, कही फाग गीत गा कर तो कहि अपनी आर्थिक तंगी से परेशान हो कर अब किसान इच्छामृत्यु की भी इच्छा करने लगे हैं,, वही सरकार दूसरी तरफ बंफर धान खरीदने का दावा कर रही हैं, बरहाल जमीनी स्तर पर देखे तो मौसम की मार और लापरवाही का आलम जिले की हर खरीदी केंद्र में देखने को मिला है,, एक एक बीज खरीदने का वादा करने वाली सत्तारूढ़ सरकार द्वारा जहां खरीदी की आखरी तारीख को 5 दिन बढाना महज एक छलावा ही नजर आया। वही लगभग दो माह से प्रशासनिक व्यवस्था का दंश झेल रहे किसानों की याद भी तारीख बढ़ने के बाद अंतिम कुछ दिनों में भाजपा को आई जब किसानों को अपने हक के लिये सड़को पर उतर लाठियां खानी पड़ी।

किसानों को धोखा देने का लगाया आरोप

देर आये दुरुस्त का इंतजार तो इस बार शायद किसानों को भी होगा कि सत्ताधारी न सही विपक्ष तो साथ रहे, इसी तारतम्य में आज भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन महाराणा प्रताप चैक पड़ाव जिला में किया गया। भाजपा ने प्रदेश में कांग्रेस की सरकार पर किसानों को बरगला कर, उन्हें धोखा देकर,लोकलुभावन वादे कर काबिज हुई है। सहज सरल किसान कांग्रेस सरकार की नीतियों से ठगा सा महसूस कर रहे हैं। किन्तु इसके विपरीत किसानों ने पंचायत चुनाव में कांग्रेस को जीता कर भरोसा दिखाया है पंचायत चुनाव में जहा कांग्रेस को ज्यादातर कमान सम्हालने का मौका जनता ने दिया, वही आज भाजपा के धरना प्रदर्शन में भी किसानों की उपस्थिति नगण्य ही रही।

छत्तीसगढ़ के बिजली उत्पादन में कोयला नहीं होगा रोड़ा

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। बिजली उत्पादन के लिए लगातार कोयला संकट से जूझ रही छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी ने बड़ा कदम उठाया है। कंपनी ने अपने थर्मल पावर प्लांटों में खुद की कोयला खदानों से आपूर्ति करने की तैयारी कर ली है। इससे न सिर्फ कंपनी की बिजली उत्पादन बढ़ेगा बल्कि प्लांट रुकने से कंपनी को होने वाले राजस्व का नुकसान भी नहीं होगा। दरअसल बिजली कंपनी के 1000 मेगवॉट मड़वा पावर प्लांट में बिजली उत्पादन के लिए हर दिन लगभग15 हजार टन कोयले की जरूरत होती है। लेकिन आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में आए दिन प्लांट को बंद करने की नौबत आती थी। इसे देखते हुए बिजली कंपनी अब अपने खुद के रायगढ़ स्थित गारे पेलमा खदान से कोयले की आपूर्ति करेगी। मार्च 2020 तक पांच लाख टन कोयला निकाले का लक्ष्य रखा गया है। इसमें अब तक ढाई लाख टन कोयला निकाला जा चुका है। 20 साल के लिए अनुबंध हुए इस प्लांट में बिजली कंपनी द्वारा एजेंसी के माध्यम से हर साल 15 लाख टन कोयला निकाला जाएगा।

700 करोड़ से अधिक का नुकसान

अधिकारियों के अनुसार पिछले वर्ष कोयले की कमी से जूझ रही बिजली कंपनी को लगभग 700 करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ था। मड़वा में ही एसईसीएल द्वारा कोयले की आपूर्ति नहीं करने की वजह से कई दिनों तक प्लांट बंद तक करना पड़ गया था। इससे बिजली कंपनी को वर्षभर के राजस्व में लगभग 10 फीसद तक का नुकसान झेलना पड़ा था। स्थिति को देखते हुए बिजली कंपनी ने कोयले को लेकर आत्मनिर्भर बनने के लिए बड़ा कदम उठाया।

मांग और आपूर्ति में बढ़ा अंतर

बिजली सहित अन्य प्लांटों के लिए कोयले की भूमिका अहम है। मौजूदा स्थिति में भारत में कोयले की मांग और आपूर्ति के बीच 150 मिलियन टन से अधिक की कमी है। केंद्र के सर्वे के अनुसार राज्य में 222 कोल ब्लॉक की पहचान की गई है। इसमें हसदेव, अरण्य, मांड रायगढ़, सोनहत, लखनपुर और सोहागपुर जैसे स्थान भी शामिल हैं। इधर बिजली कंपनी से इतर बात करें तो परसाकोल परियोजना आगामी चार वर्षों में राज्य को 1704 करोड़ रुपये राजस्व मिलने का अनुमान है, जो कहीं न कहीं स्थिति को बेहतर करने में अपनी मुख्य भूमिका निभा रही है।

कोयले को लेकर आत्मनिर्भर बनाएंगे

बिजली उत्पादन को प्रभावित करने की मुख्य वजह कोयला थी। आपूर्ति प्रभावित होने से जनरेशन कंपनी को काफी नुकसान हो रहा था। अब हमारे मड़वा में कोयले की आपूर्ति खुद के गारे पेलमा खदान से करेंगे। हमारे अन्य थर्मल प्लांटों को भी कोयले को लेकर आत्मनिर्भर बनाएंगे।

-एनके बिजौरा,
एमडी, छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी

1 अप्रैल से बीएस-04 वाहनों का नहीं होगा पंजीयन

मुंगेली। जिला परिवहन अधिकारी ने रविवार को यहां बताया कि माननीय सुप्रीम कोर्ट नई दिल्ली द्वारा भारत स्तर-04 (बी एस प्ट) वाहनों के संबंध मे पारित आदेश के अनुसार आगामी 1 अप्रैल 2020 से बीएस-04 वाहनों का पंजीयन नही होगा । उन्होने बताया कि वर्तमान में प्रचलित डीलर पॉइंट वाहन रजिस्ट्रेशन की प्रकिया मे आपके द्वारा विक्रय की गई वाहनों का पंजीयन चिन्ह तत्काल आबंटित किया जाता है , तत्पश्चात् आपके द्वारा पंजीयन हेतु आवश्यक दस्तावेज परिवहन कार्यालय में प्रस्तुत किया जाता है। आपके द्वारा प्रस्तुत किये गये समस्त आवश्यक वैध दस्तावेजों की जॉच करने के पश्चात् पंजीयन प्राधिकारी द्वारा वाहन 4.0 पोर्टल मे वाहन का पंजीयन अप्रूवल किया जाता है तभी वाहन को पूर्ण रूप से पंजीयन माना जाता है। चूंकि 01 अप्रैल 2020 से बीएस-04 वाहनों का पंजीयन नहीं किया जाना है अतः यह संभव हो सकता है कि जिन वाहनों का वैद्य दस्तावेज परिवहन कार्यालय मे जमा नही किया गया है और वाहन 4.0 मे अप्रूवल शेष है, उन वाहनो का पंजीयन अप्रूवल किया जाना संभव ना हो पाए। अतः आपकों निर्देशित किया जाता है कि बीएस-04 वाहनों के पंजीयन अप्रवल हेतु समस्त पेडिंग फाईल 29 फरवरी 2020 तक आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें ताकि आपके द्वारा विक्रय किये गये समस्त बीएस-04 वाहनों के बिक्री किया गया है, यह भी सुनिश्चित करे कि आपके द्वारा यदि बीएस-04 वाहनों के बिक्री किया गया है, तो संपूर्ण वैध दस्तावेज प्राप्त कर, निर्धारित समयावधि में पंजीयन कार्यवाही सुनिश्चित करें।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

प्रदेश में इस बार...

गौधन रक्षा के साथ उसकी उपयोगिता आज साबित कर दी है। गौठानों के गोबर में सूबे की मिट्टी मिलाकर जो रोजगार की शुरुआत अंधेरा दूर करने यानि कि दिया निर्माण से हुई थी। उसके बाद दूसरे चरण में गाय के गोबर-मिट्टी से गमला निर्माण ने क्रांति ला दी। अब गौठानों के उसी जरिए से मिलने वाले गोबर और लकड़ी के बुरादे से इकोफेंडली होली के लिए लकड़ियां तैयार की जाने लगी है। इस बार की होली प्रदेश में नई सत्ता, नई सोच के साथ ही नई परंपरा का रंग होलिका दहन में दिखाई देगा। एक पहल सेवा समिति व्दारा संचालित हमर गौठान देशी गाय के गोबर की लकड़ी से महज 2100 रुपए में 5 फिट की होली से लेकर फिर जितनी चाहे उतनी उंची होलिका सजाकर देगा। एक वक्त था जब होली त्यौहार के लिए लकड़ियां जुटाने में मुहल्ला समितियां हरेभरे पेड़ों को काटने से लेकर हजारों रुपए खर्च कर जलाऊ लकड़ियां फूंक देती थीं। अब एक पहल हमर गौठान व्दारा उपलब्ध देशी गाय के गोबर की तैयार लकड़ियों सो पर्व की पवित्रता और पर्यावरण की रक्षा भी आसान हो गई है।

एक पहल से...

पर्याप्त मात्रा में देशी गाय के गोबर की लकड़ियां रामसागर पारा अग्रसेन चौक रायपुर स्थित हमारे दफ्तर से उपलब्ध करवाई जा रही है। अब तक सैकड़ों पर्यावरण हितैषियों ने होली का ऑर्डर दे दिया है।

विस का बजट सत्र...

चलने वाले बजट सत्र में कुल 22 बैठकें होगी। बजट सत्र को लेकर सत्ता पक्ष से लेकर विपक्ष तक ने खूब सवाल लगाये हैं। 1900 से ज्यादा सवाल विधानसभा में इस बार सदस्य पूछेंगे। विपक्ष में इस बार बड़ी संख्या में सवाल किसानों से जुड़े पूछे गये हैं, वहीं शिक्षाकर्मियों और शिक्षा विभाग से जुड़े भी काफी सवाल हैं। कानून व्यवस्था, डीएमएफ, रेत खनन, धान खरीदी और निर्माण कार्यों को लेकर खूब सवाल पूछे गये हैं।

चने की आड़ में...

85 नग गांजे के लहलहाते पेड़ जब्त कर लिए। पुलिस टीम ने चने की आड़ में गांजे की खेती कर रहे एक युवक को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का नाम बिसाहू साहू बताया जा रहा है। वह भटगांव का ही रहने वाला है। बिसाहू के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है ।

अमेरिकी राष्ट्रपति के...

तय हो गया है कि वे इस रोड शो के दौरान कुछ समय बचाकर साबरमती आश्रम भी जाएंगे। ट्रंप का स्वागत करने के लिए गांधी आश्रम पूरी तरह से तैयार है। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप, बेटी इवांका व दामाद भी भारत आ रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति के भारत दौरे से पूर्व अमेरिकी सुरक्षा एजेंसियों के जवान अहमदाबाद पहुंच गए हैं। वे विभिन्न अत्याधुनिक सुरक्षा उपकरणों से लैस होकर भारत पहुंचे हैं।

इन मुद्दों पर होगी बातचीत

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच के सामरिक संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने सहित रक्षा, सुरक्षा, आतंकवाद से लड़ाई, व्यापार, ऊर्जा, दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क और अन्य द्विपक्षीय मुद्दों पर व्यापक चर्चा होगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने कहा, 'हम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की यात्रा की उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रहे हैं, इससे हमारे वैश्विक सामरिक संबंध और मजबूत होंगे।' उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच वार्ता समग्र होगी और इसमें रक्षा, सुरक्षा, आतंकवाद से लड़ाई, व्यापार, ऊर्जा, दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क और अन्य द्विपक्षीय मामलों सहित हमारी रणनीतिक भागीदारी से संबंधित मुद्दों पर चर्चा होगी।

कांग्रेस ने पीएम मोदी से...

सस्ता तेल सुनिश्चित करेंगे और क्या भारत के तीन अरब की रक्षा खरीद के बाद भारतीय स्टील निर्यात को बढ़ावा मिलेगा? उन्होंने पूछा कि ट्रम्प सरकार की प्रतिबंधात्मक आव्रजन नीतियों से एच-1बी वीजा प्रभावित हुआ है। भारतीयों को 85,000 एच-1बी वीजा में से 70 प्रतिशत ही वीजा मिल रहे हैं। उन्होंने पूछा कि एक करोड़ लोगों के भव्य समारोह के बाद क्या प्रधानमंत्री मोदी एच-1बी वीजा में ढील देने की बात करेंगे?

जाफराबाद व चांदबाग में...

भी प्रदर्शनकारी जमा हो गए। सड़क को जाम कर दिया गया। दोनों जगहों पर महिलाएं सड़क पर बैठी रहीं। इसकी वजह से सीलमपुर से यमुना विहार की तरफ वाला ट्रैफिक और वजीराबाद रोड से गाजियाबाद की तरफ जानेवाला ट्रैफिक प्रभावित हो गया। जाफराबाद में आंदोलन की एक सदस्य देवांगना कलिता ने बताया कि जाफराबाद में लंबे समय से प्रदर्शन चल रहा है लेकिन शनिवार देर रात करीब एक हजार महिलाएं अपने प्रदर्शन स्थल से कूच करके जाफराबाद मेट्रो स्टेशन के नीचे बैठ गईं। यहां बड़ी संख्या में पुलिस बलों को तैनात किया गया है। पुलिस ने उनसे सड़क से हटने की अपील की लेकिन प्रदर्शनकारी इस कानून के खिलाफ नारेबाजी करती रही।

आंदोलनकारियों को बदनाम...

लोगों और सामाजिक संगठनों को बदनाम करने के लिए तरह तरह की अफवाहें फैलाई जाती है ताकि आंदोलन को कमजोर किया जा सके। उन्होंने कहा कि संविधान बचाने के खिलाफ लड़ाई में समाज और हर समुदाय के लोग स्वयं घरों से निकलकर आ रहे हैं और प्रदर्शन कर रहे हैं।

बेटा दूसरी बार बना...

भी सफल हुआ हो, लेकिन वह अब भी एक सामान्य जिंदगी जी कर ही खुश हैं।

कर्मचारी संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। छ.ग. प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय आहवान पर विधानसभा चुनाव के अवसर पर जारी घोषणा पत्र में कर्मचारी हित में किए वादों को पूरा करने एवं लंबित मांगो पर ध्यानाकर्षण ज्ञापन रैली का आयोजन जिला शाखा के द्वारा आज दिनांक 22 फरवरी को किया गया। तथा मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन तैयार कर जिला कलेक्टर डॉ. नरेन्द्र सर्वेश्वर भूरे को सौपा गया। ज्ञापन में विधानसभा चुनाव 2018 के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के घोषणा पत्र में वादा किया गया था कि सरकार बनने पर सभी अधिकारी-कर्मचारियों को सेवाकाल में चार स्तरीय उच्चतर समयमान वेतन दिया जायेगा तथा अनियमित कर्मचारियों को नियमित किया जायेगा। घोषणा पत्र में किए वायदों को पूरा करने के लिए सरकार बनने के एक वर्ष बाद भी गम्भीरता पूर्वक विचार नहीं किया जा रहा है। जिससे कर्मचारियों में असंतोष है। राज्य के कर्मचारियों की वेतन विसंगति की समस्याओं के निराकरण के लिए तीन वर्ष पहले पूर्व मुख्य सचिवएस.के. मिश्रा की अध्यक्षता में प्रशासनिक सुधार आयोग का गठन किया गया था, आयोग ने अपनी रिपोर्ट यदि शासन को प्रस्तुत कर दिया है, तो उसे सार्वजनिक किया जाए और यदि अभी तक आयोग का प्रतिवेदन अप्राप्त है तो इसे शीघ्र प्राप्त कर कर्मचारी हित की अनुशंसाओं को लागू किया जाए और लिपिक सहित सभी संवर्गो की वेतन विसंगति को दूर किया जाए। महंगाई सूचकांक के आधार पर कर्मचारियों को देय 5 प्रतिशत महंगाई भत्ते का आदेश शीघ जारी कर कर्मचारियों को महंगाई से राहत प्रदान किया जाए ।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- रविशंकर शुक्ला*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

टाइगर के साथ कॉमेडी फिल्म में काम करना चाहती हैं श्रद्धा

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने कहा है कि वह टाइगर श्राफ के साथ कॉमेडी फिल्म में काम करना चाहती है। श्रद्धा कपूर और टाइगर श्रॉफ इस समय अपनी अपकमिंग फिल्म 'बागी 3' के प्रमोशन में बिजी हैं। श्रद्धा कपूर ने बताया कि टाइगर श्रॉफ के पास न केवल ऐक्शन बल्कि ह्यूमर साइड भी है। उन्होंने बताया कि टाइगर श्रॉफ एकमात्र ऐसे ऐक्टर है जो अपने ऐक्शन वाले रोल से फिल्म 'बागी 3' को आगे ले जा सकते हैं। श्रद्धा कपूर ने बताया कि टाइगर श्रॉफ बेहद अनुशासित हैं। उन्होंने कहा कि टाइगर का फनी साइड भी है और उनके साथ वह कॉमेडी फिल्म में काम करना चाहेंगी। 'बागी 3' में श्रद्धा कपूर और टाइगर श्रॉफ के अलावा रितेश देशमुख, विजय वर्मा, अंकिता लोखंडे भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। यह फिल्म 06 मार्च को रिलीज होगी।

तांत्रिक के गेटअप में नजर आये कार्तिक आर्यन

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन अपनी आने वाली फिल्म भूल भुलैया 2 में तांत्रिक के गेटअप में नजर आयेंगे। कार्तिक आर्यन की फिल्म 'लव आज कल' हाल ही में रिलीज हुयी है। कार्तिक इन दिनों फिल्म 'भूल भुलैया 2' की शूटिंग कर रहे हैं। शूटिंग जयपुर में हो रही है। उन्होंने शूट के पहले का मजेदार वीडियो शेयर किया है जिसमें वह तांत्रिक के गेटअप में तैयार नजर आ रहे हैं। वीडियो में वह फिल्म के टाइटल ट्रैक की धुन भी गुनगुनाते दिखाई दे रहे हैं। कार्तिक आर्यन ने कैप्शन दिया है कि इस लुक में स्माइल ही नहीं रुकती। फिल्म में कियारा आडवाणी और तब्बू स्पेशल रोल में हैं। फिल्म को अनीस बज्मी डायरेक्ट कर रहे हैं। वह पहले ही यह बात साफ कर चुके हैं कि 'भूल भुलैया 2' पहली फिल्म का सीक्वल नहीं है।

डर लगने पर हनुमान चालीसा पने लगता हूं: विकी कौशल

विकी कौशल इंडस्ट्री के ऐसे अभिनेता हैं, जिन्होंने अलग लुक्स के बावजूद अपने अभिनय कौशल के बल पर न केवल अपनी खास जगह बनाई बल्कि नैशनल अवॉर्ड के हकदार भी बने। इन दिनों वह चर्चा में हैं अपनी नई फिल्म भूत को लेकर। इस मुलाकात में वह फिल्म, अपने डर, सफलता, देश के मुद्दों के अलावा कटरीना कैफ के बारे में भी खुलकर बात करते हैं। **भूत जैसी हॉरर फिल्म करना रिस्क था:** बिलकुल, मुझे आज भी लगता है कि यह फिल्म मेरे लिए रिस्क है, मगर मुझे लगा कि आज का जो दौर है, वह रिस्क लेने वाला है। अगर आज रिस्क नहीं लिया गया, तो वह दौर बदल जाएगा। आज हम से लोग चाह रहे हैं कि हम उन्हें कुछ नया दिखाएं, कुछ एक्सपेरिमेंट करें। वह रिस्क फैक्टर चले या न चले वह हमारे कंट्रोल में नहीं है। पर आप अपना काम शिद्दत से करें।

बहुमुखी प्रतिभा से सिनेप्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर रही हैं पूजा भट्ट

जन्मदिन पर विशेष

मुंबई (वार्ता)। बहुमुखी प्रतिभा की धनी पूजा भट्ट ने न सिर्फ अभिनय बल्कि निर्माण और निर्देशन के तौर पर दर्शकों को अपना दीवाना बनाया है।

24 फरवरी 1972 को मुंबई में जन्मी पूजा भट्ट ने बतौर अभिनेत्री अपने करियर की शुरूआत अपने पिता महेश भट्ट के निर्देशन में बनी फिल्म डैडी से की। इस पिल्म में पूजा भट्ट के पिता की भूमिका अनुपम खेर ने निभायी थी। अपनी पहली हीं फिल्म के जरिये पूजा भट्ट ने दर्शकों के बीच अपने अभिनय का लोहा मनवा लिया। वर्ष 1991 में प्रदर्शित फिल्म दिल है कि मानता नही पूजा भट्ट के करियर की एक और सुपरहिट फिल्म साबित हुयी। महेश भट्ट निर्देशित इस फिल्म में पूजा भट्ट के अपोजिट आमिर खान थे। फिल्म की कहानी हॉलीवुड फिल्म ..इट हैपेंड वन नाईट ..पर आधारित थी । फिल्म में पूजा भट्ट और आमिर खान ने अपने चुलबुले अंदाज से दर्शकों का दिल जीतकर फिल्म को सुपरहिट बना दिया । वर्ष 1991 में पूजा भट्ट की एक और सुपरहिट पिल्म सड़क प्रदर्शित हुयी। महेश भट्ट के निर्देशन में बनी इस फिल्म में पूजा भट्ट की जोड़ी संजय दत्त के साथ काफी पसंद की गयी। वर्ष 1992 में पूजा भट्ट की फिर तेरी कहानी याद आयी और सर जैसी हिट फिल्मों में काम किया। वर्ष 1992 से वर्ष 1996 के बीच पूजा भट्ट ने तड़ीपार,चोर और चांद, नाराज, गुनेहगार, अंगरक्षक, चाहत, हमदोनो जैसी कुछ फिल्मो में अभिनय किया लेकिन सभी फिल्मे टिकट खिड़की पर बेअसर साबित हुयी।

रवीना टंडन की शादी की 16वीं सालगिरह ऐक्ट्रेस ने शेयर किया प्यारा कोलाज

ऐक्ट्रेस रवीना टंडन ने शादी से पहले ही 1990 में पूजा और छाया नाम की लड़की को गोद लिया था। वहीं, ऐक्ट्रेस और उनके पति अनिल थडानी को एक बेटी राशा और एक बेटा रणबीर है। बॉलिवुड की खूबसूरत और टैलंटेड ऐक्ट्रेसेज में से एक रवीना टंडन शनिवार को अपनी शादी की 16वीं सालगिरह मना रही हैं। 22 फरवरी को 2004 को शादी करने वाली रवीना टंडन ने सोशल मीडिया पर अपनी शादी की तस्वीर सहित कुछ अन्य तस्वीरों का कोलाज शेयर किया है। कोलाज में अपने पति के साथ मुस्कुराते हुए नजर आ रही ऐक्ट्रेस काफी खूबसूरत लग रही हैं। रवीना टंडन ने शनिवार को अपनी शादी की सालगिरह के मौके पर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने पति अनलि थडानी के साथ तस्वीरों का कोलाज शेयर किया है। इसके साथ ऐक्ट्रेस ने लिखा, 'हम दोनों को एक साथ 16 साल हो गए और जिंदगी भर साथ रहेंगे। हमेशा इतने प्यार और आशीर्वाद के लिए सभी का धन्यवाद।'

अनिल थडानी से की शादी

बताते चलें कि रवीना टंडन ने 2004 में अनिल थडानी से शादी की थी। रवीना और अनिल के एक बेटी राशा और बेटा रणबीर है। इसके अलावा ऐक्ट्रेस ने शादी से पहले ही 1990 में पूजा और छाया नाम की लड़की को गोद लिया था।

कप्तान हमेशा हीरो नहीं होता, वह हीरो बनाता है: रवि शास्त्री

- **शास्त्री बोले- मुझे इमरान खान की याद दिलाता है विराट कोहली का जुनूनी स्वभाव**
- **'टीम के खिलाड़ियों में अहं का टकराव अच्छा, खिलाड़ियों का बेस्ट आता है बाहर'**

मुंबई। करीब एक महीना पहले रवि शास्त्री मुंबई में एक कार्यक्रम में मौजूद थे और वह यहां खेल के चंचल स्वभाव की बात कर रहे थे। उन्होंने इस मौके पर वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से मिली हार को भी याद किया। शास्त्री ने उस हार को याद करते हुए कहा, 'तब ड्रेसिंग रूम में दो घंटे तक इतना सन्नाटा था, जो कान फाड़ रहा था। इसके बाद हम स्टेडियम छोड़ रहे थे तब करीब 5000 लोग वहां बाहर खड़े थे और वे कह रहे थे 'शाबाश लड़को, होता है (वेलडन गाइज, नेवर माइंड)।' यही खेल की खूबसूरती होती है, यह आपको ऊपर लेकर जाता है तो नीचे भी लेकर आता है। आप हमेशा मीठा.. मीठा.. मीठा.. पसंद नहीं करते।'

अब टीम इंडिया फिर से न्यूजीलैंड के खिलाफ खेल रही है। यहां सिर्फ मीठा मीठा मीठा नहीं है। भारत ने टी20 सीरीज में मेजबान का सफाया किया तो वनडे सीरीज में उन्होंने हमारा सफाया कर हिसाब चुकता कर दिया। अभी टेस्ट सीरीज जारी है और इसका रिजल्ट इस टूर की सफलता और असफलता को साबित करेगा।

दूसरों को राह दिखाती है लीडरशिप

इस दौरान कोच रवि शास्त्री ने नेतृत्व की विशेषताओं पर भी अपने विचार साझा किए। लीडरशिप की परिभाषा बताते हुए टीम इंडिया और मुंबई के इस पूर्व कप्तान ने कहा, 'लीडरशिप आपसे मांग करती है कि आप दूसरों को राह दिखाएं। आप (बतौर) अगले 12 महीनों में खुद को कहां देखना चाहते हैं। इससे संभवतः आपकी मनोदशा में बदलाव आता है।

प्लेयर्स के अहं से टीम को होता है फायदा

सीनियर खिलाड़ियों की इगो क्लैश (अहं के टकराव) पर शास्त्री ने कहा, 'यह अच्छा ही होता है क्योंकि इससे दोनों का बेस्ट बाहर आता है। मैं यह सब मैदान के बाहर से देख रहा था। अगर इससे आग ज्यादा लगती तो मैं वहां नियंत्रण के लिए था। लेकिन मैं चाहता था कि कुछ समय के लिए इसे चलने दिया जाए। क्योंकि यहां प्रतिस्पर्धा यह थी कि अगर वह 200 कर रहा, तो मैं 220 करूंगा। इससे किसको फायदा होगा? निश्चिततौर पर टीम को। लेकिन यह नियंत्रण से बाहर नहीं होना चाहिए और ऐसा हुआ भी नहीं। क्योंकि आप जानते हैं कि ऐसे विचारों और व्यवहार से आप टीम का मनोबल तोड़ते हैं। यह खेल आपको एक चीज और सिखाता है। वह यह- एक कप्तान हीरो नहीं होता। वह हीरो बनाता है।'

सीके नायुडू अंडर-23: यशस्वी ने लगाई सेंचुरी, अर्जुन रहे 'फ्लॉप'

मुंबई। मुंबई के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के बल्ले का जौहर अंडर-19 वर्ल्ड कप में सबने देखा। यह बल्लेबाज इस टूर्नमेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। फाइनल में भारत को भले ही हार का सामना करना पड़ा हो लेकिन इस खिलाड़ी ने 88 रन बनाकर खेलकर भारतीय पारी को संभाले रखा था। यह युवा खिलाड़ी अब वर्ल्ड कप के बाद सीके नायडू अंडर-23 टूर्नमेंट में खेल रहा है। मुंबई और पांडिचेरी के बीच वानखेड़े स्टेडियम पर खेले जा रहे मुकाबले में उन्होंने शानदार शतक लगाया है। वह अभी 211 गेंदों पर 171 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे हैं। वहीं कप्तान और विकेटकीपर हार्दिक जितेंद्र तमोरे 83 रनों पर खेल रहे हैं। मुंबई ने दो विकेट के नुकसान पर 334 रन बना लिए हैं। वह पांडिचेरी पर 115 रन की बढ़त बना चुकी है। मुंबई के कप्तान तमोरे ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहली पारी में आकाश करगावे के अलावा कोई दूसरा बल्लेबाज विकेट पर टिक नहीं पाया। आकाश ने 50 रन बनाए। मुंबई की ओर से मिलिंद मांजरेकर ने 15.5 ओवर में 41 रन देकर पांच विकेट लिए। पद्दुचेरी की पहली पारी 209 रनों पर सिमट गई।

महिला T20 वर्ल्ड कप: आत्मविश्वास से भरी टीम इंडिया का सामना बांग्लादेश से

पर्थ। मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ प्रभावशाली जीत के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारत आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप में सोमवार को यहां अपने दूसरे ग्रुप मैच में बांग्लादेश से भिड़ेगा। बांग्लादेश के खिलाफ उसका लक्ष्य अपना विजय अभियान जारी रखना होगा। लेग स्पिनर पूनम यादव के जादुई स्पेल की बदौलत भारत ने शुक्रवार को टूर्नमेंट के शुरुआती मैच में ऑस्ट्रेलिया को 17 रन से हराकर हैरान कर दिया। ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम को हराने के बावजूद हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम बांग्लादेश को हल्के से नहीं ले सकती। भारतीय टीम को यह अहसास बखूबी होगा कि उसे अपने इस प्रतिद्वंद्वी से 2018 में टी20 एशिया कप में दो बार हार झेलनी पड़ी थी। जेमिमा रोड्रिग्स और पहले मैच में 15 गेंदों पर 29 रन बनाने वालीं 16 वर्षीय सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा एशिया कप टीम का हिस्सा नहीं थीं। लेकिन अगर भारत को बांग्लादेश को हराना है तो शीर्ष क्रम में इन दोनों की भूमिका अहम होगी।

एशियाई चैंपियनशिप

जितेंद्र फाइनल में पहुंचे, सुशील के ओलिंपिक अभियान को झटका

- **WFI ने बनाया था नियम एशियाई चैंपियनशिप का पदक विजेता रेसलर को मिलेगा ओलिंपिक चांस**

नई दिल्ली। एशियाई चैंपियनशिप में 74 किलो भार वर्ग में अपना मेडल पक्का करने वाले पहलवान जितेंद्र ने इस भार वर्ग में कुश्ती का रोमांच और बढ़ा दिया है। भले ही एशियाई चैंपियनशिप में ओलिंपिक क्वॉलिफाइ का कोई कोटा नहीं है लेकिन इसके बावजूद जितेंद्र के मेडल से दो बार के ओलिंपिक पदक विजेता सुशील कुमार की तोक्यो जाने की उम्मीदों को झटका लगा है।

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने इस चैंपियनशिप की शुरुआत से पहले ही यह साफ कर दिया था कि जो पहलवान इस चैंपियनशिप में पदक जीतेंगे उन्हें ही ओलिंपिक क्वॉलिफाइंग टूर्नमेंट में भेजा जाएगा। इससे पहले इस प्रतियोगिता से पहले हुए ट्रायल्स के आधार पर ही रेसलर्स को ओलिंपिक क्वॉलिफायर ट्रायल्स की भी मान्यता थी लेकिन तब भारतीय कुश्ती महासंघ (WFI) के अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह ने मेडल नहीं जीतने पर दोबारा ट्रायल्स की बात कही थी।

दूसरी पारी में भी कोहली-पुजारा फेल, बैकफुट पर टीम इंडिया

348 के स्कोर पर सिमटी न्यूजीलैंड की पहली पारी, इशांत शर्मा ने झटके 5 विकेट

- **पहली पारी के आधार पर कीवी को 183 की बढ़त, भारत का टॉप ऑर्डर फिर फेल**
- **टॉप 4 बल्लेबाजों में मयंक अग्रवाल के अलावा नहीं चला कोई भारतीय बल्लेबाज**

वेलिंग्टन। कीवीलैंड में पहला टेस्ट मैच खेल रही टीम इंडिया मैच के तीसरे दिन भी दबाव से उबर नहीं पाई है। न्यूजीलैंड की पहली पारी आज 348 रन पर सिमटी, जिसके आधार पर कीवी टीम को 183 रन की बढ़त मिली। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक टीम इंडिया ने 4 विकेट गंवाकर 144 रन बना लिए हैं और वह न्यूजीलैंड से अभी भी 39 रन पीछे है। आज दिन का खेल खत्म होने पर उपकप्तान अजिंक्य रहाणे (25*) और हनुमा विहारी (15*) सुरक्षित क्रीज पर लौटे। मैच के चौथे दिन भारत को इन दोनों बल्लेबाजों से करिश्मे की उम्मीद है।

इससे पहले न्यूजीलैंड की पारी को समेटने में इशांत शर्मा की भूमिका अहम रही, जिन्होंने 68 रन देकर 5 विकेट अपने नाम किए। मेजबान टीम की ओर से कप्तान केन विलियमसन (89) के अलावा ग्रैंडहोम (43) और अपना पहला टेस्ट खेल रहे काइल जेमिसन (44) ने भी अहम पारियां खेलीं। इशांत के अलावा रविचंद्रन अश्विन ने 3, जबकि शमी और बुमराह के नाम भी एक-एक विकेट रहा।

भारत से दूसरी पारी में अच्छे खेल की उम्मीद थी लेकिन मयंक अग्रवाल के अलावा टॉप ऑर्डर के 4 बल्लेबाजों में से कोई भी बल्ले से योगदान नहीं कर पाया। लंबे समय बाद टेस्ट में वापसी कर रहे पृथ्वी साव 14 के निजी स्कोर बोल्ट का पहला शिकार बने। इसके बाद चेतेश्वर पुजारा ने अपना स्वभाविक खेल खेलते हुए धैर्य के साथ 81 गेंदों का सामना किया। पुजारा ने अपने मजबूत डिफेंस से कीवी बल्लेबाजों को कुछ देर विकेट से दूर जरूर रखा लेकिन वह उन्हें सफल होने से अधिक देर तक नहीं रोक पाए।

पुजारा बोल्ट का दूसरा शिकार बने और 81 गेंद खेलकर उन्होंने मात्र 11 रन बनाए, जिनमें कोई बाउंड्री शामिल नहीं थी। पुजारा के इस विकेट के साथ अंपायरों ने चायकाल की घोषणा कर दी। इसके बाद दिन के तीसरे और अंतिम सत्र में कप्तान विराट कोहली मयंक के साथ क्रीज पर उतरे। मयंक शानदार लय में नजर आ रहे थे लेकिन तीसरे सत्र में टिम साउदी की लेगस्टंप से बाहर जाती एक पर वह बैट अड़ा बैठे और विकेटकीपर वाटलिंग ने उनका कैच लपकने में कोई गलती नहीं की।

आदिवासियों की लोककला-संस्कृति को आगे बढ़ा रही सरकार: लखमा

■ प्रदेश में आदिवासियों की बेहतरी के लिए कई योजनाएं संचालित : उद्योग मंत्री

नवप्रदेश संवाददाता

नारायणपुर। बस्तर की कला, संस्कृति और बस्तर को जो जानत-पहचानते हैं, वह अबूझमाड़ को भी जानते हैं। माता मावली मेला बस्तर का सबसे प्राचीन मड़ई-मेलों में से एक है। इस मेले को उत्सव का रूप देने के लिए वे मुख्यमंत्री से बात करेंगे। उक्त बातें वाणिज्यक कर (आबकारी) एवं उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा ने माता मावली मेला के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के आसंदी से कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आदिवासियों की लोककला-संस्कृति को आगे बढ़ा रही है।

कलेक्टर एवं मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री पी.एस.एल्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। स्वागत भाषण में कहा कि 5 दिवसीय मेले में आम जनता के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यकमों के आयोजन किये गये, जहां लोगों ने अबूझमाड़ की कला संस्कृति की झलक देखी। वहीं आम जनता की भलाई के लिए चलायी जा रही योजनाओं पर आधरित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल भी लगाये गये। कार्यक्रम में सांसद बस्तर श्री दीपक बैज, बीजापुर विधायक श्री विक्रम मंडावी, विधायक नारायणपुर श्री चंदन कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती श्यामबती नेताम, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मांझी सहित क्षेत्र के पंचायत पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधी, गणमान्य नागरिका और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

मंत्री श्री लखमा ने कहा कि श्री भूपेश बघेल आदिवासियों की भलाई के बारे में सोचने और इस पर अमल करने वाले मुख्यमंत्री है, जिन्होंने प्रदेश के आदिवासियों की स्वास्थ्य, शिक्षा के साथ ही आर्थिक, सामाजिक स्थिति बेहतर करने के लिए कई योजनाएं संचालित की है। सरकार की प्रमुख योजनाओं में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक, नरवा, गरवा, घुरूवा एवं बाड़ी, स्थानीय बोलियों में पढ़ाई की व्यवस्था, आदि हैं। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही दिसम्बर माह में राजधानी रायपुर में तीन दिवसीय राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन किया। जिसमें छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न प्रांतों और विदेश के आदिवासियों ने अपनी, कला, संस्कृति का बेहतर प्रदर्शन किया था। उन्होंने कहा कि आदिवासी लोग अपनी लोक, कला और संस्कृति को सहज कर रखें, ताकि आने वाली पीढ़ी अपनी कला, संस्कृति पर गर्व कर सके। मंत्री ने अपनी पुरानी यादों को ताजा करते हुए कहा कि वह मेला देखने मोटर सायकिल, तो कभी ट्रक, बस से माता मावली के दर्शन और मेला देखने आया करते थे।

मंत्री श्री लखमा ने कहा कि बस्तर के आदिवासी लोग बुरी संगत से दूर रहकर सिर्फ प्रेम की भाषा समझते हैं। वे सिर्फ खेती और खुशी मनाने में अपना समय बिताते हैं। यहां के आदिवासी लोग देवी-देवताओं को मानने वाले लोग हैं। उन्होंने कहा कि इस अंचल के लोगों पर माता मावली का आशीर्वाद हैं। यहां अब पूरी तरह शांति दिखाई देने लगी है। उन्होंने कहा कि यहां के बच्चे में कुपोषण दूर करने हेतु सरकार द्वारा चना और गुड़ भी दिया जा रहा है। इसके साथ ही आंगनबाड़ी और मध्यान्ह भोजन में बच्चों को सप्ताह में दो बार अंडा भी दिया जा रहा है। जिससे बच्चे स्वास्थ्य और सुपोषित हो रहे हैं। पहले की अपेक्षा कुपोषण में निरंतर कमी देखने को मिल रही है। कार्यक्रम को सांसद श्री दीपक बैज, विधायक बीजापुर श्री विक्रम मंडावी और विधायक श्री चंदन कश्यप ने भी संबोधित किया। कलेक्टर श्री पी.एस.एल्मा ने कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट की।

बारहवीं की छात्रा नंदनी ने बनाई पैर से कलेक्टर, एसपी व जिपं सीईओ की तस्वीर

नवप्रदेश संवाददाता

जांजगीर-चाम्पा । एक कलाकार की कल्पना शक्ति में इतनी ताकत होती है कि वह बेजान तिनके में भी जान फूंक सकता है। लोग अलग-अलग माध्यमों से अपनी कला को प्रदर्शित करते हैं। जिले के शासकीय उच्चतरर माध्यमिक विद्यालय धुरकोट में कक्षा 12 वीं की छात्रा नंदनी बघेल की कलाकारी इन दिनों लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। नंदनी धान के पैरे से खूबसूरत तस्वीरें तैयार करती हैं।

उनकी कलाकारी में इतनी बारीकी है कि वे किसी व्यक्ति की पासपोर्ट साइज फोटो को देखकर पैरे की सहायता से हू-ब-हू उनकी तस्वीर तैयार कर लेती है। नंदनी ने इसी तरह से जिले के कलेक्टर जेपी पाठक की एक तस्वीर तैयार की और उन्हें भेंट की। कलेक्टर भी छात्रा की इस कला प्रतिभा को देख कर दंग रह गए और उसकी जमकर सराहना भी की। नंदनी ने बताया कि उसे इस तरह की पेंटिंग बनाने की प्रेरणा और तकनीकि जानकारी उन्होंने खुद की समझ से ही विकसित की है। उन्हें पेंटिंग बनाने का शुरू से शौक था। छात्रा ने इंटरनेट पर पैरे की सहायता से तस्वीरें बनाने का वीडियो देखा और फिर उसने भी इसमें महारत हासिल की। छात्रा ने बताया कि उसने कलेक्टर साहब की तस्वीर भी इंटरनेट से निकाली और उसे देखकर पैरे की सहायता से उसकी कॉपी तैयार की। नंदनी ने जिला पंचायत के सीईओ तीर्थ राज अग्रवाल और एसपी श्रीमती पारुल माथुर की भी इसी तरह की पेंटिंग बनाकर उन्हें भेंट की है। कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ ने पैरे से बनाई हुई तस्वीर की तारीफ करते हुए नंदनी को शाबासी दी और उसके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। नंदनी के पिता अनंदराम बघेल ग्राम पंचायत सुकली के पूर्व में उपसरपंच रह चुके हैं।

ब्लॉक टेक्नालॉजी मैनेजर के पद हेतु अंतिम पात्र अभ्यर्थियों की प्राविधिक चयन सूची जारी

जांजगीर-चांपा। उप संचालक कृषि जांजगीर द्वारा एक्सेटेंशन रिफार्म्स ''आत्मा योजनांतर्गत ब्लॉक टेक्नालॉजी मैनेजर एवं असिस्टेंट टेक्नालॉजी मैनेजर के रिक्त पदों को भरने हेतु दावे आपत्तियों के निराकरण के बाद तैयार अंतिम पात्र अभ्यर्थियां में से आरक्षणवार मेरीट क्रम के अनुसार प्राविधिक चयन सूची जारी कर दी गई है।कलेक्टर कार्यालय जांजगीर-चांपा से प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्लॉक टेक्नालॉजी मैनेजर के पद हेतु चयनित आवेदनों के नाम इस प्रकार है। विकास वर्मा अनारक्षित मुक्त, सौरभ कुमार अनारक्षित मुक्त, पवन कुमार अनारक्षित मुक्त, धनेश्वर अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त, कुमारी तोषी भगत अनुसूचित जनजाति मुक्त, विनोद कुमार अनुसूचित जनजाति महिला प्रवर्ग, असिस्टेंट टेक्नालाजी मैनेजर पद हेतु प्रगति सिंह अनारक्षित मुक्त, प्रेमनारायण अनारक्षित मुक्त, चंद्रिका सेठ अनारक्षित मुक्त, माधुरी अनारक्षित मुक्त, देवकुमार कश्यप अनारक्षित मुक्त, राधिका अनारक्षित महिला, लता साहू अनारक्षित महिला, भुवनेश्वर वर्मा, अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त, अनुभा साहू अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, विरेन्द्र कुमार अनुसूचित जाति मुक्त, कृति निगम अनुसूचित जाति मुक्त, बजरंग बली अनुसूचित जनजाति मुक्त,अमलदीप मिंज अनुसूचित जनजाति मुक्त, संध्या बैरागी अनुसूचित जनजाति मुक्त और पूर्णिमा अनुसूचित जनजाति महिला चयनित हुई है। उपरोक्त चयनित अभ्यर्थियों के चयन संबंधी दावा-आपत्ति 25 फरवरी तक कार्यालयीन अवधि में आमंत्रित किया गया है।

जपं अध्यक्ष राजेश राठौर के द्वारा विस अध्यक्ष डॉ महंत का एयरपोर्ट किया गया स्वागत

नवप्रदेश संवाददाता

पोरथा/सक्ती। जनपद अध्यक्ष बनने के बाद पहली मुलाकात को यादगार बनाने हेतु नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश राठौर द्वारा महंत जी के अत्यंत करीबी अपने छोटे भाई जिला कांग्रेस महामंत्री अमित राठौर के साथ विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर जाकर अभिषेक सिंह, राजीव जायसवाल,, मनोज राठौर के साथ डॉ महंत के अमेरिका से स्वदेश आगमन पर जोरद्वार स्वागत किया गया।डॉ महंत ने नवनिर्वाचीत जनपद अध्यक्ष राजेश राठौर को आशीर्वाद व अपनी शुभकामनाएं दी। अपने विधानसभा क्षेत्र होने के कारण उनका विशेष प्रेम क्षेत्र के लोगो पर दिख। विधानसभा अध्यक्ष डॉ महंत के जिला प्रतिनिधि ठाकुर गुलजार सिंह भी अपने समर्थकों के साथ वंहा उपस्थित थे। नव निर्वाचित अध्यक्ष राजेश राठौर ने उनसे भी आशीर्वाद लिया। गुलजार सिंह ने राजेश को पूर्व की तरह ही निडर रहकर कार्य करते रहने की सलाह दी।

एयरपोर्ट पर स्वागत किये सक्ती के जनप्रतिनिधि : विधानसभा अध्यक्ष डॉ महंत का निर्वाचन क्षेत्र सक्ति होने के कारण भी सक्ति का महत्व अपने आप प्रदर्शित होता है और ऐसे में सैकड़ों समर्थकों की अनुशासित भीड़ से नेता भी गदगद हो गए।डॉ महंत के साथ चल रहे ट्विंकल भाटिया और बंटी धनजल ने भी राजेश राठौर को अपनी शुभकामनाएं दी और सक्ती विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य हेतु सलाह दी।वंहा एयरपोर्ट में डॉ महंत के करीबी पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ,ठाकुर समर बहादुर ,गिरधर जयसवाल, कमल शर्मा और विकास नायक भी अपने समर्थकों के साथ उपस्थित थे।

■ न्यूज गैलरी

संयुक्त शिक्षाकर्मी और शिक्षक संघ ब्लॉक सक्ती की कार्यकारिणी गठित

पोरथा/ सक्ती। संयुक्त शिक्षा कर्मी शिक्षक संघ ब्लॉक सक्ती की ब्लॉक कार्यकारिणी की बैठक शंकर गुरूकुल स्कूल पोरथा में रखी गई । जिसमें संयुक्त शिक्षकर्मी //शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष नारायण देवांगन एवम राजेन्द्र राठौर की अनुशंसा से गठित की गई । जिसमें सर्वसम्मति से अभिमन्यु बघेल को कार्यकारी अध्यक्ष ,ओमप्रकाश जायसवाल को उपाध्यक्ष,प्रेमलाल पटेल को सचिव,गुगनलाल रात्रे को कोषाध्यक्ष वही महिला शिक्षिकाओ में से श्रीमती शमीम ख़ान को महिला प्रकोष्ठ का कार्यकारी अध्यक्ष,कु भारती देवांगन को उपाध्यक्ष,श्रीमती अदिति बनर्जी को ब्लॉक संयोजक एवम श्रीमती निशा साहू को सहसंयोजक बनाया गया । नवनियुक्त पदाधिकारियो ने एकस्वर में संगठन एवम शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखते हुए समर्पित भाव से काम करने की बात कही । वही संगठन के विस्तार के संबंध में चर्चा करते हुए बताया गया कि जो भी संगठन से जुड़ना चाहते है वे पदाधिकारियो से संपर्क कर निःशुल्क जुड़ सकते है और अपनी समस्याओं को रख सकते है ।संगठन के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि 1998 से वे शिक्षकों के हितों के लिये संघर्ष करते आ रहे है ।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस आज

जांजगीर-चांपा। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन आज 24 फरवरी को जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त शालाओं, केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, मदरसा, नीजि स्कूलों, अनुदान प्राप्त निजी स्कूलों को कृमि नाशक दवा दी जाएगी। माप अप दिवस में छुटे बच्चों को 28 फरवरी को दवा दी जाएगी। जिसमें बच्चों को संपूर्ण स्वास्थ्य पोषण स्तर, आयरन की कमी की रोकथाम से बौद्धिक विकास तथा शालाओं में उपस्थिति में सुधार हो सकेंगे। जिले में 3292 शालाओं, 2271 आंगनबाड़ी के तहत विकासखण्ड नवागढ़-918, अकलतरा-565, बलौदा-560, पामगढ़-605, बम्हनीडीह-571, जैजैपुर-585, सक्ती-605, मालखरौदा-556 एवं डभरा-598 केन्द्र चिन्हांकित किये गये हैं जिसमें 7 लाख 65 हजार 474 बच्चों को कृमि नाशक की गोली दी जाएगी।कलेक्टर जनक प्रसाद पाठक एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा हितग्राही बच्चों को कृमि नाशक की दवा खिलाने हेतु आमजनों से अपील की गई है।

संविदा कम्प्यूटर ऑपरेटर की परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी

जांजगीर-चांपा। उप संचालक कृषि जांजगीर द्वारा एक्सेटेंशन रिफार्म्स ''आत्मा योजनांतर्गत जिले में स्वीकृत संविदा पदों के विरूद्ध स्थित पदों पर भर्ती हेतु 31 जुलाई 2018 तक आवेदन प्राप्त किये गये थे। प्राप्त 88 में से 8 आवेदन पात्र मिले। रिक्त कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रोग्रामर के संविदा पदों एक रिक्त पद पर भर्ती हेतु कम्प्यूटर परीक्षा के लिए पात्र अभ्यर्थियों के नाम इस प्रकार है। प्रकाश कुमार सामान्य, योगेश्वर प्रसाद अन्य पिछड़ा वर्ग, अनिल कुमार अन्य पिछड़ा वर्ग, सतीश कुमार सामान्य, कुमारी अनिता पण्डा, श्री हरीश कुमार, सामान्य, कुमारी प्रीति यादव, अन्य पिछड़ा वर्ग और नागेश्वर पिछड़ा वर्ग है। उपरोक्त अभ्यर्थियों को कम्प्यूटर परीक्षा में उपस्थित होने हेतु परीक्षा तिथि समय एवं स्थान का अवगत कराया जाएगा।

कटेकल्याण धान खरीदी केन्द्र में 3 हजार क्विंटल धान की हुई खरीदी

■ जिले के सबसे दूरस्थ ईलाके जंगमपाल के 16 किसानों ने पहली बार बेचा धान

■ प्रशासन ने किसानों के धान परिवहन हेतु उपलब्ध करायी सुविधा

नवप्रदेश संवाददाता

दंतेवाड़ा। राज्य शासन की 25 सौ रुपये में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से उत्साहित जिले किसानों ने इस वर्ष सर्वाधिक धान का विक्रय किया है। यही नहीं बल्कि जिन किसानों ने अब तक कभी भी समर्थन मूल्य पर धान का विक्रय नहीं किया था, ऐसे किसान भी अपने धान को बेचने के लिये धान खरीदी लेकर आये। जिले के सबसे दूरस्थ कटेकल्याण तहसील अंतर्गत जंगमपाल के 16 किसानों ने पहली बार समर्थन मूल्य पर धान बेचा है। जंगमपाल से कटेकल्याण तहसील मुख्यालय करीब 96 किलोमीटर की दूरी पर है। यहां तक पहुंचने के लिये जंगमपाल के ग्रामीणों को पहले सुकमा जिले के तोंगपाल होकर बस्तर जिले के दरभा ब्लॉक मुख्यालय से गुजरकर आना पड़ता है। इतनी दूरी तय कर अपने धान को बेचने के लिये कटेकल्याण आना जंगमपाल के किसानों के लिये धन और समय दोनों की बर्बादी थी। इसे ध्यान रखते हुए कलेक्टर श्री टोपेश्वर वर्मा के निर्देश पर इस दूरस्थ क्षेत्र के किसानों को लाभान्वित करने हेतु संवेदनशीलता के साथ पहल किया गया। इस दिशा में जिला प्रशासन ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न एवं अन्य जरूरी सामग्रियों के भंडारण हेतु जंगमपाल तक जाने वाले वाहनों से उक्त किसानों के धान को कटेकल्याण धान खरीदी केंद्र तक परिवहन कराया गया।

2 मार्च से शुरू होगी परीक्षाएं

दंतेवाड़ा । छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 2 मार्च से आयोजित की जाने वाली हायर सेकंडरी तथा हाईस्कूल बोर्ड परीक्षाओं के लिए बीते 22 फरवरी को दन्तेवाड़ा में प्रश्न पत्रों तथा परीक्षा सम्बन्धी गोपनीय सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान दन्तेवाड़ा जिले के 21 परीक्षा केंद्रों और बीजापुर जिले के 17 परीक्षा केंद्रों के लिये प्रश्न पत्रों सहित परीक्षा सम्बन्धी गोपनीय सामग्री का वितरण केन्द्र प्रभारियों को सुरक्षा व्यवस्था के साथ किया गया। इस बारे में जिला शिक्षा अधिकारी श्री राजेश कर्मा ने बताया कि दोनों जिले के लिये परीक्षा सम्बन्धी गोपनीय सामग्री को वितरित करने के पश्चात उन्हें कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ रवाना किया गया। उक्त सभी परीक्षा सम्बन्धी गोपनीय सामग्री सम्बन्धित परीक्षा केंद्रों के निकटतम पुलिस थाने और चौकी में सुरक्षित रखा जायेगा। उन्होंने बताया कि दन्तेवाड़ा जिले के अंतर्गत कुल 21 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं।

दन्तेवाड़ा और कुआकोंडा में नवनिर्वाचित सरपंचों का उन्मुखीकरण कार्यशाला सम्पन्न

दंतेवाड़ा। गांव में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सहित लोक सेवाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ सुलभ कराने के लिये सकारात्मक पहल करें।इस दिशा में शिक्षा, स्वास्थ्य, समेकित बाल विकास सेवाओं को स्थानीय मैदानी अमले के जरिये सुनिश्चित करें। वहीं गरीबी उन्मूलन अभियान के तहत निर्धन परिवारों को स्थायी आयमूलक गतिविधियां संचालित करने प्रोत्साहित कर उन्हें आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने हेतु संवेदनशीलता के साथ प्रयास करें। इस हेतु ग्राम पंचायत में गहन विचार-विमर्श कर हितग्राहियों का चयन किया जाये और उन्हें लाभान्वित किया जाये। उक्त बातें कलेक्टर श्री टोपेश्वर वर्मा ने दन्तेवाड़ा और कुआकोंडा में नवनिर्वाचित सरपंचों के उन्मुखीकरण कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कही। कलेक्टर श्री टोपेश्वर वर्मा ने कार्यशाला में उपस्थित सरपंचों से जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप ग्राम विकास के कार्यों को सुनिश्चित करने की अपील करते हुए कहा कि आम जनता की सेवा करने के लिये जनप्रतिनिधी चुने गए हैं अतएव इस ध्येय को लेकर कार्य करें।

जिले के 110 केंद्रों में होगी दसवीं, बारहवीं की बोर्ड परीक्षा

नवप्रदेश संवाददाता

जांजगीर-चांपा। दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा के लिए शनिवार को शैक्षणिक जिला सक्ती और जांजगीर के परीक्षा केंद्रों के लिए शाउमावि क्र.-2 खोखराभांठा में प्रश्न पत्र का वितरण किया गया। वितरण का कार्य शनिवार व रविवार को हुआ। शनिवार को जिले के दूरस्थ थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले परीक्षा केंद्रों के केन्द्राध्यक्षों को प्रश्न पत्र बांटे गए। वितरण के दौरान सुरक्षा के लिए एक-तीन के पुलिस की तैनाती की गई थी।गोपनीय सामग्री लेने को लेकर सुबह से ही खोखराभाठा स्थित हाईस्कूल परिसर में काफी गहमा-गहमी रही। भीड़ के चलते वितरण स्थल पर खड़े होने की जगह नहीं मिल रही है, जिसके चलते केंद्राध्यक्ष और साथ आए स्टॉफ को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सुबह साढ़े 10 बजे से शुरु हुआ वितरण का कार्य पूरा होते-होते शाम हो गया। क्रमांक वार केंद्राध्यक्षों को प्रश्न पत्रों का वितरण किया जा रहा था। जिसे केंद्राध्यक्ष बारी-बारी से मिलान करते अपने साथ लाए पेटी में रखते दिखे।इसके बाद देर शाम तक पुलिस जवानों की मौजूदगी में पेटियों को संबंधित थाना क्षेत्र के रूटों वाले बसों में रखकर केंद्राध्यक्षों को रवाना किया गया।

आयोजन मुख्यमंत्री के सलाहकार का समिति ने किया सम्मान

अंजनी में शिव शक्ति मानस प्रतिष्ठान एवं महाशिवरात्रि महोत्सव आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। महाशिवरात्रि के अवसर पर ग्राम अंजनी में शिव शक्ति मानस प्रतिष्ठान एवं महाशिवरात्रि महोत्सव आयोजन समिति के द्वारा लगातार पंचम वर्ष एक दिवसीय मानसगान एवं आध्यात्मिक चिंतन महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ के नामचीन मानस मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति दी। मानस गान महोत्सव का शुभारंभ में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री के संसदीय सलाहकार राजेश तिवारी के सम्मिलित हुए विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हरनेक सिंह ओजला, जिला पंचायत सदस्य नरोत्तम पडोटी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तरेंद्र भंडारी, जनपद अध्यक्ष रामचरण कोर्राम, जनपद सदस्य कुमार मरकाम , एनएसयूआई प्रदेश महासचिव चमन साहू, ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश नाग, जिला महासचिव एनएसयूआई किसन साहू, सरपंच लखन मण्डावी आदि रहे। ग्रामवासियों को सम्बोधित करते हुए संसदीय सलाहकार राजेश तिवारी जी ने कहा कि रामचरित मानस मानव समाज को प्रेम सौहार्दपूर्ण जीवन जीने की कला सिखाती है। जिस प्रकार आईना देखने से चित्र को संवार सकते है उसी प्रकार रामचरित मानस से चरित्र को संवार सकते है। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला ने कहा कि राम चरित मानस से मैने कई व्यक्ति को सफल होते हुए देखा हूँ जिसका उदाहरण मैं स्वयं हूँ। लगातार सतत परिश्रम एवं धैर्य से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। हिन्दू धर्म एवं सनातन संस्कृति के प्रचार प्रसार के लिए इस प्रकार के धार्मिक आयोजन का होना नितांत जरूरी है। सम्मेलन में श्रद्धालुओं को हरनेक सिंह ओजला, तरेंद्र भंडारी, नरोत्तम पडोटी, रामचरण कोर्राम ने भी सम्बोधित किया। सभी अतिथि जन ग्राम अंजनी के स्वामी विवेकानंद नवयुवक मंडल के द्वारा की गयी अतिथियों को गाजे बाजे एवं पुराने रीति रिवाज के द्वारा की गई स्वागत परम्परा की भूरी भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर आयोजक समिति के संयोजक लोमेन्द्र यादव, अध्यक्ष उमेश मण्डावी, सचिव नरेंद यादव, कोषाध्यक्ष जयसिंह वट्टी, सरंक्षक अरुण यादव, मिथलेश बघेल सलाहकार सुखराम नेताम, पिलसाय वट्टी, अरुण वट्टी, चंद्रशेखर ठाकुर, राजेश रजक,ओमप्रकाश जैन,रामेश्वरी शोरी, ईश्वरी वट्टी, आरती वट्टी, तेजना बघेल, बिनेश्वरी नेताम, करिश्मा भास्कर एवं समस्त पदाधिकारियों का सहयोग रहा।

■ न्यूज गैलरी

कोरोना के असर से सोना 1,550 रुपये चमका

नयी दिल्ली (वार्ता)। चीन से फैले कोरोना वायरस कोविड-19 का संक्रमण नियंत्रित नहीं होने से बीते सप्ताह वैश्विक बाजारों के साथ दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 1,550 रुपये की छलाँग लगाकर सप्ताहांत पर 44,020 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुँच गया। यह लगातार दूसरा सप्ताह है जब दोनों कीमती धातुओं की चमक बढ़ी है। सर्राफा बाजार में पहली बार सोना 44 हजार रुपये प्रति दस ग्राम के पार पहुँचा है। चाँदी भी सप्ताह के दौरान 2,100 रुपये उछलकर 49,850 रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी जो इसका साढ़े पाँच माह का उच्चतम स्तर है। इनकी बढ़त विदेशी बाजारों के अनुरूप ही रही है।

चीन को पीछे छोड़ अमेरिका बना भारत का सबसे बड़ा व्यापार साझेदार

नयी दिल्ली ए.। अमेरिका ने चीन को पीछे छोड़कर भारत का सबसे बड़ा व्यापार साझेदार होने का तमगा हासिल कर लिया है। इससे भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते व्यापार संबंधों का पता चलता है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 2018-19 में भारत और अमेरिका के बीच 87.95 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार हुआ। इस दौरान भारत का चीन के साथ द्विपक्षीय व्यापार 87.07 अरब डॉलर रहा। इसी तरह 2019-20 में अप्रैल से दिसंबर के दौरान भारत का अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार 68 अरब डॉलर रहा, जबकि इस दौरान भारत और चीन का द्विपक्षीय व्यापार 64.96 अरब डॉलर रहा। व्यापार विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले समय में भी यह चलन बना रह सकता है क्योंकि भारत और अमेरिका आर्थिक संबंधों को बढ़ाने की कोशिश में जुटे हुए हैं। एक विशेषज्ञ का मानना है कि यदि दोनों देश मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) कर लेते हैं तो द्विपक्षीय व्यापार एक अलग ही स्तर पर पहुंच जाएगा। भारतीय निर्यात संगठन परिसंघ के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा अमेरिका के साथ एफटीए भारत के लिये बेहद फायदेमंद होगा क्योंकि अमेरिका भारतीय माल एवं सेवाओं का सबसे बड़ा बाजार है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ भारत का आयात और निर्यात दोनों बढ़ रहा है।

बर्कशायर को अलविदा कहेंगे वॉरेन बफेट

नई दिल्ली ए.। दुनियाभर में मशहूर सफल निवेशक वॉरेन बफेट ने शनिवार को बर्कशायर हैथवे से अपनी विदाई की बात कही। उन्होंने शेयरधारकों को अपना वार्षिक खत जारी किया, जिसमें लिखा- बर्कशायर हैथवे उनकी और चार्ली मुंगेर की विदाई के 100 फीसदी तैयार है। संभावना है कि उनके बाद भारत में जन्मे अजीत जैन कंपनी की कमान संभालेंगे।

कोरोना से चीन की अर्थव्यवस्था को 0.4% का नुकसान

आईएमएफ ने कहा–वायरस कंट्रोल नहीं हुआ तो और ज्यादा हो सकता है क्षति

रियाद वार्ता। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने कोरोना वायरस कोविड-19 के कारण चीन की अर्थव्यवस्था को इस साल कम से 0.4 प्रतिशत और वैश्विक अर्थव्यवस्था को 0.1 प्रतिशत का नुकसान होने की बात कही है। तथा यह भी चेताया है कि यदि वायरस के प्रसार को को नियंत्रित करने में देरी हुई तो आर्थिक नुकसान अधिक हो सकता है। आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टीना जॉर्जीवा ने यहाँ जी20 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों की बैठक को संबोधित करते हुये शनिवार को कहा हमने जनवरी में अनुमान व्यक्त किया था कि इस वर्ष वैश्विक आर्थिक विकास दर 2019 के 2.9 फीसदी से बढ़कर 3.3 प्रतिशत पर पहुँच जायेगी। लेकिन उसके बाद वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल के रूप में सामने आये कोविड-19 से चीन में आर्थिक गतिविधियाँ बुरी तरह प्रभावित हुई हैं।

अनुमान के पीछे का ऐसा है गुणा–भाग

आईएमएफप्रमुख ने कहा कि यदि कोराना वायरस का चीन की अर्थव्यवस्था पर बेहद कम असर हुआ तब भी उसके सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर अनुमान से 0.4 फीसदी कम रहेगी। स्थिति ज्यादा बिगड़ने पर जीडीपी को और अधिक नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा हमारे मौजूदा आकलन के अनुसार, सबसे अच्छी स्थिति में घोषित नीतियों और उनके सही क्रियान्वयन से वर्ष की दूसरी तिमाही में चीन की अर्थव्यवस्था सामान्य हो जायेगी। इसके फलस्वरूप वैश्विक अर्थव्यवस्था पर तुलानात्मक रूप से कम प्रभाव पड़ेगा जो जल्द खत्म हो जायेगा। उस स्थिति में चीन की विकास दर इस वर्ष 5.6 प्रतिशत रहेगी जो जनवरी के अनुमान की तुलना में 0.4 फीसदी कम है। ऐसे में वैश्विक अर्थव्यवस्था की विकास दर अनुमान से 0.1 फीसदी कम रहेगी। जॉर्जीवा ने कहा कि आईएमएफवायरस का प्रसार जारी रहने की स्थिति पर भी विचार कर रहा है। यदि ऐसा हुआ तो विकास दर पर और ज्यादा प्रभाव पड़ेगा।

चीन की सरकार नकारात्मक प्रभावों को कम करने का कर रही प्रयास

चीन की सरकार अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभावों को कम करने के प्रयास कर रही है। अर्थव्यवस्था में नकदी की उपलब्धता बढ़ाने, वित्तीय उपायों और वित्तीय मदद जैसे कई कदम उठाये गये हैं। आईएमएफने भी चीन के केंद्रीय बैंक के गवर्नर यी गैंग को इन नीतिगत उपायों को लागू करने में हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानना है कि मजबूत एवं मिलकर किये गये उपायों से चीन में तथा दुनिया के अन्य देशों में इस वायरस के प्रसार को रोका जा सकता है। हम अब भी यह समझने का प्रयास कर रहे हैं कि यह वायरस कैसे फैलता है। अनिश्चितता बहुत ज्यादा है और ऐसी स्थिति में कोई विश्वसनीय अनुमान लगाना कठिन है। बहुत सारी संभावनायें हैं। सब कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि कितनी जल्दी कोविड को नियंत्रित किया जाता है और चीन तथा अन्य प्रभावित देश अपनी अर्थव्यवस्था को सामान्य बनाते हैं।

भारतीय शेयर बाजार पर भी रह सकता है असर

मुंबई वार्ता। बीते सप्ताह गिरावट में रहने के बाद आने वाले सप्ताह में भी घरेलू शेयर बाजारों पर कोरोना वायरस का प्रभाव बना रह सकता है। कोरोना वायरस के कारण घरेलू विनिर्माण क्षेत्र पर बने दबाव और वैश्विक स्तर पर शेयर बाजारों में रही गिरावट के कारण गत सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 87.62 अंक यानी 0.21 फीसदी टूटकर सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन गुरुवार को 41,170.12 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 32.60 अंक यानी 0.27 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट में 12,080.85 अंक पर बंद हुआ। शुक्रवार को महाशिवरात्रि का अवकाश रहने से सप्ताह के दौरान चार दिन ही कारोबार हुआ। इसमें बुधवार को छोड़कर शेष तीन दिन सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त में रहे। दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली का जोर रहा। बीएसई का मिडकैप 0.21 फीसदी की बढ़त में 15,694.41 अंक पर और स्मॉलकैप 0.44 प्रतिशत चढ़कर सप्ताहांत पर 14,746.52 अंक पर पहुंच गया। आने वाले सप्ताह में विदेशी तथा घरेलू बाजारों की चाल इस बात पर निर्भर करेगी कि कोरोना वायरस को नियंत्रित करने के अंतर्राष्ट्रीय प्रयास कितना रंग लाते हैं और निवेशक इस स्थिति को किस प्रकार देखते हैं।

एचडीएफसी बैंक दो साल में लगाएगा 25 लाख पेड़

मुंबई। 25 साल पूरे होने के अवसर पर एचडीएफसी बैंक देश में 25 लाख पेड़ लगाएगा और 2500 सरकारी स्कूलों के क्लास रूम्स डिजिटाईज़ करेगा। यह कार्यक्रम #Parivartan के तहत किया जाएगा तथा अगले दो सालों में पूरा होगा।

परिवर्तन बैंक के सामाजिक परिवर्तन अभियानों के लिए बैंक का एक मुख्य प्रयास है, जिसमें पर्यावरण, सामाजिक एवं प्रशासन के क्षेत्रों में काम किया जाता है।

मुंबई में डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर मुनिसिपल स्कूल में आयोजित एक समारोह में आदित्य पुरी, एमडी, एचडीएफसी बैंक ने 25 लाख पौधों में से प्रथम अमरूद का पौधा लगाया। श्री पुरी ने स्कूल में एक डिजिटल क्लास रूम का उद्घाटन भी किया।

यह स्कूल बैंक द्वारा मुंबई में चुने गए 150 स्कूलों में से एक है।

स्वच्छ पर्यावरण एवं स्मार्ट क्लासरूम्स का कोई विकल्प नहीं। यदि हम अपने देश को दुनिया का एक प्रबल देश बनाना चाहते हैं, तो ये दोनों अत्यधिक आवश्यक हैं। हमने अपने अस्तित्व के 25 साल पूरे कर लिए हैं इसलिए हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हम समाज को वापस देने के लिए अपना प्रयास करे। हमारी ओर से अपने देश को दिया गया यह छोटा सा योगदान है। श्रीपुरी ने कहा एचडीएफसी बैंक की ग्रुप हेड, सीएसआर, मिस आशिमा भट्ट ने कहा, ''डिजिट लक्लास रूम्स से न केवल लर्निंग रोचक व इंटरैक्टिव बनती है बल्कि इससे कार्बन उत्सर्जन कम करने में भी मदद मिलती है।

रिजर्व बैंक अकेले मुद्रास्फीति नियंत्रित नहीं कर सकता

नयी दिल्ली ए.। रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर सी रंगराजन ने कहा है कि आरबीआई अकेले मुद्रास्फीति को नियंत्रित नहीं कर सकता क्योंकि आपूर्ति मामलों को सरकार द्वारा प्रबंधित करने की जरूरत है। नई मौद्रिक नीति रूपरेखा- इसका मतलब शीर्षक से जारी एक पत्र में रंगराजन ने आरबीआई की मुद्रास्फीति को काबू में रखने की सीमाओं के बारे में चर्चा की है। उन्होंने कहा मुद्रास्फीति का जो लक्ष्य दिया गया है, उसका एक एक दायरा होना चाहिए और उसके समायोजन को लेकर समय सीमा होनी चाहिए तथा यह बहुत अल्प अवधि का नहीं होना चाहिए। रंगराजन ने कहा इन सबके बावजूद मौद्रिक नीति को उन बातों पर ध्यान दिये बिना काम करना चाहिए जो मुद्रास्फीति को बढ़ावा देने वाले हों। स्पष्ट तौर पर आपूर्ति संबंधी मसले में आपूर्ति प्रबंधन की जरूरत होती है और यह सरकार की जिम्मेदारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में मुद्रास्फीति लक्ष्य को जो विचार अपनाया गया है, उससे कई संदेह और चिंताएं बढ़ी हैं।

इंडिफी से छोटे कारोबारियों को मिला 1 हजार करोड़ का ऋण

नयी दिल्ली (वार्ता)। फिनटेक कंपनी इंडिफी ने छोटे कारोबारियों को सुगमता से वित्त उपलब्ध कराने की अपनी कोशिशों को गति देते हुये 25 हजार से अधिक उद्यमियों को एक हजार करोड़ रुपये के ऋण उपलब्ध कराया है।

इंडिफी के अध्यक्ष संग्राम सिंह ने यहां कहा कि इंडिफी छोटे और मध्यम उद्यमियों तक क्रेडिट की पहुंच को आसान बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत के विशाल एसएमई क्षेत्र में वित्तीय समावेशन को सुविधाजनक बनाने और आगे बढ़ने के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कई ऐसे क्षेत्र है जिनके कारोबारी बेहतर वित्तीय प्रबंधन और वित्तीय लेखाजोखा पर अधिक ध्यान नहीं देते हैं जिसके कारण उनका सरलता से वित्त मिलना संभव नहीं होता है लेकिन उनकी कंपनी मशीन लर्निंग प्रौद्योगिकी का उपयोग कर उनके कारोबार और बैंकिंग का विश्लेषण कर ऋण उपलब्ध कराने में मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि अभी रेंस्त्रां, ब्यूटी पार्लर, सैलून, ऑनलाइन रिटेलर आदि को वित्त उपलब्ध कराया जा रहा है और इसके लिए बैंक, गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के साथ साझेदारी की गयी है। उनकी कंपनी ऋण के लिए आवश्यकत कागजी प्रक्रिया ऑनलाइन पूरी करती है और फिर अपने वित्तीय साझेदारों के साथ उसको शेयर कर संबंधित कारोबारी को ऋण उपलब्ध कराने में मदद करती है।

उन्होंने कहा कि उनके माध्यम से मिलने वाले ऋण पर अभी 17 से 24 फीसदी तक ब्याज लगाता है जो माइक्रोफाइनेंस कंपनियों की तुलना में बहुत कम है। इंडिफी ने संभावित ग्राहकों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए ऑनलाइन मार्केटप्लेसों के साथ ही कई ऐसे सेवा प्रदाताओं से भी रणनीति साझेदारी की है जिनके इस तरह के अधिक छोटे कारोबारी आते हैं। देश के 200 से अधिक शहरों में ऋण उपलब्ध कराये गये हैं। श्री सिंह ने कहा कि अभी लॉजिस्टक क्षेत्र में तेजी से नये उद्यमी आने लगे हैं और इनकी मांग भी बढ़ी है। इसी को ध्यान में रखते हुये इस क्षेत्र पर ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है और इस क्षेत्र को सुगमता से ऋण उपलब्ध कराने की तैयारी चल रही है। इसके साथ कृषि आधारित आपूर्ति श्रृखंला पर ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है।

रिपोर्ट | **अमेरिका में पिछले 50 सालों के दौरान आय की असमानता सबसे ज्यादा हो गई है**

26 लोगों के पास करीब 4 अरब लोगों जितनी दौलत

नई दिल्ली ए.। फ्री मार्केट्स ने नई-नई इंडस्ट्रीज को जन्म दिया है। कई ऐसे इलाज इजाद हुए हैं जिनके चलते करोड़ों जिंदगियां बचाई जा रही हैं और अरबों लोगों को गरीबी से उबारा है। लेकिन बीते कुछ वर्षों के दौरान जिस तरह से पूंजीवाद ने काम किया, आर्थिक असमानता ने बड़ा रूप ले लिया है। हर जगह मुनाफा बढ़ाने की होड़ है। आलम यह हो गया है कि दुनियाभर के 26 सबसे अमीर शख्स इतने अमीर हैं कि उनकी कुल दौलत 3.8 अरब गरीबों के बराबर है।

दुनिया के सबसे अमीर शख्सियतों की लिस्ट में ऐमजॉन के सीईओ जेफ बेजॉस, माइक्रोसॉफ्ट के फाउंडर बिल गेट्स, आरनॉल्ट, बर्कशायर हैथवे के बॉस वॉरेन बफे, अमानशिओ ऑर्टेगो, मार्क जकरबर्ग, लारी एलिसन जैसे मान शामिल हैं। टॉप 10 रईसों की दौलत को मिला दिया जाए तो 85 देशों की जीडीपी से भी ज्यादा है। एशिया में सबसे अमीर शख्स मुकेश अंबानी हैं, जो दुनिया के 13वें सबसे अमीर हैं।

अमेरिका में 0.1% अमीरों के पास 20% दौलत

बात अमेरिका की करते हैं, जहां पिछले 50 सालों के दौरान आय की असमानता सबसे ज्यादा हो गई है। अमेरिका के 0.1% अमीरों के पास पूरे अमेरिका की दौलत का 20% हिस्सा है। वहीं कई अमेरिकी ऐसे हैं जो 400 डॉलर इमर्जेंसी के लिए पे नहीं कर सकते। इसमें हैरान करवने वाली कोी बात नहीं कि पूंजीवाद का समर्थन करने वालों में सबसे ज्यादा युवा हैं। न्यू यॉर्क टाइम्स में छपे आर्टिकल के मुताबिक, सेल्सफोर्स के चेयरमैन व को-सीईओ मार्क बेनिऑफकहते हैं, 'मैं पूंजीवादी हूं लेकिन मानता हूं कि अब पूंजीवाद मर चुका है।' वह कहते हैं, मेरी सफलता ने मुझे लोकल स्कूलों में सुधार पर खर्च करने, बच्चों की हेल्थ, समुद्र सुरक्षा और बेघरों की मदद पर खर्च की इजाजत दी। मार्क अपने जैसे बिजनस लीडर्स से कहते हैं, मुनाफा जरूरी है लेकिन समाज भी उतना ही जरूरी है। और अगर मुनाफे का लालच समाज को पहले से बदतर हालत में पहुंचाता है तो इसका अर्थ यह है कि हम अपने बच्चों को लालची बना रहे हैं। वह कहते हैं नए किस्म के पूंजीवाद का समय आ गया है, जो पहले से ज्यादा अच्छा होगा और समानता की पैरवी करेगा। ऐसा पूंजीवाद जो सभी के लिए अच्छा होगा, जहां कारोबारी सिर्फमुनाफे के बारे में नहीं सोचेंगे बल्कि समाज पर खर्च भी करेंगे।

विदेशी मुद्रा भंडार 476 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर

मुंबई (वार्ता)। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण भंडार बढ़ने से देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार 21वें सप्ताह बढ़ता हुआ 14 फरवरी को समाप्त सप्ताह में पहली बार 476 अरब डॉलर के पार पहुँच गया। आरबीआई द्वारा जारी आँकड़ों के अनुसार, 14 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 3.09 अरब डॉलर बढ़कर 476.09 अरब डॉलर के नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच गया। यह लगातार 21वां सप्ताह है जब देश के विदेशी मुद्रा के भंडार में वृद्धि हुई है। इससे पहले 07 फरवरी को समाप्त सप्ताह में यह 1.70 अरब डॉलर बढ़कर 473 अरब डॉलर पर रहा था। केंद्रीय बैंक के अनुसार, 14 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में 2.76 अरब डॉलर की वृद्धि हुई और यह 441.95 अरब डॉलर पर पहुँच गया। सप्ताह के दौरान आरबीआई ने सोने की खरीद की जिससे स्वर्ण भंडार 34.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 29.12 अरब डॉलर हो गया।

आज का भविष्यफल

मेष: आज आपको अजनबी लोगों का सहयोग मिल सकता है। अकारण पड़ने वाले व्यवधान से लाभ मार्ग प्रभावित होगा। परिश्रम की आवश्यकता है। आपके लिए सक्रिय हुए विरोधी भी परास्त होंगे। निर्माण कार्य की आवश्यकता महसूस होगी।

वृषभ: कुछ आर्थिक और पारिवारिक संकोच अभी दबाव में रखेंगे। अधिक उत्साह और तत्परता से कार्य बिगड़ सकता है। शुभ संदेश भी आएगा व पुराने मित्रों से मुलाकात होगी। अनावश्यक शंकाओं से बचें।

मिथुन: पारिवारिक विषमताएं सिर उठा सकती हैं। मान सम्मान भी बढ़ेंगे और अप्रत्याशित लाभ की प्राप्ति भी होगी। आर्थिक लेन-देन में सावधानी बरतें। आपके द्वारा किए गए कार्यों का विरोध होगा। परिवार की समस्याओं के संबंध में कोई गलत निर्णय लेना कठिन होगा।

कर्क: परिश्रम के बाद वांछित लाभ होगा। दूर की यात्रा भी करनी पड़ सकती है। मानसिक परेशानी के चलते मन कुंठाग्रस्त रहेगा। अधूरे कार्य निपटाने होंगे। सुख व दुःख को समान समझकर सब कुछ भाग्य पर छोड़ दें।

सिंह: सहज ही सभी काम समय पर बनते नज़र आएंगे। अच्छे दिनों का संयोग मन को प्रफुल्लित करेगा। खर्च पर नियंत्रण रखना जरूरी है। व्यापार व व्यवसाय से संबंधित कई अनुभव होंगे। व्यापार व व्यवसाय से जुड़े जातकों की विभिन्न क्षेत्रों में साख बढ़ेगी।

कन्या: उत्सव और त्योहार में सम्मिलित होने के अवसर प्राप्त होंगे। अच्छे भोजन से स्वास्थ्य में वृद्धि होगी। शुभ समाचार का आना लगातार जारी रहेगा इसलिए वही कार्य करें जिसके बनने की उम्मीद हो। संतान के प्रति थोड़ा चिंतित होंगे।

तुला: कार्यक्षेत्र में आपकी धाक जमेगी व एक के बाद एक मामले सुलझते चले जाएंगे। स्वास्थ्य प्रभावित होगा जिससे कार्यक्षेत्र में अस्थिरता रहेगी। समय के अनुसार चलने से आप उन्नति करेंगे वरना समय आपको पीछे छोड़ देगा।

वृश्चिक: दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। जटिल कार्यों का निष्पादन होगा और लाभदायक उपक्रमों का संचालन भी होगा। मानिसक उलझनों के कारण सिरदर्द हो सकता है। संतान पक्ष की चिन्ता रहेगी। पड़ोसियों के कारण कुछ परेशानी हो सकती है।

धनु: वाहन और आवास संबंधी समस्याएं सिर उठा सकती हैं। शुभ संदेश आने से उत्साह बढ़ेगा और मित्रों का सहयोग भी प्राप्त होगा। स्वजनों का भी सहयोग मिलेगा। पर्याप्त धन संपदा हाथ में होने के बावजूद कुछ अशांति रहेगी। महत्वपूर्ण निर्णय सबसे पहले न लें।

मकर: पराक्रम भाव और पुरुषार्थ की योजनाएं बनेंगी और मित्रों का सहयोग बना रहेगा। किसी चल या अचल संपत्ति का पारिवारिक विवाद निपटाना आवश्यक होगा। पारिवारिक व्यवस्था बनाने में व्यस्त रहेंगे। सोचे हुए कार्य सफल होंगे और मित्रों द्वारा किए जा रहे विरोध में कमी आएगी।

कुंभ: किसी पर व्यर्थ के संदेह और तर्क वितर्क में समय और धन की हानि होगी। नियोजित कार्यक्रम भी सफल होंगे और आर्थिक लाभ का सुअवसर भी आएगा। पितृपक्ष से लाभ की आशा रहेगी। पुराने दोस्त के आगमन से परिवार में व्यस्तता बढ़ेगी।

मीन: लाभकारी समय है, युक्ति और व्यवहार से सब कुछ पा सकते हैं। जटिलताएं खत्म होंगी और विरोधी भी परास्त होंगे। खानपान में परहेज करना ही युक्ति संगत है।

शब्द सामर्थ्य -

बाएं से दाएं

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छींक, लड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

ऊपर से नीचे

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक का हल

दि	क्र	त		आ	सा	न		आ
ल		मी		खि		सी	ख	ना
	म	ज	बू	र		ह		जा
स	र्द			का		त	रा	ना
र				र	वि		ह	
प	ह	ना	ना		ना	रा	ज	
ट			क	शि	श		नी	ला
	र			का		रा		य
खा	ति	र	दा	री		त	क्ष	क

1180 करोड़ का रिकॉर्ड 6.50 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा

1 लाख 50 हजार किसानों को मिला फायदा गत वर्ष से 21 हजार ज्यादा किसानों ने बेचा धान

बलौदाबाजार। राज्य सरकार द्वारा इस साल जिले में 1180 करोड़ रूपये के रिकार्ड 6 लाख 50 हजार मीटरिक टन धान की खरीदी की गई है। गत वर्ष के 6 लाख 36 हजार मीटरिक टन की तुलना में इस साल 14 हजार मीटरिक टन ज्यादा धान की खरीदी की गई है। पिछले साल जहां 1 लाख 29 हजार किसानों ने धान बेचा था, वहीं इस साल जिले में 1 लाख 50 हजार किसानों ने धान विक्रय किया है। इस प्रकार इस साल पिछले साल की तुलना में लगभग 21 हजार ज्यादा किसानों ने राज्य सरकार की धान खरीदी योजना का लाभ उठाया है। जिला सहकारी बैंक की 16 शाखाओं के अंतर्गत 86 सहकारी समितियों के जरिये इस वर्ष धान की खरीदी की गई। किसानों की सुविधा के लिए इन 86 समितियों के अंतर्गत 151 धान खरीदी केन्द्र बनाये गये थे। राज्य सरकार के निर्देशानुसार 1 दिसम्बर 2019 से धान खरीदी कार्य की शुरूआत हुई जो कि 20 फरवरी तक चली। पूर्व में 15 फरवरी तक धान खरीदी की सीमा निर्धारित की गई थी, लेकिन बेमौसम बारिश की वजह से आई कुछ दिक्कतों के कारण इस पांच दिन और बढ़ाकर 20 फरवरी की गई। राज्य सरकार की धान खरीदी योजना का लाभ जिले के वास्तविक किसानों को मिले, इसे देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा चाक-चैबंद व्यवस्था की गई थी। सहकारिता मंत्री श्री प्रेमसाय सिंह टेकाम, प्रभारी सचिव श्री अविनाश चम्पावत, पंजीयक सहकारिता श्री धनंजय देवांगन एवं संभागीय आयुक्त श्री जी.आर. चुरेन्द्र ने भी अनेकों बार इन समितियों का दौरा कर खरीदी व्यवस्था का अवलोकन किया।

जिला कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल एवं एसपी नीतु कमल के नेतृत्व में सफलता पूर्वक धान खरीदी का महत्वपूर्ण अभियान कामयाब हुआ। कोचिया किस्म के लोगों और धान के अवैध व्यापारियों पर भी कठोर कार्रवाई की गई।

बातों...बातों में...

सुकांत राजपूत

चाय की परंपरा का वेट

नौकरशाह अब सीएम की चाय पीने के लिए बेकरार रहते हैं। हो भी क्यों न..? अब चाय की परंपरा का हर वो आईएएस वेट करता है जिसने सरकार के लिए कुछ इतर किया हो। जैसे आदिवासी नृत्य महोत्सव सोच से ज्यादा कामयाब रहा तो समारोह के इंतेजामिया कमेटी वाले आईएएस बेखटके दाऊ संग चाय चुसुक चुसुक के अपन मुंह तीर उड़ेलत रीहीसे। इसके बाद दूसरा मौका मिला पारंपरिक खेलकूद ल सफल करने वालों को चुस्की लेने का मौका दिया गया। सीएम की महती अमेरिका यात्रा के मेन हीरो की चाय होनी बाकि है। वैसे सत्र की व्यस्तता न होती तो बाकायदा उन्हें अब तक हाथ में चाय का कप तो पकड़ा ही दिया गया होता। खैर, अब देर से ही सहीं सत्र के बाद हर एक आईएएस को उनके काम के स्वाद की चाय पिलाने दाऊ जी खुद बेकरार हैं। सीएम ने चाय पिलाना शुरु किया है तो सीएस ने नो टी परंपरा पर चलने लगे हैं।

नो ट्वीट..रेस्ट करें साहब

राजमाता के शोक मिलन में बड़े-बड़े कतारबध्द थे। सरगुजा जाने वालों की फेहरिस्त देखकर ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि इंतजामात भी शाहना थे। मंत्री, अफसर विधायक क्या मीडिया के आला भी शामिल हुए। सभी दुखी थे, बड़े जोगी भी इनमें एक नाम शामिल हैं। हालाकि वे खुद कमजोर हो गए हैं पर राजमाता को श्रध्दांजलि देने पहुंचे। बस फिर क्या दो बार वे वहां गश खाकर निढाल हुए और वहां मौजूद सभी ने रिस्क न उठाते हुए आनन-फानन में उन्हें उचित चिकित्सकीय देखरेख का इंतजाम कर रवाना किया। छोटे जोगी और चिकित्सकों के मुताबिक अब बड़े जोगी(साहब)ठीक हैं। लेकिन बड़े साहब है बड़े जिद्दी वे ठीक होते ही उनके लिए की गई तत्काल सेवाओं के लिए ट्वीट कर धन्यवाद क्या दिये सब हक्का बक्का है। कोई नो ट्वीट तो कोई ऑनली रेस्ट बोल रहा है।

कमल में मुछों वाले दमदार

भाजपा संगठन में जल्द ही बड़ा बदवाल होने वाला है। हालाकि यह अब तक हो जाना चाहिए था, लेकिन नामालूम कारणों से हर बार टल जा रहा है। एक तरफ मुछमुंडों की जिद है तो दूसरी तरफ मुछों वाले दमदार का दावा है। वैसे भी प्रदेश संगठन में बीजेपी में एक ही मुछों वाला दमदार हुआ जो अब नहीं है। जो मुछमुंडें से हैं वो काफी साबित नहीं हो रहे। संगठन स्तर पर मंथन और चर्चा के बीच अचानक ही मुंछों वाले नेता जी बड़े दिन बाद बक्का फोड़े हैं। मुंह खुलते ही निकला बीजेपी को अब दमदार नेतृत्व की जरुरत है। मतलब साफ है प्रदेश संगठन का दारोमदार किसी उन टाइप के मुंछों और बालों वाले को सौंपना चाहिए। उनका गृहक्षेत्र में बैठकर यह तकरीर मुंछमुंडों को एक नहीं सुहा रहा। इस चक्कर में कहीं फिर संगठन के बदलाव में देरी न हो जाए।

फिर जोहना पड़ेगा बाट

निकाय के बाद पंचायत चुनाव का वक्त मंत्रालय स्तर पर बदलाव का माना जा रहा था। फिर अमेरिका टूर निकल पड़ा और अब विधानसभा का बजट सत्र शुरु हो गया है। सत्र भी

इक्के-दुक्के दिन वाला नहीं बल्कि पूरे 43 दिन चलाए जाने की कोशिश का है। हालाकि 43 नहीं तो 30 दिन का सत्र तो होगा ही। भले ही हंगामा, विवाद से भरा दिन हो और टलता रहे पर चलेगा पूरे माह भर से ज्यादा। इसके चलते मंत्रालय में सचिव स्तर पर संभावित उलटफेर को लेकर अफसरों की जो खुशफहमी बनी हुई थी वह अब काफूर हो चुकी है। वजह साफ है अगर सत्र के दौरान कोई विभाग विपक्ष के टारगेट में आ गया तो तय मानिए गाज भी उसके ही विभागीय अफसरों पर पड़ेगी। ऐसे में मंत्रालय स्तर पर उलटफेर में वे किसी गलतफहमी के शिकार हो गए तो फिर समझो उनका अल्लाह मालिक...!

अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार, 65 पव्वा अंग्रेजी शराब जब्त

रायपुर। गुढ़ियारी क्षेत्र में अवैध शराब बेचने के जुर्म में पुलिस ने पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो अलग-अलग जगहों से दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 65 पव्वा अंग्रेजी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गुढ़ियारी पुलिस ने अवैध शराब बेचने की सूचना पर रेलवे लोको खोली गुढ़ियारी के पास रमेश साहू 52 वर्ष को रंगे हाथों अवैध शराब बेचते पाये जाने पर 33 पव्वा अंग्रेजी शराब जब्त किया है। इसी तरह गोंदवारा रोड अंडरब्रिज के पास शेख तवरेज 34 वर्ष को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर उसके पास से 32 पव्वा अंग्रेजी शराब जब्त किया गया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34-2 के तहत कानूनी कार्रवाई किया गया है।

कोरबा में 500 मीटर लंबे तिरंगे के साथ सीएए के समर्थन में निकली रैली

कोरबा (नवप्रदेश)। समान नागरिकता कानून के समर्थन में कोसाबाड़ी हनुमान मंदिर से समर्थकों का हुजूम देखते ही बन रहा था। हाथों में तिरंगा लिए और जय श्रीराम व भारत माता की जय के नारे लगाते हुए ।रत रक्षा मंच कोरबा के सदस्यों ने सीएए के समर्थन में कोसावाडी हनुमान मंदिर से घंटाघर तक तिरंगा यात्रा निकाली। 500 मीटर लंबे तिरंगे के साथ यात्रा निकाली गई। भारी भीड़ के बीच हर हाथ मे तिरंगा था और जुबान पर भारत माता की जय के के नारे। यात्रा के समापन पर एक आवेदन सिटी मजिस्ट्रेट कोरबा के कार्यालय में प्रस्तुत किया गया। प्रशासन ने यात्रा की अनुमति नहीं दी थी।

सिर्फ केशकाल के किसानों के टोकन पर धान खरीदने का सीएम ने दिया निर्देश

- **बस्तर संभाग के बाकी किसानों के धान खरीदने का निर्देश नहीं**
- **बाकी किसानों का पुलिस व प्रशासन के साथ सामने आ सकता है टकराव**

नव प्रदेश संवाददाता

कांकेर। जिले के केशकाल में जिन किसानों के पास टोकन है, उन किसानों के धान की खरीदी की जाएगी। धान खरीदी किए जाने की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुख्य सचिव आर पी मंडल को निर्देश दिए है। लेकिन बस्तर संभाग के बाकी किसानों के धान खरीदने का निर्देश नही दिये गये हैं। केशकाल किसानों को पुलिस के ड़डे खाने का ईनाम मुख्यमंत्री से मिलने की बात किसान कर रहे हैं। बाकी बस्तर संभाग के किसानों को भी पुलिस के ड़डे खाने की व्यवस्था करनी पड़ेगी इसके बाद ही उनके धान खरीदने का निर्देश मिलेगा, यह यक्ष प्रश्न है?

ज्ञात हो कि बस्तर संभाग के लगभग सभी क्षेत्रों के किसानों की यही मांग थी कि बारदाने की कमी के कारण 20 फरवरी से पहले किसानों के धान की खरीदी लगभग थप्प पड़ गई थी। दक्षिण बस्तर में तो और भी हालत अधिक खराब थी यहां लगभग 01 महीने पहले से ही बारदाने की कमी के कारण धान की खरीदी लगभग ठप्प कर दी गई थी। दक्षिण बस्तर के किसानों का यह भी कहना है कि यदि किसानों के पूरे धान नहीं खरीदे गए तो धान खरीदी केंद्रों में रखे गए थान को परिवहन नहीं करने दिया जाएगा। ऐसी हालत में धान खरीदी का मामला आगे और भी तूल पकड़ते देखा जा सकता है। कांग्रेस सरकार को घेरने के लिए भाजपा को एक अच्छा मुद्दा मिल गया है, जिसे लेकर भाजपा सड़कों पर है। केशकाल की किसानों के धान खरीदी के निर्देश मुख्यमंत्री के द्वारा दिए जाने के बाद इस मुद्दे को और तूल पकड़ते देखा जा सकता है।

उल्लेखनिय है कि मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद अब 1500 किसानों को राहत मिलेगी। ये किसान अभी तक धान नहीं बेच पाए थे। 24 फरवरी सोमवार को 1500 किसानों से धान खरीदी की उम्मीद जताई जा रही है। केशकाल कांग्रेस विधायक संतराम नेताम से बातचीत के बाद मुख्यमंत्री ने यह निर्देश दिया है। यह सर्वविदित है कि 20 फरवरी से प्रदेश भर में धान खरीदी बंद कर दी गई है। यह व्यवस्था सिर्फ केशकाल के किसानों के लिए किया गया है। बता दें कि कांकेर जिले के केशकाल में मंगलवार (18 फरवरी) को बारदानों की कमी के चलते किसान धान नहीं बेच पा रहे थे।

एसोसिएशन ऑफ इंजीनियरिंग एवं पॉलीटेकनिक महाविद्यालय के 525 शिक्षकों को नहीं मिला सातवां वेतनमान: एसबी वराठे

रायपुर। एसोसिएशन ऑफ इंजीनियरिंग एवं पॉलीटेकनिक कालेज टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एसबी वराठे ने प्रेसक्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में बताया कि प्रदेश के 525 पॉलीटेकनिक शिक्षकों को अब तक सातवां वेतनमान नहीं मिला है। जबकि कालेज में अन्य वर्ग के कर्मचारियों को सातवां वेतनमान मिल चुका है। उन्होंने कहा कि 31 मार्च 2020 की अवधि गुजर गई तो शिक्षक उक्त वेतनमान के लाभों से वंचित हो जाएंगे। पत्रकारवार्ता में कोषाध्यक्ष पुष्पेन्द्र कुमार वर्मा, डॉ. अजय त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से बताया कि उक्त मामले में मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षामँत्री को ज्ञापन सौंपा गया है।

साइंस कॉलेज मैदान में मुख्यमंत्री कन्या विवाह समारोह कल

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे शामिल

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। राजधानी में 25 फरवरी को होने वाले मुख्यमंत्री कन्या विवाह समारोह की तैयारियां तेज हो गई है। शहर के साइंस कालेज मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के अलावा राज्य सरकार के तमाम मंत्री, विधायकगण और गणमान्य नागरिक भी शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह समारोह की तैयारियों को अब अंतिम रूप दिया जा रहा है। साइंस कालेज मैदान को भव्य ढंग से सजाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप सें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल होंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डा. चरणदास महंत करेंगे। कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, मंत्री रविन्द्र चौबे, प्रेमसाय सिंह टेकाम, मोहम्मद अकबर, कवासी लखमा, डा. शिव कुमार डहरिया, श्रीमती अनिला भेड़िया, जयसिंह अग्रवाल, गुरू रूद्र कुमार, उमेश पटेल, अमरजीत भगत, मनोज सिंह मंडावी, सुनील सोनी, श्रीमती छाया वर्मा होंगी। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ नेता सत्यनारायण शर्मा, धनेन्द्र साहू, बृजमोहन अ ग्रवाल, कुलदीप जुनेजा, श्रीमती अनिता योगेन्द्र शर्मा, विकास उपाध्याय, श्रीमती डोमेश्वरी वर्मा, ऐजाज ढेबर तथा प्रमोद दुबे शामिल होंगे।

अजीत जोगी को रायपुर लाया गया

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश के बाद पूर्व सीएम अजीत जोगी को आज स्टेट प्लेन से राजधानी रायपुर लाया गया है। इधर अमित जोगी ने ट्वीट कर सीएम श्री बघेल को धन्यवाद दिया है।

ज्ञात हो कि पूर्व सीएम अजीत जोगी कल अंबिकापुर में अस्वस्थ्य हा गए थे। लगातार आ रहे बेहोशी के बाद उन्हें आनन-फानन में ही अंबिकापुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इधर राजमाता की तेरहवीं में पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को जैसे ही श्री जोगी के तबियत की जानकारी मिली वे सीधे श्री जोगी का हालचाल जानने पहुंचे। इस दौरान उपस्थित चिकित्सकों से उन्होंने श्री जोगी के स्वास्थ्य की जानकारी लेकर बेहतर चिकित्सा मुहैया कराने का निर्देश दिया था। उन्होंने श्री जोगी के लिए हर संभव चिकित्सकीय मदद की भी बात कही थी। इसी क्रम में आज उन्हें स्टेट प्लेन से रायपुर लाया गया है। बताया जाता है कि अब उनका उपचार यहीं राजधानी रायपुर में कराया जाएगा। इधर अजीत जोगी के पुत्र अमित जोगी ने ट्वीट कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद दिया है।